www.epaper.azadsipahi.com
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
26 सितंबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 336

आजाद सिपाही

SURJABASHA

सात साल बाद सोनिया गांधी से एक साथ मिले लालू-नीतीश

बोले : भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता जरूरी, 17 अक्टूबर के बाद फिर मिलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली/ हिसार। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और आरजेडी चीफ लालू यादव ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। मुलाकात के बाद नीतीश ने कहा कि हम देश में कई दलों को एकजुट करना चाहते हैं। सोनिया गांधी ने 17 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद फिर से मिलने के लिए कहा है। लालू-नीतीश की सोनिया से मुलाकात सात साल बाद हुई है। 2015 में बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद नीतीश ने पटना के गांधी मैदान में सीएम पद की शपथ ली थी, जिसमें सोनिया भी शामिल हुई थीं।

सोनिया गांधी से मिलने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू यादव ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान लालू यादव ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला। लालू यादव ने कहा है कि बीजेपी को हटाना है, देश को बचाना है। सबको इकट्ठा होना है। जैसे बिहार में किया है, वैसे ही पूरे देश में करना है। सोनिया गांधी से हम लोगों ने कहा कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। मैडम ने कहा है कि संगठन का चुनाव है। 12 दिन के बाद हम लोग मैडम से फिर से मिलेंगे। उसके बाद सब लोग बैठ कर बात करेंगे। देश तानाशाही की तरफ जा रहा है। गरीबी, बेरोजगारी से जनता परेशान है। विपक्षी नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। हम लोग डरनेवाले नहीं हैं।

दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात के बाद लालू और नीतीश।

अभी कुछ कहना जल्दबाजी : नीतीश

वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सोनिया गांधी से हमारी और लालू जी की बात हुई है। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव है। संगठन के चुनाव के बाद हम लोग फिर से एक बार मिलेंगे। उसके बाद आगे की पूरी रणनीति तय होगी। उन्होंने कहा कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। इसके साथ ही बिहार के सीएम से जब पूछा गया कि पूर्णिया में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार चलनेवाली नहीं है, इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि जब हम लोग पूर्णिया में मीटिंग करेंगे, तो देख लीजियेगा।

मोदी के खिलाफ एकजुट नहीं हो पाया विपक्ष 10 राज्यों के 17 नेताओं को आना था, 5 ही पहुंचे

इससे पहले, रविवार देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 109 वीं जयंती पर हरियाणा के फतेहाबाद में 'सम्मान दिवस रैली' हुई। रैली के लिए इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला ने नीतीश कुमार सहित 10 राज्यों के 17 नेताओं को निमंत्रण दिया था, लेकिन मंच पर 5 बड़े नेता ही दिखे। इनमें नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, एनसीपी चीफ शरद पवार, एसएडी नेता सुखबीर सिंह बादल और सीपीआइ (एम) महासचिव सीताराम येचुरी शामिल थे। इनेलो की रैली में नीतीश कुमार ने कांग्रेस सहित सभी दलों से एक साथ आने की अपील की। नीतीश ने कहा कि ऐसा होने के बाद भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलेगी। वहीं, तेजस्वी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा कि अब एनडीए कहां है? शिवसेना, अकाली दल, जदयू जैसे भाजपा सहयोगियों ने लोकतंत्र बचाने के लिए इसे छोड़ दिया है। इधर, सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि यह नया गठबंधन बनाने के लिए साथ आने का समय है। बादल ने आगे कहा कि एसएडी, शिवसेना और जदयू ही असली एनडीए हैं, क्योंकि हमने इसकी स्थापना की थी। वहीं, शरद पवार ने कहा कि अब 2024 में सरकार बदलने का समय आ गया है।

झारखंड के पलामू में विवाहिता से गैंगरेप

पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया-भलवही गांव पहाड़ी के समीप 22 वर्षीया विवाहिता के साथ छह लोगों द्वारा गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए इसमें शामिल बकोरिया गांव के भोला राम और धर्मेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना में शामिल शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। पीड़ित महिला को मेडिकल जांच के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया है।

ससुराल से मायके आने के दौरान सामूहिक दुष्कर्म : पीड़िता के परिजनों ने सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय को बताया कि शनिवार की रात्रि पीड़िता पाटन थाना क्षेत्र के सुठा से अपनी ससुराल से पैदल अपने मायके मनिका थाना के रेवत गांव जा रही थी। बताया जाता है कि परिवार के लोगों से झगड़ा होने के कारण पीड़िता पैदल ही अपने मायके जा रही थी। शाम होने के कारण ससुराल के लोग उसे घर ले जाने के लिए तुंबागड़ा तक आये थे, लेकिन महिला ससुराल नहीं जाने की जिद पर अड़ी हुई थी। उसकी नाराजगी को देखते हुए परिजनों ने उसे अपने पति के साथ जाने को कहा। इसी क्रम में पीड़िता के पति ने अपने साढ़ू के भाई को बाइक से ससुराल तक छोड़ने के लिए बुलाया था।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी : बताया जाता है कि रात्रि में आरोपियों ने इन दोनों को पकड़ लिया। उसके पति से मोबाइल तथा बाइक छीनकर मारपीट की। पीड़िता के पति को कुछ दूर ले जाकर रखा था। घटना के बाद आरोपी महिला को बाइक पर बैठा कर दूसरी जगह ले जा रहे थे। इसी क्रम में मनिका थाना क्षेत्र के सधवाडीह गांव की ओर से बोलेरो देखते ही महिला चिल्लाने लगी। इससे बाइक असंतुलित होकर गिर पड़ी। हल्ला सुन कर ग्रामीण जमा हो गये और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। मारपीट होते देख आरोपी उसके पति को छोड़ कर फरार हो गये। पीड़िता का पति किसी तरह रात्रि में ही मनिका थाना पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पुलिस शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

बहन से छेड़छाड़ का भाइयों ने किया विरोध, तो दबंगों ने की एक की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। झारखंड के गोड्डा में बहन से हो रही छेड़खानी का दो भाइयों ने विरोध किया। इस पर दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों भाइयों को जम कर पीटा। एक भाई की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा भाई घटनास्थल से कुछ दूर घायल अवस्था में मिला। मृतक का नाम सुनील कुमार मंडल है। घटना नगर थाना क्षेत्र के पुनसिया गांव की है।

जानकारी के मुताबिक सुनील और अनिल की बहन के साथ पड़ोस के गांव का रहने वाला प्रकाश मंडल अक्सर छेड़खानी करता था। इसकी शिकायत बहन ने अपने दोनों भाइयों से की। इसके बाद सुनील कुमार और बड़ा भाई अनिल आरोपी को समझाने गये।

बेरहमी से की पिटाई

दोनों भाइयों पर आरोपी प्रकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया और बुरी तरह पीटा। अधिक चोट लगने की वजह से सुनील की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के छोटे-छोटे दो बच्चे हैं। अनिल को आरोपी किडनैप कर साथ ले गये। आरोपियों ने अनिल को भी बुरी तरह पीटा। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। इसके बाद पुलिस ने छानबीन की, तो अनिल को घायल अवस्था में रामगढ़ रोड की एक झाड़ी से बरामद किया गया। उसकी भी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

मामले में पुलिस का कहना है कि वारदात की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसमें दोषी पाये जाने पर आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

साढ़े 8 घंटे बाद माने प्रदर्शनकारी, अलकनंदा के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

उत्तराखंड की बेटी अंकिता को आखिरी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

ऋषिकेश/श्रीनगर। उत्तराखंड के श्रीनगर में साढ़े 8 घंटे चले प्रदर्शन के बाद रविवार को अंकिता भंडारी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पहले परिवार ने डिटेल्ड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सावर्जनिक करने की मांग कर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। बाद में प्रशासन के समझाने पर परिवार राजी हो गया।

सुबह 9 बजे से लोग हाथ में अंकिता की फोटो लेकर ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर आ गये और रोड जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे। शव को मॉर्चुरी से श्मशान ले जाते वक्त भी प्रदर्शनकारियों ने एंबुलेंस रोकने की कोशिश की। एक महिला एंबुलेंस के सामने लेट गयी। उसे पुलिस ने हटाया।

बाद में अंकिता के पिता ने मॉर्चुरी के बाहर जमा लोगों से भावुक अपील की, जिसके बाद भीड़ छंटने लगी। अंतिम संस्कार अलकनंदा नदी किनारे एनआइटी घाट पर किया गया।

फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी अंकिता मर्डर केस की सुनवाई : पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, अंकिता की मौत पानी में डूबने से हुई। धक्का देने से पहले उसे किसी भारी चीज से पीटा गया।

उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले। रिपोर्ट में सेक्सुअल एब्यूज या रेप का जिक्र नहीं है। इधर, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी।

अंकिता के वॉट्सएप चैट की जांच होगी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता मर्डर केस की जांच के लिए एसआइटी बनायी थी। इसकी इंचार्ज डीआइजी पी रेणुका देवी ने रविवार को बताया कि आरोपी पुलकित आर्य के रिसॉर्ट में काम करने वाले सभी लोगों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। इस बात की भी जांच हो रही है कि पुलकित के रिसॉर्ट को लाइसेंस कैसे मिला और वह कैसे संचालित होता था। डीआइजी ने कहा कि अंकिता की वॉट्सएप चैट की भी जांच की जायेगी।

पिता का सवाल- रिसॉर्ट में सबूत थे, तोड़ा क्यों

ऋषिकेश में अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'जिस रिसॉर्ट में सबूत थे, प्रशासन ने उसे बुलडोजर से क्यों तोड़ा? ऐसा करके सबूत मिटाये गये हैं।' रिपोर्टर ने जब जिले के डीएम विवेक जोगदंडे से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने साफ कहा- रिसॉर्ट पर बुलडोजर चलाने का आदेश किसने दिया, इसकी जांच की जा रही है।

गिरिडीह केंद्रीय कारा के अधीक्षक से दो करोड़ की मांगी रंगदारी, नहीं देने पर जान मारने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। केंद्रीय कारा गिरिडीह के अधीक्षक अनिमेष कुमार चौधरी से दो करोड़ रुपये रंगदारी मांगी गयी है। रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गयी है। व्हॉट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए जेल अधीक्षक को यह धमकी दी गयी है। यह धमकी कुछ दिन पूर्व जेल अधीक्षक के सरकारी वाहन पर सवार प्रभारी कारापाल प्रमोद कुमार सिंह पर हुई गोलीबारी मामले में केंद्रीय कारा गिरिडीह में बंद आशीष कुमार साह को गैर कानूनी सुविधाएं नहीं देने से जुड़ा हुआ है। आशीष 04 सितंबर से गिरिडीह जेल में है। धमकी मिलने के बाद जेल अधीक्षक द्वारा इस संबंध में गिरिडीह एवं बोकारो एसपी को भी सूचना दे दी गयी है। साथ ही अधीक्षक की शिकायत पर प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। हालांकि मामले में अभी पुलिस कुछ नहीं बोल रही है।

व्हाट्सएप कॉल नहीं उठाने पर आया मैसेज : बताया जाता है कि अधीक्षक के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से पहले दो बार व्हाट्सएप कॉल आया। इन दोनों कॉल को अधीक्षक किसी कारणवश नहीं

उठा पाये। इसके बाद उन्हें उसी अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज में कई आपत्तिजनक बातें लिखी हुई थी। इसके अलावा दो करोड़ रुपये की मांग की गयी थी और नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गयी थी। मैसेज भेजनेवाले ने अपना नाम मयंक सिंह लिखा था। मैसेज करनेवाले ने थोड़ी देर बाद मैसेज को डिलीट भी कर दिया था।

मैसेज के बाद फिर व्हाट्सएप कॉल से दी धमकी : बताया जाता है कि मैसेज के बाद पुनः अधीक्षक को उसी अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल से धमकी दी गयी। अधीक्षक को कॉल करनेवाले ने गिरिडीह केंद्रीय कारा के सेल में सुरक्षात्मक कारणों से बंद बंदी आशीष कुमार साह को सेल से नहीं निकालने एवं अन्य गैर कानूनी सुविधाएं नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी तथा रुपए की मांग की गयी।

गिरिडीह केंद्रीय कारा अधीक्षक बोले : प्राथमिकी दर्ज करा दी है

गिरिडीह केंद्रीय कारा अधीक्षक अनिमेष कुमार चौधरी ने कहा कि धमकी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। जेल में बंद कुछ लोग गैर कानूनी सुविधाएं चाहते हैं। नहीं मिलने पर उनके द्वारा इस तरह की धमकी दी जाती है। वे नौकरी करते हैं और दी गयी जिम्मेवारी को सही तरीके से निभाने का प्रयत्न करते हैं। किसी से उनकी कोई अदावत नहीं है।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,800 रु./10 ग्राम
चांदी 57,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

जिसने भारत पर आंखें तरेरी, आज उसकी बर्बादी विश्व देख रहा है

अपने ही बिछाये जाल में फंसता जा रहा है चीन और पाकिस्तान की कमीज उतरनी सिर्फ बाकी है

■ भारत की मजूबती देखनी है, तो पड़ोसी देशों की दुर्दशा देखिये

■ आठ में से पांच पड़ोसियों की स्थिति पूरी तरह बेहाल

■ श्रीलंका तो पहले ही नंगा हो गया, अफगानिस्तान पर दया आने लगी है

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

भारत दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण देश तो है ही, अब समूचे विश्व में एक ऐसी ताकत के तौर पर उभरा है, जिसको वैश्विक शक्तियां नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। भारत का महत्व इससे और भी बढ़ गया है कि रूस जैसे मित्र देश?ने भी यूक्रेन युद्ध के मामले पर भारत की मध्यस्थता को खुले दिल से स्वीकार कर लिया है। भारत की सीमाएं अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, चीन, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश तथा समुद्री सीमा मालदीव से मिलती हैं। किसी भी देश के लिए अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ाने के लिए पड़ोस को सुव्यवस्थित करना अनिवार्य है। लेकिन भारत का पड़ोस पूरी तरह अस्थिर हो गया है। अगर यह कहा जाये कि जिन-जिन पड़ोसियों ने भारत को आंखें तरेरी, साजिश रची, वे सभी बुरे दौर से गुजर रहे हैं। अपनी साम्राज्यवादी नीतियों के कारण चीन लगातार अपने ही बुने जाल में फंसता जा रहा है, जबकि पांच अन्य पड़ोसियों की हालत बेहाल है। पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल और अफगानिस्तान आज चीन द्वारा बिछाये गये जाल में फंस कर छटपटा रहे हैं, जबकि भारत मजबूती के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के साथ-साथ देशवासियों का देश को आगे ले जाने के संकल्प को जाता है। पिछले आठ साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी पड़ोस नीति में गुणात्मक परिवर्तन किया है। भारत द्वारा पड़ोसी देशों में लोकतांत्रिक शक्तियों को नैतिक सहायता दी गयी। इसके बावजूद चीन और उसकी शह पर पाकिस्तान लगातार छद्म युद्ध के रूप में भारत में आतंकवाद को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन लगातार भारत की क्षेत्रीय अखंडता को विघटित करने का प्रयास करता रहा है, लेकिन अब भारत चीन से आंख से आंख मिला कर बात कर रहा है, आंखें झुका कर नहीं। पाकिस्तान और चीन के रुख की ओर देखते हुए भारत ने अब पड़ोसी देशों को सुव्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। भारत की इस कूटनीतिक ताकत का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

मोदी का प्रयास और भारतवासियों के संकल्प से आगे बढ़ रहा देश

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में उड़ रही अफवाहों के बीच अब इस बात की चर्चा होने लगी है कि भारत अपने पड़ोसियों के मुकाबले इतना स्थिर और निरापद क्यों है। क्या यह भारत की विविधता और उसकी संवैधानिक संस्थाओं के ताकतवर होने का परिणाम है या फिर भारत का मजबूत नेतृत्व इसके लिए जिम्मेदार है। इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए कुछ दिन पहले भारत के एक पड़ोसी श्रीलंका की स्थिति पर विचार करना होगा। यह तो सभी जानते हैं कि श्रीलंका के नाम से अब श्री हट चुका है। एक संप्रभु देश किस तरह मुफ्तखोरी और कर्ज लेकर घी पीने की आदत के कारण बर्बादी के कगार पर पहुंच गया, यह पूरी दुनिया ने देखा है। सवाल यह है कि यह हुआ कैसे। दरअसल श्रीलंका का नेतृत्व चीन द्वारा बिछाये गये जाल में ऐसा फंसा कि उससे निकलने के लिए वह जितना भी हाथ-पैर मारता, फंदा कसता गया। सच कहा जाये, तो चीन ने अपने वर्चस्व को साबित करने के लिए श्रीलंका को पूरी तरह अपने जाल में फांस लिया। उसकी चाल थी कि वह श्रीलंका के कंधे पर बंदूक रख कर भारत पर गोली दागे। क्योंकि चीन इसमें विश्वास करता है कि पड़ोस की बदहाली का असर पड़ोसी देश पर पड़ता है, लेकिन श्रीलंका का कोई असर भारत में दिखाई नहीं दिया।

यहां से असली कहानी शुरू होती है। चीन के बारे में जो अफवाहें फैल रही हैं और शी जिनपिंग जिस तरह परिदृश्य से गायब बताये जा रहे हैं, उससे यह धारणा जोर पकड़ने लगी है कि चीन भी तेजी से बर्बादी की ओर आगे बढ़ रहा है। अपनी साम्राज्यवादी नीतियों और हथियारों के बल पर दुनिया पर शासन करने के उसके सपने ने उसकी कमर तोड़ कर रख दी है। चीन की इस हालत के बाद भारत के दूसरे पड़ोसी देशों को अब आभास हो जाना चाहिए कि भारत एक सच्चा साथी है, जो बिना भेदभाव के उदार मन से उनकी यथासंभव मदद करता है। अस्थिर पड़ोसी देशों के लोकतांत्रिक सशक्तीकरण के लिए भारत तैयार भी है।

लेकिन क्या यह महज एक दुर्योग ही है कि पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, और म्यांमार फिलहाल राजनीतिक एवं आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। अगर हम पिछले कुछ वर्षों का जायजा लें, तो मालदीव और नेपाल भी कई बार राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के शिकार रहे हैं। भारत के इन सभी पड़ोसी देशों को नाजुक देश कहना ज्यादा उचित होगा। यहां तक की ईरान में भी अब विरोध के स्वर गूंजने लगे हैं। वहां की महिलाएं अब वहां के शासन के खिलाफ सड़क पर उतर चुकी हैं। हिजाब नहीं पहनने पर वहां के शासन ने एक युवती पर ऐसे जुल्म ढाये कि उसकी मौत हो गयी। इस घटना ने पूरे ईरान की महिलाओं को झकझोर कर रख दिया है। जिस हिजाब पर इरान में राजनीति होती थी, अब उसको ही वहां की महिलाओं ने उतार कर फेंकना शुरू कर दिया है। महिलाएं वहां शासन के खिलाफ तन कर खड़ी हो गयी हैं।

चलिए पाकिस्तान की ही बात कर लेते हैं। उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी है कि उसकी इज्जत महज एक फटी हुई कमीज से ढकी हुई है। विश्व में उसे भिखमंगा की संज्ञा से जाना जाने लगा है। यह देश कई देशों के सामने हाथ फैलाते हुए दिख जायेगा। इनकी हालत ऐसी है कि इन्हें कर्ज का इंटरेस्ट देने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है। पाकिस्तान आर्थिक रूप से ध्वस्त हो चुका है। कभी भी वहां भूचाल आ सकता है। उसकी स्थिति देख कर साफ हो जायेगा कि भारत क्यों एक स्थिर लोकतंत्र और बेहतर शासित देश बना, जबकि पाकिस्तान सैन्य तानाशाही और सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता के दुष्चक्र मे फंसा रहा? दरअसल भारत के विभाजन की मांग और एक नये राष्ट्र पाकिस्तान को केवल इस्लाम के आधार पर खड़ा करना बुनियादी भूल थी। पाकिस्तान में राष्ट्र निर्माण नहीं हो सका, क्योंकि उसका अस्तित्व ही कृत्रिम और अस्वाभाविक था। वहां की सरकार की नीति हमेशा से यही रही कि भले ही खाने को अनाज न हो, लेकिन भारत से लड़ने के लिए हथियार चाहिए। इसी नीति ने पाकिस्तान को चीन और अमेरिका की जाल में फंसा दिया और उसे तबाही के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। वहां दूध से लेकर पाव रोटी के दाम आसमान छू रहे हैं, जबकि वहां की सरकार एटम बम बनाने में अपना शान समझ रही है। पाकिस्तान सरकार का इस बात से कोई लेना देना नहीं कि वहां की जनता की भूख को कैसे मिटाया जाये। उसे तो बस भारत को आंख दिखाने के लिए हथियार चाहिए। इसके बरअक्स भारत को देखने पर साफ हो जाता है कि भारत बहुत खुशहाल है, क्योंकि यहां कभी इस तरह की कूटनीति को प्रोत्साहन नहीं दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति में कहा जाता है कि अस्थिर देशों में संकट सर्वव्यापक होते हैं। इनमें राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और संवैधानिक तत्व शामिल रहते हैं। जब भी ऐसे देशों में सत्ताधारी खतरे में पड़ते हैं, तब वे संविधान के साथ खिलवाड़ करने से भी परहेज नहीं करते, क्योंकि वहां लोकतांत्रिक संस्थानों को पवित्र नहीं माना जाता। चीन के अलावा श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में ठीक यही हुआ और इसी कुकृत्य का नतीजा आज ये देश भुगत रहे हैं। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अफगानिस्तान की वर्तमान दयनीय स्थिति न सिर्फ उनके उच्च वर्ग और नेताओं की नाकामी के कारण है, बल्कि बाहरी ताकतों के कुचक्र का भी नतीजा है। जो राज्य नाजुक होते हैं, वे बुरी नजर वाली बड़ी शक्तियों की कठपुतली बनने की दृष्टि से जोखिम की स्थिति में होते हैं।

अस्थिर देशों की आंतरिक वैधता क्षीण होती है। ऐसे में उनके शासकों को बाहर की बड़ी ताकतों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं। इस प्रकार वे अपने देश की संप्रभुता को गिरवी रख देते हैं। श्रीलंका और पाकिस्तान, दोनों देश चीन के मोहताज रहे हैं। कर्ज के बोझ तले इन देशों को चीन ने उपनिवेश समझ कर शोषण किया और उनकी बदौलत दक्षिण एशिया में भारत के विरुद्ध मोर्चा खड़ा करने की योजना बनायी। चीन ने इन देशों में कर्ज का जाल बिछाया, लेकिन आज जब ये देश वित्तीय संकट में हैं, तब उनकी मदद करने के उत्तरदायित्व से उसने चालाकी से हाथ पीछे खींच लिये।

इसके विपरीत भारत में पूरी तरह स्थिरता है, राजनीतिक और आर्थिक भी। यह इसलिए है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी कूटनीति को सच्चे अर्थों में ग्लोबल बनाये रखा। उसने कभी अपने पड़ोसियों पर धौंस नहीं दिखायी, लेकिन कभी धौंस में आया भी नहीं। जैसे को तैसा की तर्ज पर भारत ने बता दिया कि न्यू इंडिया में बहुत कुछ बदल चुका है। यह सही है कि यह सब इतना आसान नहीं है, लेकिन भारत ने यह कर दिखाया है।

भारत आज अगर शान से खड़ा है, तो इसके दो प्रमुख कारण हैं। पहला यह कि हथियार के सौदागर देशों के चंगुल में न फंसने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता का रास्ता चुना। उसने स्वदेशी हथियारों के इस्तेमाल का संकल्प लिया। इससे फायदा यह हुआ कि हथियारों की खरीद में भारी-भरकम दलाली की रकम बच गयी और हथियार भी मन मुताबिक तैयार होने लगे। इन हथियारों की गुणवत्ता से विश्व भी वाकिफ हो गया और अब तो अमेरिका तक भारत से हथियार खरीदना चाहता है। दूसरा कोरोना महामारी में जिस तरह अमेरिका से लेकर चीन तक ने अपने हाथ खड़े कर लिये। अपने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया। महामारी का इलाज करने के बजाय चीन ने उसे दबाने का प्रयास किया, उसका दुष्परिणाम यह हुआ कि वहां जमाखोरी को पनाह मिल गयी। लोगों की जेब कटी और जमाखोर मोटे हो गये, दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री ने कोरोना काल में जिस संकल्पबद्धता के साथ कार्य किया, उसका परिणाम यह हुआ कि कोरोना महामारी में लाखों लोगों की नौकरी छूटने के बाद उन्हें भूखों मरने की नौबत नहीं आयी। भारत सरकार ने देश के 80 फीसदी लोगों को मुफ्त में अनाज दिया, साथ में दवा फ्री। खाना और दवा फ्री मिलने से हमारा देश जमाखोरों के चंगुल में नहीं फंसा। अगर मुफ्त में अनाज और कोरोना का दवा नहीं दी गयी होती, तो देश के जमाखोर गरीबों की जेब में डाका डाल चुके होते और देशवासी मौत और कर्ज के जाल में समा गये होते। सच कहा जाये तो मोदी के विजन के कारण कोरोना जैसी महामारी की मौत हो गयी। आज जो लोग राजनीति चमकाने की खातिर देश में महंगाई को मुद्दा बना रहे हैं, वे यह भूल जाते हैं कि आज भी हमारे देश में गरीबों के लिए बहुत सारी योजनाएं फ्री में चल रही हैं। राज्य सरकारों से लेकर केंद्र सरकार तक सब्सिडी में अनाज, पानी, बिजली आदि सुविधाएं दे रही हैं। इसका असर यह है कि इक्का-दुक्का अपवाद को छोड़ दिया जाये, तो भूख से मरनेवालों की संख्या नहीं के बराबर है।

यह भारत के नेतृत्व और देशवासियों के संकल्प के कारण संभव हुआ है। भारत की मजबूती का मूल मंत्र है हम भूख से किसी को नहीं मरने देंगे। यह केंद्र से लेकर राज्य सरकारों तक संकल्प तो है ही, हर देशवासी भी इस मूलमंत्र को आत्मसात कर रहा है। कोई भी व्यक्ति किसी को भूख से मरते देखना नहीं चाहता। यही है भारत के आगे बढ़ने का राज।

पूर्व मंत्री योगेंद्र साव निकले जेल से बाहर

पिता को लेने केंद्रीय कारा पहुंची थीं अंबा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हजारीबाग के बड़कागांव हिंसा मामले में रांची के होटवार जेल में बंद पूर्व मंत्री योगेंद्र साव रविवार को बाहर निकले। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को झारखंड हाइ कोर्ट से जमानत मिली थी। हाइकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुजनाथ की खंडपीठ ने योगेंद्र साव को जमानत की सुविधा प्रदान की थी। योगेंद्र साव के जेल से बाहर निकलने की सूचना पर बड़ी संख्या में समर्थक जेल के बाहर जुट गये थे। योगेंद्र साव की विधायक बेटी अंबा प्रसाद खुद पिता को लेने के लिए जेल पहुंची थीं। जेल से निकलने के बाद कारों के काफिले के साथ योगेंद्र साव हजारीबाग चले गये। बता दें कि योगेंद्र साव की पत्नी और विधायक अंबा प्रसाद की मां निर्मला देवी अभी भी जेल में ही बंद हैं।

बता दें कि एनटीपीसी के जमीन अधिग्रहण के खिलाफ चिरूडीह में प्रदर्शन के दौरान हुई गोलीबारी मामले में निचली अदालत ने योगेंद्र साव को दस साल की सजा सुनायी है। उक्त आदेश के खिलाफ उनकी ओर से हाइकोर्ट में अपील दाखिल की गयी थी। इसी दौरान उनकी ओर से अदालत से जमानत दिये जाने की गुहार लगायी गयी थी।

मोरहाबादी में दिनदहाड़े जनवरी में की थी कालू लामा की हत्या

मुख्य आरोपी सोनू शर्मा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपराधी कालू लामा की बीते 27 जनवरी को लालपुर थाना क्षेत्र के वीआइपी एरिया मोरहाबादी मैदान में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी लव कुश शर्मा का भाई सोनू शर्मा को रांची पुलिस ने चतरा से गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि सोनू शर्मा अपने सहयोगियों के साथ चतरा और गया जिले की सीमा पर स्थित हंटरगंज में शराब पीने आया हुआ ह। मिली सूचना के आधार पर चतरा पुलिस के सहयोग से रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सोनू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। सोनू शर्मा की रांची पुलिस को तीन मामलों में तलाश थी।

आपसी गैंगवार में मारा गया था कालू लामा : अपराधी लवकुश शर्मा और कालू लामा गिरोह के बीच हुए गैंगवार में कालू लामा मारा गया था, जबकि उसका भाई राजू और एक और युवक शुभम विश्वकर्मा घायल हो गये थे। मौके पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज में लवकुश शर्मा गैंग के अपराधी गोलियां चलाते हुए देखे गये थे। पांच की संख्या में आये अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। कालू लामा के जेल से बाहर निकलने के बाद लवकुश शर्मा ने उसके साथ मिल कर काम करने का ऑफर दिया था। दोनों के बीच एक साथ काम करने को लेकर मीटिंग भी हुई थी, लेकिन कालू लामा ने लवकुश की बात मानने से इनकार कर दिया था।

सोनू शर्मा को डर था कि कालू लामा उसकी हत्या कर देगा : लवकुश शर्मा का भाई सोनू शर्मा इस बात को लेकर घबराने लगा था कि कहीं कालू लामा उसकी हत्या न करा दे। इसके बाद दोनों भाइयों ने बिहार से शूटर बुला कर घटना को अंजाम दिया। दोनों गिरोह के बीच एदलहातू में एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके बाद सोनू शर्मा ने कालू लामा की गोली मार कर हत्या कर दी।

अर्जुन मुंडा की पहल पर नेशनल गेम्स में भाग लेने हवाई जहाज से गुजरात जायेगी तीरंदाजी टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर झारखंड की तीरंदाजी टीम हवाई जहाज से गुजरात जायेगी। गुजरात में नेशनल गेम्स का आयोजन होना है। पिछले कुछ दिनों से ट्रेनों के लेट चलने के कारण तीरंदाजी टीम का समय पर गुजरात पहुंचने में होने वाली समस्या को देखते 24 सदस्यीय तीरंदाजी टीम को हवाई जहाज से भेजने की व्यवस्था अर्जुन मुंडा के स्तर से की गयी है। अब 28 सितंबर को अहमदाबाद में 8 अक्टूबर तक चलने वाले नेशनल गेम्स में शामिल होने टीम जहाज से रांची से रवाना होगी। टीम को भेजने के इंतजाम के साथ ही अर्जुन मुंडा ने झारखंड तीरंदाजी टीम से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जमशेदपुर में भेंट की। सभी तीरंदाजों को किट दिया। अच्छा प्रदर्शन करने को उत्साह वर्धन भी किया। खिलाड़ियों ने इसे खास पल बताया।

रघुवर सरकार में बंद हुए 5600 स्कूल फिर खुलेंगे

कैबिनेट में प्रस्ताव लायेगी हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रघुवर सरकार के शासन काल में झारखंड में विलय हुए 5600 स्कूलों को फिर से खोला जायेगा। इन स्कूलों को खोलने की तैयारी अंतिम चरण में है। बंद हुए वैसे स्कूल जहां के भवन जर्जर हैं, उन्हें नहीं खोला जायेगा, जबकि अन्य स्कूलों में पढ़ाई फिर से शुरू की जायेगी। संबंधित स्कूल में जो शिक्षक कार्यरत थे, उन्हें दूसरे स्कूलों से वापस लाकर पदस्थापित किया जायेगा। वहीं, पोषक क्षेत्र में आने वाले बच्चों को इसी स्कूल में पढ़ाया जायेगा।

राज्य सरकार इसका प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में लाने की तैयारी कर रही है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने पिछले महीने ही शिक्षा सचिव से इसकी जिलावार रिपोर्ट तलब की थी। हालांकि शिक्षा मंत्री को अभी रिपोर्ट नहीं मिली है, कारण सभी जिलों से अंतिम रिपोर्ट नहीं आयी है। सभी जिलों को रिपोर्ट भेजने के लिए अगले सप्ताह तक का समय दिया गया है। अक्तूबर में दुर्गा पूजा के बाद इसे खोलने की कार्रवाई की जायेगी।

इससे पहले कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा और इसे पास कराया जायेगा। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने दो दिन पूर्व इस मामले की फिर से समीक्षा की। उन्होंने विभाग को जल्द से जल्द रिपोर्ट मंगा कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। स्कूलों के विलय होने के बाद कई स्कूल के भवनों को दूसरे विभागों को दिया गया। उसे भी चिह्नित कर वापस लेने की कार्रवाई की जायेगी। विलय हुए स्कूलों को खोलने का वादा झामुमो ने झारखंड विधानसभा चुनाव के अपने घोषणा पत्र में किया था। अब उसे पूरा करने की ओर सरकार कदम उठा रही है।

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि पिछली सरकार ने विलय के नाम पर स्कूलों को बंद कर दिया था। इससे सुदूरवर्ती इलाकों के गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हो गये थे। झारखंड सरकार अब इन स्कूलों को खोलेगी। जहां के भवन जर्जर होंगे, उन्हें छोड़, बाकी सभी विलय हुए स्कूलों को खोला जायेगा।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.2 °C	23.2 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.42 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.38 बजे

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
03

आज से नवरात्र की शुरुआत मां दुर्गा के भक्तों में उल्लास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दो साल तक कोरोना महामारी का दंश झेलने के बाद पहली बार इस वर्ष धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। इस पर्व को लेकर मां दुर्गा के भक्तों में काफी उल्लास देखने को मिल रहा है। मातृशक्ति का यह महापर्व पितृपक्ष मेले के समापन के अगले दिन यानी 26 सितंबर से कलश स्थापना के साथ शुरू होगा, पूजा को लेकर पूजा समितियों की ओर से शहर के अलग-अलग जगहों पर बड़े-बड़े और आकर्षक पूजा पंडाल तैयार किये जा रहे हैं, जो लोगों के मन को मोह लेंगे। कोरोना काल के दो साल बाद इस वर्ष मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों के अलावे पूरे शहर में 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता' के मंत्र गुंजायमान होंगे। दुर्गा पूजा के अवसर पर रामलीला मंच और विजयादशमी के दिन रावण दहन का भी आयोजन होता है। वहीं पूरे शहर में इस महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। मंदिरों, पंडालों के अलावा लोगों घरों में भी नवरात्रि अनुष्ठान की तैयारियों में लग गये हैं। पंडितों के अनुसार इस बार कलश स्थापना का दिन भर शुभ मुहूर्त है। कलश स्थापना के बाद भक्त माताराणी के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही नव दिनों तक चलने वाला चंडीपाठ की शुरूआत हो जायेगी। नवरात्र का समापन चार अक्टूबर को होगा, जबकि विजय दशमी पांच अक्टूबर को मनायी जायेगी।

नवरात्रि को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल : कोरोना संकट के कारण माता दुर्गा के भक्त दो वर्षों तक पूजा-अर्चना नहीं कर पाये थे। इस बार कोरोना का असर कम होने के कारण नवरात्रि को लेकर बाजार में काफी चहल-पहल है। फलों और पूजा सामग्री की दुकानों के अलावा कपड़ों की दुकानों में भी ग्राहको की अच्छी भीड़ देखी जा रही है।

श्रीश्री दुर्गा बाड़ी में हुआ महिषासुरमर्दिनी का भव्य मंचन
मां का आशीर्वाद पाने को उमड़ी थी श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्री हरी सभा और दुर्गा पूजा समिति (श्री श्री दुर्गा बाड़ी) अल्बर्ट एक्का चौक के प्रांगण में महिषासुरमर्दिनी का मंचन हुआ। इसकी प्रस्तुति उदिति क्लासिकल एंड मॉडर्न डांस इंस्टीट्यूट रांची के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम श्री श्री दुर्गा बाड़ी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य के द्वारा कलाकारों एवं आगंतुकों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत उदिति ग्रुप की संचालिका एवं प्रख्यात नृत्यांगना सह प्रशिक्षक रूपा डे एवं नर्तक सह कोरियोग्राफर सुरोजित जोश के निर्देशन में नृत्य ड्रामा प्रस्तुत किया गया। इसमें तकरीबन 60 नृत्य ड्रामा से जुड़े कलाकारों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन श्री दुर्गा बाड़ी के सह सचिव सेतांक सेन ने किया। बंग समाज के लोगों के लिए महालया के इस कार्यक्रम में किसी भी रूप में जुड़ पाना मां का आशीर्वाद माना जाता है। कलाकारों की भव्य वेशभूषा, सुमधुर संगीत, सधा हुआ नृत्याभिनय एवं कलात्मक विद्युत व्यवस्था ने पूरी प्रस्तुति में चार चांद लगा दिये। लगभग एक घंटे 40 मिनट की प्रस्तुति के दौरान सारे दर्शक मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम का रसास्वादन करते रहे। इसमें विशेषतः मां पार्वती के रूप में रूपा डे, शिव के रूप में सुरोजित जोश, दुर्गा के रूप में पूर्णिमा संतारा, महिषासुर के रूप में नारायण, शिव के रूप में सूरोजीत जोश, साथ ही मां भगवती के नौ रूपों हेतु स्कंदमाता के रूप में शिप्रा, कात्यायनी के रूप में भाव्या, शैलपुत्री के रूप में नित्या, चंद्रघंटा के लिए पलक, ब्रह्मचारिणी हेतु आइवी, कुष्मांडा के रूप में सुलाता, कालरात्रि के रूप में सिमी, महागौरी के रूप में सुभाषिनी, सिद्धिदात्री के रूप में झीली, इंद्र के रूप में अमित, चांद के रूप में गगन, रक्तबीज के रूप में नीरज, देव दानवों के रूप में रोशन, अजय प्रदीप, पारस, साथ ही रंभा के रूप में श्रेया, शारण्य के रूप में उर्वशी एवं विशेष भूमिका में प्रियदर्शनी कोंकणा, आरुषि अनन्या, तनुश्री, सुभाश्री, सारा, मैत्री, आद्रिका, आरिनी के साथ साथ और भी कलाकार रहे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के श्वेतांक सेन, श्यामल रॉय, संदीप चौधुरी प्रदीप रॉय, जयंत कर, देवनाथ गांगुली आदि लोगों की आम भूमिका रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर दुर्गा बाड़ी के सह सचिव श्यामल रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए रांची शहर में विभिन्न समितियों द्वारा निर्मित पूजा पंडालों में अधिक से अधिक सुविधाएं मिले। दुर्गा पूजा में पूजा पंडालों को देखने के लिए रांची शहर में दूर दराज से आने वाले एवं रांची शहर के निवासियों को पूजा घूमने में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। इसी निमित्त रविवार को उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने रांची के विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया।

समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया : कुछ दिन पूर्व रांची नगर निगम सभागार में आयोजित सभी पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कला संगम क्लब ढिबरी पट्टी अपर बाजार रांची के प्रतिनिधियों के द्वारा पुराने घर, जो कभी भी गिर सकता है, संबंधित समस्या से बैठक में अवगत कराया गया था। उसी समस्या को देखने को उक्त स्थान पर पहुंचे। विकट स्थिति देख जल्द समाधान हेतु संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिया।

पूजा पंडालों में सुविधाओं का जायजा लिया : अपर बाजार स्थित राजस्थान मित्र मंडल द्वारा निर्मित भव्य पूजा पंडाल का निरीक्षण के क्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक पुरोहित द्वारा समस्याओं से अवगत कराया। उपमहापौर ने पूजा पूर्व सभी समस्याओं के समाधान की बात कही। निरीक्षण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुनील यादव, पंकज कुमार, रांची नगर निगम के इंजीनियर सहित पूजा समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कार्य में सफलता। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा।

वृष सरकारी विवाद से मुक्ति मिलेगी। आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति।

मिथुन भाग्य प्रबल है। सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति। सेहत अच्छा रहेगा।

कर्क कार्यों में प्रगति। पारिवारिक सुख-शांति। नौकरी में पदोन्नति होने की संभावना।

सिंह लापरवाही से परेशानी। मित्रों से सहयोग। कार्य में सफलता। अचानक धनलाभ हो सकता है।

कन्या नौकरी में उन्नति। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता। आवश्यक कार्य पूरा होगा।

तुला व्यापार रोजी, रोजगार में उन्नति। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

वृश्चिक कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि। संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति।

धनु विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। कार्य करने का अवसर। शत्रुओं पर विजय। आर्थिक लाभ।

मकर नयी योजनाएं बनेगी। घर में सुख-शांति का वातावरण। धन-द्रव्य का लाभ होगा।

कुंभ कठिन परिश्रम से लाभ। कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें। स्वजन-कुटुंबियों का सहयोग।

मीन आर्थिक स्थिति में सुधार। नौकरी में बदलाव होने की संभावना। महत्वाकांक्षा पूरी होगी।

आजसू की असल पूंजी वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं : प्रो विनय भरत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को आजसू की प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। बैठक में अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश पदाधिकारियों, विश्वविद्यालय प्रभारी, अध्यक्ष और महासचिव, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी और जिला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने की, जबकि बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह शिक्षाविद प्रो विनय भरत शामिल हुए। बैठक में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की वर्तमान सांगठनिक स्थिति की समीक्षा की गयी और संगठन को और सुदृढ़ और धारदार बनाने के लिए गहन चर्चा की गयी।

नये कार्यकर्ताओं को गढ़ने में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अहम योगदान : बैठक के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रो विनय भरत ने कहा कि बैठक में शामिल सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता आजसू की असल पूंजी हैं। नये कार्यकर्ताओं को गढ़ने में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का योगदान अहम होनेवाला है। प्रो विनय भरत ने भावी कार्यक्रमों को लेकर सभी पदाधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा की तथा संगठन विस्तार तथा सदस्यता अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि हमें बैठना नहीं है। हमेशा संघर्षरत रहना है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को जागृत रखना है और परिणाम की चिंता किये बिना आगे बढ़ते रहना है। सांगठनिक मजबूती के लिए नवयुवकों के बीच संगठन की विचारधारा को लेकर जाना है। आजसू आंदोलन की उपज है। आजसू की विचारधारा से स्वतः युवा जुड़ना चाहते हैं, ऐसे युवाओं को चिह्नित कर संगठन में दायित्व देने की आवश्यकता है, तभी सफलता मिलेगी।

लक्ष्य पूर्ति में आजसू अपना अहम योगदान निभायेगा : आजसू पार्टी के एक लाख सक्रिय सदस्य, दस लाख साधारण सदस्य बनाने की लक्ष्य पूर्ति में आजसू अपना अहम योगदान निभायेगा। इसी क्रम में संगठन को राज्य के सभी प्रखंडों और विश्वविद्यालयों तक विस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। उक्त बातें आजसू के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को आगामी 20 अक्तूबर तक सभी महाविद्यालयों में इकाई गठन संपन्न करने हेतु अविलंब महाविद्यालय प्रभारी का मनोनयन करने को कहा गया है, जबकि पूर्व की तरह प्रखंड और जिला इकाई का गठन निर्बाध चलता रहेगा।

ये लोग रहे मौजूद : इस बैठक में हरीश कुमार, गौतम सिंह, गदाधर महतो, सोनू सिंह, नीरज वर्मा, संदीप सिन्हा, रविन्द्र नाथ ठाकुर, ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, कृष्णा महतो, कीर्ति कुमार, हीरालाल महतो, राजेश महतो, हेमन्त पाठक, विशाल महतो, राजकिशोर महतो, विमलेश मंडल, देवा महतो, अनुराग भारद्वाज, राहुल मिश्रा, अभिषेक राज, नीतीश सिंह, राजकिशोर महतो, अनुराग पासवान, गोकुल यादव आदि ने हिस्सा लिया।

फ्रॉड प्रीवेंशन एंड ऑडिट
झारखंड को मिला बेस्ट परफॉर्मर का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बेस्ट परफोर्मिंग स्टेट ऑन फ्रॉड प्रीवेंशन एंड ऑडिट में झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप परफॉर्मर का पुरस्कार मिला है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना की चौथी वर्षगांठ 23 सितंबर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की पहली वर्षगांठ पर 26 सितंबर को दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय आरोग्य मंथन समारोह में यह पुरस्कार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा दिया जायेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वीके पॉल भी उपस्थित थे। बताते चलें कि 25 और 26 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण नयी दिल्ली के द्वारा आरोग्य मंथन का आयोजन किया गया है। इसमें कुल बारह सत्र रखे गये हैं। पहले दिन भारत में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, डिजिटल स्वास्थ्य में अंतर-परिचालनीयता को बढ़ावा देना, पीएम जय की दक्षता को बढ़ाना, डिजिटल हेल्थ को अपनाना, साक्ष्य सूचित पीएम जय निर्णय के लिए स्वास्थ्य तकनीक आकलन और डिजिटल स्वास्थ्य से संबंधित गोपनीयता और सुरक्षा संबंधित मुद्दों पर सत्र है। दूसरे दिन के सत्रों में एबीडीएम को लागू करनेवाले राज्यों की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभ्यास, भारत में डिजिटल स्वास्थ्य बीमा, राज्यों द्वारा पीएम जय सर्वश्रेष्ठ अभ्यास, डिजिटल स्वास्थ्य में अंतरराष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ अभ्यास, पहुंच सुनिश्चित करना, पीएम-जेएवाई के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में वहनीयता व गुणवत्ता और भारत में डिजिटल स्वास्थ्य के लिए आगे की राह शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में झाररखंड को बेस्ट परफोर्मिंग स्टेट ऑन फ्रॉड प्रीवेंशन एंड ऑडिट का पुरस्कार मिला है।

ग्रामीण विकास विभाग ने जारी किया आदेश
सभी मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर किया जायेगा इनरॉल, इसी के जरिये होगा भुगतान

कई पंचायतों में अब भी पूर्व मुखिया गलत तरीके से कर रहे भुगतान

आजाद सिपाही सवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने मनरेगा मजदूरी भुगतान के लिए सभी मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर दो दिन के अंदर इनरॉल करने का आदेश दिया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने सभी उपविकास आयुक्तों सह जिला कार्यक्रम समन्वयक को पत्र लिखा है। विभाग ने कार्य की महत्ता को देखते हुए और कार्यहित में सभी मुखिया, जिनका कार्यकाल पूर्ण हो गया, उनका डिजिटल सिग्नेचर वापस लेने का भी आदेश दिया है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी पुराने मुखिया, पंचायत सचिव, जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है, उनका डिजिटल सिग्नेचर इनरॉल न हो।

दरअसल, कई परिवाद और शिकायतें विभाग को मिले हैं कि अब भी पुराने मुखिया, जो चुनाव हार चुके हैं, उनके हस्ताक्षर से मजूदरी भुगतान सहित अन्य भुगतान हो रहा है। कई पंचायतों में अनियमित तरीके से राशि का भुगतान किया गया है। विभाग ने इस पर कड़ी नाराजगी जतायी है और इसे मनरेगा एक्ट का उल्लंघन भी बताया है। यह बात भी सामने आयी है कि कई वर्तमान मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर इनरॉल नहीं होने से मजदूरों का ससमय मजदूरी भुगतान नहीं हो पा रहा है। बता दें कि मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी देना अनिवार्य है, समय पर मजदूरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाता है। केंद्र सरकार ने मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में ई-एफएमएस लागू किया ह, ताकि मनरेगा अंतर्गत विभिन्न मदों में हो रहे व्यय का भुगतान पंचायत स्तर पर इएफएमएस के माध्यम से किया जा सके। लेकिन मनरेगा सॉफ्ट के प्रतिवेदन से यह बात सामने आ रही है कि राज्य की कुछ ग्राम पंचायतों में डिजिटल सिग्नेचर अब तक इनरॉल नहीं किया गया है, जिसके कारण मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। ऐसे में विभाग ने सारे मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य किया है।

लोहरदगा पुलिस ने 18 इनामी नक्सलियों के पोस्टर जारी किये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड से नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अब लोहरदगा पुलिस ने भाकपा माओवादी के 18 इनामी नक्सलियों के पोस्टर जारी किये हैं। इन नक्सलियों में 15 लाख का इनामी नक्सली रिजनल कमांडर रविंद्र गंझू, 15 लाख का इनामी छोटू खेरवार शामिल है।

रविवार को जारी पुलिस के पोस्टर में नक्सलियों की पूरी जानकारी दी गयी है। पोस्टर में नक्सलियों के नाम, पता, इनाम की राशि के बारे में बताया गया है। नक्सलियों के बारे में सूचना देनेवाले का नाम पुलिस गोपनीय रखेगी। पुलिस के पोस्टर में जिन 18 इनामी नक्सलियों के नाम हैं, उनमें 15 लाख का इनामी रिजनल कमांडर रविंद्र गंझू, 15 लाख का इनामी छोटू खेरवार, दस लाख का इनामी जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझू, दस लाख का इनामी जोनल कमांडर नीरज सिंह खेरवार, दस लाख का इनामी चंदन सिंह खेरवार, पांच लाख का इनामी शीतल मोची, पांच लाख का इनामी अघनू गंझू, पांच लाख का इनामी खुदी मुंडा, पांच लाख का इनामी संतु भुइयां, पांच लाख का इनामी रंथु उरांव, पांच लाख का इनामी चंद्रभान पाहन, पांच लाख का इनामी गोबिंद बिरिजिया, दो लाख का इनामी लाजिम अंसारी, दो लाख का इनामी राजू भुइयां, दो लाख का इनामी अनिल तुरी, दो लाख का इनामी कजेश गंझू, दो लाख का इनामी राज हेमंत असुर के नाम शामिल हैं।

कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू/पुरुलिया। पश्चिम बंगाल के कुसतौर रेलवे स्टेशन और खेमाशूली रेलवे स्टेशन में आदिवासी कुड़मी समाज का पांच दिनों से चला आ रहा आंदोलन रविवार की अहले सुबह समाप्त हो गया। शनिवार को ही यह आंदोलन रेलवे और सरकार की ओर से वार्ता होने के बाद समाप्त हो चुका था, लेकिन अंतिम समय मे कुड़मी समाज के एक गुट ने फिर से आंदोलन शुरू कर दिया। इसके बाद रेलवे यातयात एक बार फिर से बाधित हो गया। इसके बाद फिर से रेलवे और बंगाल सरकार की ओर से वार्ता की गयी। सुबह करीब 5 बजे आंदोलन वापस लिया गया। इसके बाद रेलवे ने राहत की सांस ली और एक बार फिर से सेफ्टी की ऑडिट करने के बाद सभी ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। उस क्षेत्र में पहली ट्रेन रविवार को रवाना की गयी। इसके बाद से अब नये सिरे से ट्रेनों का परिचालन शुरू करने को लेकर कवायद चल रही है।

रविवार से अधिकांश ट्रेनें शुरू कर दी गयी हैं और बची हुई ट्रेनों का परिचालन सोमवार से सामान्य तौर पर शुरू कर दिया जायेगा। रविवार को उस ट्रैक पर पहली ट्रेन मेमू कुसतौर से खड़गपुर ट्रेन को को चलाया गया। इसी तरह खेमाशूली स्टेशन से भी ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया गया।

इस तरह अब बंगाल, ओड़िशा, बिहार और झारखंड से होकर गुजरने वाली देश भर की ट्रेनों का परिचालन एक बार फिर से शुरू हो गया है।

कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, करोड़ों का नुकसान : अब तक के मिले आंकड़ों के मुताबिक लगभग एक हजार ट्रेनों का परिचालन सीधे तौर पर पांच दिनों में प्रभावित हुआ है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आंकड़ों के मुताबिक, हर दिन करीब 2 सौ ट्रेनों को रद्द किया गया। पांच दिनों में यानी करीब 122 घंटे में करीब एक हजार ट्रेन रद्द हुई और तीन लाख से ज्यादा यात्री इस आंदोलन से प्रभावित हुए। हर दिन का करीब एक हजार करोड़ का नुकसान रेलवे और सरकार को हुआ।

आदिवासी कुड़मी समाज ने कहा : मांग पूरी नहीं हुई तो फिर ट्रैक जाम करेंगे

आदिवासी कुड़मी समाज के लोगों और आदिवासी कुड़मी समाज के नेतृत्वकर्ता नेता अजित महतो ने शनिवार को ही यह कह दिया था कि हम लोग दुर्गा पूजा के कारण अभी आंदोलन समाप्त कर रहे हैं। कुड़मी समाज को आदिवासी की सूची मे शामिल नही किया गया, तो वे लोग आंदोलन को तेज करेंगे और फिर से रेलवे ट्रैक को जाम करेंगे। आपको बता दें कि टोटेमिक कुड़मी समाज के लोग रेलवे रोको आंदोलन चलाये थे। पांच दिनों से रेलवे ट्रैक जाम होने के कारण रेल यातायात बाधित हो चुका था।

MADARSA ISLAMIA FAZ-E-AAM
Sisai Road, Dist, Gumla, Jharkhand (India)
Mob.: 943561204 (H.M.), 9431328138 (Sec.)

Ref. : 10/2022 Dated : 25.09.2022

आवश्यकता

मदरसा इस्लामिया फैज.ए. आम सिसई रोड गुमला में मानदेय पर शिक्षक की आवश्यकता है जिसमें SPEMM योजना के अंतर्गत विज्ञान अंग्रेजी एवं गणित विषय के एक-एक कुल तीन शिक्षक की बहाली की जायेगी। मानदेय के रूप में बारह हजार रूपया (12000/-) मासिक दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी का दावा वाली विषय के साथ-साथ स्नातक प्रशिक्षित होना आवश्यक है अभ्यर्थी का न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम नियमानुसार होगा, स्थानीय निवासी को प्राथामिकता दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति दिनांक 30.09.2022 तक मदरसा इस्लामिया फैज .ए. आम सिसई रोड गुमला में जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि 03.10.2022 को निधारित है इस तिथि को मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना आवश्यक है। यह बहाली अस्थायी है विभाग के आदेशानुसार कार्यक्रम में फेर बदल संभव है।

प्रधान मौलबी
मदरसा इस्लामिया फैज.ए. आम, गुमला

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

नयी दिल्ली जा रही महिला से राजधानी एक्सप्रेस में छेड़खानी

सेना का जवान गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची से नयी दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार महिला से शनिवार की देर रात गया के समीप सेना के जवान ने छेड़खानी कर दी। आरोप है कि जवान नशे में था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर रात करीब 1.55 बजे ट्रेन के पहुंचने पर आरपीएफ ने टीटीइ की शिकायत पर आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल कराने के बाद आरोपी जवान को गया जीआरपी को सौंप दिया गया है। बताया जाता है कि दिल्ली की रहने वाली महिला ट्रेन में सवार होकर रांची से दिल्ली जा रही थी। गया स्टेशन के समीप कोच में बैठे रांची में तैनात सेना का जवान राजीव कुमार ने शराब के नशे में छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर टीटीइ सहित अन्य यात्रियों ने विरोध किया।

शनिवार की देर रात 1.55 बजे गाड़ी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या सात पर पहुंचते ही टीटीइ ने इसकी लिखित शिकायत आरपीएफ से की। आरपीएफ ने पीड़ित महिला के लिखित शिकायत पर आरोपी सेना के जवान को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरपीएफ ने आरोपी का मेडिकल करा कर धारा 145 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

मुकदमा दर्ज

इधर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गया जीआरपी को सूचना दे दी गयी है। जीआरपी के आते ही कागजी कार्रवाई के बाद सौंप दिया जायेगा।

झारखंड सचिवालय सेवा से रिटायर पांच अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार ने सचिवालय सेवा के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों को उप सचिव के पद से संयुक्त सचिव रैंक में वैचारिक प्रमोशन का लाभ दिया है। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इन अधिकारियों को प्रमोशन देने के लिए 24 दिसंबर, 2020 को ही विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की गयी थी, लेकिन इसी तिथि से राज्य सरकार ने कार्यालय आदेश निकाल कर राज्य सरकार की सभी सेवाओं एवं पदों में प्रोन्नति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। यह मामला झारखंड हाइकोर्ट में गया था। इसके बाद से यह उसके बाद प्रमोशन देने की कार्रवाई का आदेश दिया गया। याचिका में कुल 49 याचिकाकर्ता हैं, जिन्हें 24 दिसंबर, 2020 की विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में अनुशंसा की गयी थी। हालांकि, समिति ने कुल 131 पदाधिकारियों की क्रांति की प्रगति के संबंध में अनुशंसा की थी। इनमें सचिवालय सेवा के अधिकारी थे। इनमें खान विभाग से रिटायर अधिकारी अजय कुमार, तकनीकी शिक्षा में कौशल विकास विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी नागेंद्र चौधरी, कृषि विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी कृष्ण कुमार पांडे, नगर विकास विभाग से रिटायर अधिकारी अखिलेश कुमार, वाणिज्य कर विभाग से रिटायर अधिकारी पार्वती हंस हैं। सभी अधिकारियों को आर्थिक लाभ 24 दिसंबर 2020 से दिया जायेगा। इन अधिकारियों को बकाया भी मिलेगा।

रांची का तस्कर 80 लाख रुपये की अफीम के साथ बरेली में गिरफ्तार

सहदेवनगर शिव मंदिर के पास रहते थे तस्कर पिता-पुत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 80 लाख रुपये मूल्य की आठ किलो अफीम के साथ रांची के तस्कर यूपी में गिरफ्तार हुए हैं। यूपी के बरेली जिले के शाही थाना की पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों में रांची के सहदेव नगर शिव मंदिर के पास रहनेवाले मुकेश चौरसिया उर्फ मंटू और उसका पुत्र प्रियांशु चौरसिया शामिल है। इन दोनों के पास चार-चार किलो अफीम बरामद की गयी है। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 80 लाख रूपया आंकी गई है.

ड्रग्स के खिलाफ चले अभियान में मिली सफलता : बता दें कि बरेली पुलिस ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी दौरान रविवार को शाही थाना पुलिस और लखनऊ एसटीएफ की टीम ने नगर पंचायत शाही तिराहे से पिता-पुत्र को आठ किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया।

वहीं आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अफीम नेपाल के लोगों से खरीद कर झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के रास्ते से उत्तराखंड में ग्राहकों को बेचने जा रहे थे। रास्ते में ही दोनों गिरफ्तार हो गये पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में एफआइआर दर्ज की है।

नशा मुक्ति अभियान के तहत कृष्णा नगर कॉलोनी में पर्चा बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को सुबह 11 बजे से दिन के एक बजे नशा मुक्ति अभियान के तहत कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों के घरों में जाकर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इससे संबंधित पर्चे बांटे गये। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुनानक सेवक जत्था ने नशा मुक्ति को लेकर एक सामाजिक पहल की है, जिसकी शुरुआत 17 जून,2022 को गुरुद्वारा श्री कृष्ण नगर कॉलोनी से एक जागरूकता रैली का आयोजन कर हुई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे। इसी क्रम में जत्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह रविवार को समाज के लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर इससे संबंधित पर्चे बांटे जा रहे हैं। जत्था का उदेश्य युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना और उनके अभिभावकों को इसके प्रति आगाह करना है। इस अभियान में जत्था के मनीष मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, आशु मिढ़ा, सुधीर कुमार, मनोज मिढ़ा, सोनू खुराना, सतीश मिढ़ा एवं प्रथम मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

गरीबों का राशन सात साल से खा रहा था बुढ़मू का करोड़पति

अब सरकारी खजाने में जमा करने होंगे 74 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक करोड़पति पिछले सात सालों से अंत्योदय राशन कार्ड योजना के तहत गरीबों का राशन खा रहा था। मामला रांची जिले के बुढ़मू प्रखंड के चकमे गांव का है। आरोपी अजय कुमार साहू करोड़पति है। इसके बाद भी अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ पिछले सात सालों से उठा रहा था। इसके बाद जिला प्रशासन ने अजय साहू को जुर्माने के रूप में 74, 305 रुपये छह दिनों के भीतर जिला आपूर्ति राजकोष में जमा करने का निर्देश दिया है। जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की जायेगी।

करोड़ों रुपये की संपत्ति होने की मिली जानकारी : रांची जिला प्रशासन को अजय साहू के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने की जानकारी मिली। उसके पास पांच एकड़ जमीन, एक ट्रैक्टर, पत्नी के नाम 150 ग्राम सोने का गहना, उनके नाम पर 50 ग्राम सोने का गहना, बैंक में कुल 90 हजार रुपया होने की जानकारी जिला प्रशासन को मिली। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी है।

झारखंड पुलिस ने 20 महीने में 51 इनामी नक्सली और उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सक्रिय नक्सली और उग्रवादी संगठनों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान जारी है। अभियान के दौरान ही साल 2021 के जनवरी महीने से लेकर साल 2022 के सितंबर महीने तक 51 इनामी नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार नक्सली अलग-अलग जिलों में अलग-अलग नक्सली संगठनों से जुड़े हुए थे। इन सभी नक्सलियों और उग्रवादियों के ऊपर कुल 2.17 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था।

ये बड़े नक्सली और उग्रवादी हुए गिरफ्तार : भाकपा माओवादी संगठनः एक करोड़ के इनामी प्रशांत बोस, शीला मरांडी, प्रदुम्न शर्मा, रमेश गंझू, किशोर सिंह, उदय उरांव, नंदलाल सोरेन, रूपेश कुमार सिंह, बलराम उरांव, सुदर्शन भुइयां, बालक गंझू, दशरथ सिंह खेरवार, मुराद उर्फ विनय, कारू यादव, छोटा व्यास और मारकुश नगेसिया गिरफ्तार हुए हैं।

टीपीसी उग्रवादी संगठनः इस संगठन से नरेश गंझू, किशुन गंझू, नेपाली जी, विनय कुमार सिंह, रामराज रजक, राकेश साव, सौरभ, रमेश गंझू, शरवन उरांव, राहुल गंझू, भीखन गंझू, सरयू अंगारिया, बलवंत, अभय, महेश्वर उरांव, भानू सिंह खेरवार राजकुमार और भैरव गंझू की गिरफ्तारी हुई।

पीएलएफआइ उग्रवादी संगठनः ओझा पाहन, अजय पूर्ति, समुअल कांडुलना, संतोष कांडुलना, सुजीत कुमार राम, दीपक नायक, कुंवर उरांव, सुमन सिंह, जोहन टोपनो, मोदी, बंदना टोपनो, मो उमर, राजेश गोप, कर्मा उरांव, नोवेल सांडी पूर्ति गिरफ्तार हुए।

नवरात्रि पर यात्रियों को ट्रेन में मिलेगी व्रत की थाली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दो साल तक कोरोना महामारी का दंश झेलने के बाद इस वर्ष सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के दौरान रेल यात्रियों के लिए आइआरसीटीसी ने एक बार फिर खास पहल की है। ट्रेन में सफर करनेवाले व्रतियों को ट्रेन में ही व्रत की थाली उपलब्ध करायी जायेगी। रेलवे के इस फैसले के बाद यात्रियों को व्रत के दौरान खाने के टेंशन से मुक्ति मिलेगी। ये सुविधा 400 स्टेशनों पर उपलब्ध रहेगी। इस थाली को मंगाने के लिए यात्री को 1323 पर कॉल कर बुक करना होगा। आइआरसीटीसी के पीआरओ आनंद कुमार झा ने कहा कि नवरात्रि के समय व्रत के दौरान कई यात्रियों को खाने-पीने को लेकर चिंता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए व्रत स्पेशल थाली की व्यवस्था करने का फैसला किया गया है। इस व्यवस्था को डिमांड के अनुसार आगे भी जारी रखा जा सकता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर डॉ रविंद्र राय और जैलेंद्र कुमार ने लगाया पौधा

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। भाजपा के पुर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने रविवार को गेतलसूद में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय के जयंती समारोह में उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय युग पुरुष थे। उनके जनसेवा व संघर्ष प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा देता है। अध्यक्षता जैलेंद्र कुमार ने की।

इस मौके पर अरुण चंद्र गुप्ता, पुर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा, उपमुखिया शंकर बैठा, पंसस दिलीप बेदिया, विरेंद्र यादव, सुखदेव महतो, शिवशंकर महतो, शिकारी महतो, अरुण महतो सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने गेतलसूद स्वस्थ उपकेंद्र परिसर में 25 फलदार पौधा लगाया, जिसे उप मुखिया शंकर बैठा ने संरक्षित करने का बीड़ा उठाया।

बच्चा चोरी का आरोप लगा कर युवक की पिटाई करनेवाले सात आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित बड़ी कल्याणी गांव के समीप बच्चा चोरी की अफवाह में शामिल सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें भीम साह, दयानंद साह, छत्तीस साह, लखन साह, चंद्रशेखर मुर्मू, चरण मडैया और देवकुमार साह का नाम शामिल है। सभी आरोपी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कल्याणी गांव के रहनेवाले हैं। मामले को लेकर पीड़ित बालदेव दास की मां के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में 24 नामजद और 100-150 अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं बालदेव दास के समुचित इलाज की व्यवस्था पुलिस द्वारा की गयी है, जिसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया है। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

मुफस्सिल थाना के बड़ी कल्याणी गांव के समीप बीते शनिवार को बच्चा चोर की अफवाह में एक युवक को गांव के लोगों द्वारा चारों तरफ से घेर कर पिटाई की गयी। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने ग्रामीणों के चंगुल से युवक को मुक्त कराया और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। पिटाई से बुरी तरह जख्मी युवक की पहचान पथरगांवा के चिलकारा निवासी 45 वर्षीय बलदेव दास के रूप में की गयी। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

पुलिस चला रही है जागरूकता अभियान : बच्चा चोर की अफवाह के खिलाफ पोड़ैयाहाट थाना और देवडांड थाना क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चा चोर की अफवाह को फैलने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा अगिया मोड़ हटिया में माइक के माध्यम से संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चा चोरी की अफवाह से बचने की जानकारी देते हुए बताया गया कि लोग कानून को कतई हाथ में न लें। अगर इस तरह की जानकारी मिलती है तो पुलिस को जानकारी अवश्य दें।

तीन गिरफ्तार, चोरी गया बोलेरो बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडर। मांडर थाना पुलिस ने चोरी की गयी बोलेरो, पिकअप वाहन के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की गयी बोलेरो बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आरोपितों में अब्दुल बारीक, आबिद अंसारी और अताउल्लाह हक अंसारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को महमूद अंसारी ने थाने में लिखित आवेदन दिया था कि उनका बोलेरो पिकअप वाहन घर के सामने से चोरी हो गया है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार

अब्दुल बारीक और आबिद अंसारी का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों वर्ष 2017 में चान्हो थाना से जेल जा चुके हैं। पुलिस टीम में मांडर अंचल इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह, मांडर थाना प्रभारी विनय यादव, विनोद पासवान, प्रिया लक्ष्मी टुडू, सुभान खान, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार चौबे सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

राजेंद्र प्रसाद ने सीएम को मेल भेज कर ध्यान आकृष्ट कराया

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को मेल भेज कर जानकारी देते हुए बताया कि जेइइ मेंस, आइटी समेत अनेकों परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का दाखिला लेना असंभव सा हो गया है। राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को भेजे गये अपने मेल में लिखा है कि ओबीसी, एसटी, एससी, ईडब्ल्यूएस के बच्चों को एनआइटी जमशेदपुर में नामांकन कराना मुश्किल हो गया है, क्योंकि नामांकन की अंतिम तिथि 26.9.2022 है, जबकि राज्य के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसके कारण ओबीसी, एसटी, एससी, इडब्ल्यूएस का जातीय और आय, प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। प्रसाद ने कहा कि सफल छात्र-छात्राओं को जाति और आय प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है। नहीं तो वे नामांकन लेने से वंचित हो जायेंगे।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। पितृ पक्ष के अमावस्या श्राद्ध दिवस और महालया के अवसर पर शकुंतला सोनी, पुत्र किशन सोनी के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में हुआ। पिता स्व. कन्हैयालाल सोनी की स्मृति में शकुंतला सोनी, पुत्र किशन लाल सोनी, बसंत सोनी, कपिल सोनी, हरी सोनी प्रसाद बांया। मंदिर मे 11 ब्राह्मणों को भोजन कराया और भेंट दी। इस मौके पर कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार, शंकर मोदी, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, अशोक पोद्दार, हरिप्रसाद सोनी, धीरज कुमार गुप्ता,चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु, महिला समिति की संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया मंगला मोदी, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार उपस्थित थीं। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

अलकापुरी में झूम कर निकली कलश यात्रा

रांची (आजाद सिपाही)। श्रीशिव मंदिर, अलकापुरी में नवरात्र उत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। रविवार को सुबह नौ बजे यात्रा निकाली गयी। भक्ति गीतों पर झूमते हुए रातू रोड के रास्ते आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा मंदिर, पहाड़ी मंदिर होते हुए राणी सती मंदिर पहुंची। यहां से पवित्र जल कलश में भर कर वापस मंदिर पहुंची। अब सोमवार को प्रातः घट के जल से मंदिर की शुद्धि कर मां का कलश रखा जायेगा। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर मां का आह्वान करेंगे। देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का ध्यान धर पाठ करेंगे। दोपहर बाद प्रासाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। सुनील कुमार ने बताया कि पांच अक्तूबर तक पूजन-पाठ का क्रमवार सिलसिला चलेगा। किसु साव, दिलीप चौधरी, चंदन पटेल, चंदन चौधरी, राजेश सिंह, दिनेश शर्मा, पप्पू चौधरी, विजय चौधरी, दिलीप कुमार गुप्ता, सुनील चौधरी, सुबोध गुप्ता, इंद्रदेव शाह, विरेंद्र सिंह, जयप्रकाश वर्मा ने इसमें हिस्सा लिया।

झारखंड में स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों को राज्य से मैट्रिक और इंटरमीडिएट करने की अनिवार्यता से मिलेगी छूट!

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से तृतीय श्रेणी के पदों पर होने वाली नियुक्ति में सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया है।

लेकिन स्वास्थ्य विभाग में पारा मेडिकल कर्मियों की होनेवाली नियुक्ति में अनुबंधकर्मियों को एक बार के लिए इस अनिवार्यता से छूट मिलेगी। राज्य सरकार ने यह निर्णय लेते हुए नियुक्ति नियमावली में संशोधन किया है। इससे राज्य के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में अनुबंध पर कार्य करनेवाले पारा मेडिकल कर्मियों को बड़ी राहत मिली है।

अभ्यर्थियों को राज्य सरकार ने दी खुशखबरी : अब राज्य के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में अनुबंध पर कार्यरत सभी पारा मेडिकल कर्मी जैसे ए ग्रेड नर्स, एएनएम, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, एक्सरे तकनीशियन आदि राज्य सरकार के अधीन स्थायी पदों पर होनेवाली नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। चाहे वे किसी भी श्रेणी के हों तथा कहीं से भी मैट्रिक और इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हुए हों।

सात वर्षों से लटकी नियुक्ति प्रक्रिया होगी शुरू

नियुक्ति नियमावली में संशोधन होने से राज्य में पारा मेडिकल कर्मियों की सात वर्ष से लटकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो पाएगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2015 में आवेदन मंगाने के बाद नियमावली में पेंच होने के कारण नियुक्ति परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। वर्ष 2018 में नई नियमावली तो बनी लेकिन इसमें भी कई त्रुटियां सामने आयीं। अब इसमें संशोधन किया गया है।

इसका लाभ सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कालेजों जैसे रिम्स, रिनपास, इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में अनुबंध पर कार्य कर रहे पारा मेडिकल कर्मियों को मिलेगा। हालांकि उन्हें यह छूट एक बार के लिए होने वाली स्थायी नियुक्ति में ही मिलेगी।

इसके बाद होने वाली नियुक्तियों में यह छूट सामान्य श्रेणी के अनुबंध कर्मियों को नहीं मिल पाएगी। बता दें कि राज्य सरकार ने पारा मेडिकल कर्मियों की स्थायी नियुक्ति में अनुबंध कर्मियों को वेटेज देने का निर्णय लिया है।

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता भी नहीं : एएनएम की नियुक्ति में मैट्रिक की परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य किया गया था। अब नियुक्ति में सिर्फ मैट्रिक उत्तीर्ण अनिवार्य किया गया है। इसमें अब कोई न्यूनतम अंक की अनिवार्यता निर्धारित नहीं की गई है। इसके अलावा एएनएम के लिए 18 माह का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। यह पहले भी लागू था।

मां शैलपुत्री
पंडित रामदेव पांडेय

नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलीपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री का प्रसन्न करने के लिए यह ध्यान मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं और भक्त की सभी कामनाएं पूर्ण करती हैं।

पूजा विधि : सबसे पहले मां शैलपुत्री की तस्वीर स्थापित करें और उसके नीचे लकड़ी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं। इसके ऊपर केशर से 'शं' लिखें और उसके ऊपर मनोकामना पूर्ति गुटिका रखें। तत्पश्चात हाथ में लाल पुष्प लेकर शैलपुत्री देवी का ध्यान करें।

मंत्र इस प्रकार है-ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाय विच्चे ॐ शैलपुत्री देव्यै नमः। मंत्र के साथ ही हाथ के पुष्प मनोकामना गुटिका एवं मां के तस्वीर के ऊपर छोड़ दें। इसके बाद प्रसाद अर्पित करें तथा मां शैलपुत्री के मंत्र का जाप करें। इस मंत्र का जप कम से कम 108 करें।

मंत्र - ॐ शं शैलपुत्री देव्यै नमः।

पायलट के विरोध में 70 विधायकों का इस्तीफा

सुलह की कोशिश, एक-एक कर सीएम हाउस पहुंचने लगे विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

जयपुर। राजस्थान की राजनीति एक नए मोड़ पर आ गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने की तैयारी है। उनकी जगह मुख्यमंत्री के रूप में हाईकमान की पसंद सचिन पायलट हैं, लेकिन गहलोत खेमा पायलट के नाम पर नाराज हो गया है। विधायक दल की बैठक से पहले ही गहलोत गुट के करीब 70 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के घर पहुंचकर इस्तीफा दे दिया है। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने दावा किया कि हमारे पास 92 विधायक हैं। हमारी एक ही मांग है कि बगावत करने वाले लोगों में से सीएम न बनाया जाए। विधायक दल की बैठक रद्द होने के बाद ताजा घटनाक्रम को लेकर सीएम हाउस पर बैठक हो रही है। बैठक में अजय माकन, मल्लिकार्जुन खड़गे, गहलोत, पायलट, रघु शर्मा और कुछ वरिष्ठ मंत्री मौजूद हैं। गहलोत खेमे के विधायकों को मनाने और उनकी बात सुनने पर चर्चा की जा रही है। कांग्रेस नेता आज रात ही सुलह करने की कोशिश कर रहे हैं, इसके लिए एक-एक करके विधायक सीएम हाउस पहुंचने लगे हैं। यहां हर विधायक से बातचीत की जाएगी। वहीं आलाकमान ने अशोक गहलोत, सचिन पायलट को दिल्ली बुलाया। देर रात अजय माकन ने कहा- हम दिल्ली नहीं जा रहे हैं। एक-एक विधायक से बात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक आलाकमान गहलोत और पायलट दोनों की समझाइश करेगा। जानकारी के मुताबिक केसी वेणुगोपाल ने दोनों को कॉल कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का यह मैसेज दिया है। माना जा रहा है कि एक बार फिर राजस्थान में विधायकों की बाड़ाबंदी हो सकती है। इधर, मंत्री शांति धारीवाल, प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी और निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा रविवार रात साढ़े 10 बजे सीएम निवास पहुंचे। वहीं सचिन पायलट, उनके समर्थक एमएलए और कुछ अन्य विधायक विधायक दल की बैठक के लिए सीएम हाउस पहुंच गए। इसके पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश प्रभारी अजय माकन और ऑब्जर्वर मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने होटल पहुंचे। छोटी सी मीटिंग के बाद तीनों सीएम हाउस पहुंचे। लेकिन कई विधायकों के नहीं पहुंचने से बैठक रद्द हो गई। कांग्रेस में सीएम बदलने के मुद्दे पर गहलोत समर्थक विधायकों ने सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी थी।

मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने विधायकों की बैठक से दूरी बना ली

मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने शांति धारीवाल के घर हुई गहलोत समर्थक विधायकों की बैठक से दूरी बना ली। गुढ़ा धारीवाल के बंगले के गेट से वापस लौट गए। गुढ़ा ने कहा कि बहुमत के लिए 101 विधायक चाहिए, इसके बिना सरकार अल्पमत में होती ही। यहां बैठक में 101 विधायक नहीं हैं, इसलिए मैं नहीं गया। विधायक संदीप यादव, वाजिब अली और लाखन मीना धारीवाल के निवास पहुंच गए हैं। इन्हें राजेन्द्र गुढ़ा अपने कैम्प में बता रहे थे। ग्रुप 6 टूट गया है। खिलाड़ी लाल बैरवा और गिर्राज सिंह मलिंगा गुढ़ा के साथ हैं और बैठक में नहीं गए। - सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक लाइन का प्रस्ताव पढ़ सकते हैं कि फैसला कांग्रेस आलाकमान पर छोड़ा जाता है। इसका अनुमोदन पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कर सकते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा पंचतत्व में विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा का रविवार को हरमू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। अमित मिश्रा इटीवी, इटीवी भारत, टाइम्स ऑफ इंडिया, वर्तमान में दैनिक भास्कर डिजिटल संस्करण में काम कर रहे थे। इसी दौरान वह कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित थे । बावजूद इसके फील्ड में रिपोर्टिंग में भी नजर आ जाते थे। पिछले कुछ दिनों से वह इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में इलाजरत थे। इसी दौरान 24 सितंबर को शाम पांच बजे उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर द रांची प्रेस क्लब में रखा गया था। यहां पत्रकारों ने उनके अंतिम दर्शन किये। रविवार 25 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे उनकी शव यात्रा रांची प्रेस क्लब से हरमू मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। उनकी शव यात्रा में सैकड़ों पत्रकार साथी शामिल हुए। ऐसा पहली बार है, जब किसी पत्रकार की शव यात्रा निकाली गयी हो और उसमें सैकड़ों की तादाद में पत्रकार शामिल रहे।

दीपक प्रकाश ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकार स्व अमित मिश्रा के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री प्रकाश ने कहा कि स्व मिश्र एक होनहार और प्रतिभावान पत्रकार थे। सहज सरल और हंसमुख स्वभाव के धनी स्व मिश्र का असमय संसार से विदा लेना न सिर्फ परिवार केलिए बल्कि पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। श्री प्रकाश ने उनकी आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की। कहा भगवान परिजनों को वज्रपात जैसा आघात सहने की शक्ति दे।

उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक जनसेवक राधे सिन्हा ने उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय जी को चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। जिसमें उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम द्वारा निम्न व्यवस्था रांची शहर में दिया जायेगा। साफ सफाई का उचित व्यवस्था किया जायेगा,बिलीचिंग पाउडर का छिड़काव सभी पूजा प्रांगण में किया किया जायेगा और भी उचित व्यवस्था किया जाएगा साथ ही साथ महासमिति के संस्थापक जनसेवक राधे सिन्हा ने कहा कि पूजा पंडाल एवं नागरिकों की सुरक्षा हेतु उचित पुलिस बल पंडाल एवं चौक चौराहे में व्यवस्था की जायेगा ताकि असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगाया जा सके,सभी पूजा पंडाल सहित पुरे शहर में लाइट की उचित व्यवस्था किया जायेगा, सभी पूजा पंडाल में मेडिकल सुविधा एवं फायर बिग्रेड की भी व्यवस्था की जाएगा, सेवा शिविर में हेल्पलाइन नंबर 83402 73278 दिया गया है जिससे लोगों को सहायता मिलेगी एवं युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा रांची के पूजा पंडाल में भंडारा में सहयोग महानगर के द्वारा किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से संस्थापक जनसेवक राधे सिन्हा,अध्यक्ष राजू झा, कोषाध्यक्ष/प्रवक्ता मनीष केशरी, संयोजक बिट्टू विश्वास एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मना वर्ल्ड फार्मेसी डे

रांची (आजाद सिपाही)। इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस मे वर्ल्ड फार्मेसी डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और केक कटिंग कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ किशंता कुमार प्रधान, एसोसिएट प्रोफेसर, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बीआइटी मेसरा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार पटनायक, एसोसिएट प्रोफेसर, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बीआइटी मेसरा उपस्थित हुए। छात्रों ने पोस्टर कंपटीशन और क्विज कंपटीशन ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौसर, डॉ नजनीन कौसर, प्राचार्य कौशल कांत, सकील परवीन, आल्या खान, पवन कुमार, आशुतोष, मजहर अंसारी एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रदेश भाजपा ने सभी सांगठनिक जिलों में बूथों पर मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

पंडित दीनदयाल के एकात्म मानव दर्शन से संपूर्ण मानवता का कल्याण : दीपक प्रकाश

प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने दीनदयाल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड भाजपा ने प्रदेश के सभी 27सांगठनिक जिलों में बूथ स्तर पर पार्टी के प्रेरणा पुरुष महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। आज महीने के अंतिम रविवार पर प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को पार्टी के पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवम कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने दीनदयाल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महामानव थे जिन्होंने साम्यवाद, पूंजीवाद और समाजवाद के बीच एक व्यावहारिक चिंतन दिया जो एकात्म मानववाद है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण समाहित है। इसमें केवल मनुष्य के भौतिक विकास की चिंता नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के साथ सम्पूर्ण विकास की सोच है। कहा कि आज दुनिया की बाकी विचारधाराएं अनुपयोगी साबित हो रही और दुनिया एकात्म मानव दर्शन में सभी समस्याओं का समाधान ढूंढ रही।

बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम

भाजपा की सरकार अंत्योदय को कर रही साकार : बाबूलाल मरांडी

भाजपा नेता विधायकदल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनवार में बूथ पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचारों और चिंतन को धरातल पर उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होती है। कहा कि चाहे जनधन खाता हो,आवास योजना हो,शौचालय निर्माण हो,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना हो,किसान सम्मान निधि हो,अटल पेंशन योजना हो सभी में दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का चिंतन है। कहा कि भारत विश्वगुरू परिवारवाद ,वंशवाद के पथ पर चलकर नही बन सकता। बल्कि गांव ,गरीब , किसान ,दलित,वंचित सभी को साथ लेकर आगे बढ़ाने से ही बन सकता। कहा कि भाजपा इस उद्देश्य केलिए संकल्पित है।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती दीप जला कर और पुष्प अर्पित कर मनायी गयी। भाजमो के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताये मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लिया। अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पंडित जी का संकल्प था कि कोई व्यक्ति भूखा ना रहे, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे, समाज में समरसता हो, ऊंच-नीच का भाव ना हो। पंडित जी के एकात्म मानववाद का सिद्धांत ही भाजमो के लिए प्रेरणा का काम करता है। श्रद्धा सुमन अर्पित करनेवालों में शिव शंकर अधिवक्ता, अविनाश कुमार, दुर्गेश चंद्रवंशी, शुभम तिवारी, मनोज सिंह, गौरी देवी, रूबी बर्मन सहित भाजमो के अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल थे।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के ध्वजवाहक थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने खूंटी के तोरपा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की हजारों साल पुरानी मजबूत सांस्कृतिक विरासत है। जिसे हजार साल की गुलामी में आक्रांताओं के द्वारा आहत करने की कोशिश हुई। पंडित दीनदयाल जी के चिंतन में स्वतंत्र भारत के विकास की कल्पना अपनी पहचान,संस्कृति और विरासत की नीव पर करने की थी।कहा कि कोई भी राष्ट्र अपनी पहचान को दबाकर आगे नहीं बढ़ सकता। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव फिर से महिमा मंडित हो रहा।दीनदयाल जी के सपने आज साकार हो रहे। कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे में ,बालमुकुंद सहाय तोरपा में ,प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू हरमू में ,विधायक सीपी सिंह, सांसद संजय सेठनवीन जायसवाल, समरी लाल,महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवम हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथ पर दीनदयाल जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश के सभी सांगठनिक जिलों में 24963स्थानों पर प्रदेश पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवम कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

ग्राम विकास समिति की बैठक आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को ग्राम विकास समिति मोराबादी सरई टाड़ में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राम टोप्पो और संचालन रंजीत उरांव ने किया । बैठक में विशेष रूप से मसना की साफ-सफाई, वृक्षारोपण और मसना की चारदीवारी की चर्चा की गयी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राम टोप्पो ने कहा कि मसना में हमारे पूर्वजों का स्थान है। मसना स्थल की साफ-सफाई रखना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान ग्रामीणों की उपस्थिति में मसना स्थल पर मसना स्थल के नाम पर बोर्ड लगाया गया। मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि आदिवासियों की पहचान उसकी धर्म, संस्कृति, रीति रिवाज, परंपरा और रूढ़ीवादी व्यवस्था के साथ-साथ धार्मिक जमीनों से भी है। जैसे सरना स्थल, मसना स्थल, हड़बोड़ी, देशावली, गांव देवती, जैसे अन्य जमीनों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। वहीं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा पूर्वजों द्वारा दी गयी व्यवस्था को आने वाले नई पीढ़ी को बताने और सिखाने की जरूरत है। तभी आदिवासियों की धर्म संस्कृति रीति रिवाज व परंपरा बची रहेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पाहन, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, केंद्रीय धूमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो, वार्ड 2 के पार्षद गुन्दरा उरांव, वार्ड 3 के पार्षद बसंती लकड़ा, रमेश उरांव सुशीला लिंडा बिरसा उरांव, सुशील टोप्पो, मुन्नी उरांव रंजीत उरांव, दशरथ लोहरा, अजय लोहरा, किशोर लोहरा, महावीर उरांव,दनकी उरांव, शिवानी खलखो, सोनामती गुड़िया, मंजू कश्यप, मनिका उरांव, रश्मि कच्छप, पिंकी देवी, सुशीला देवी, विमला टोप्पो, शंकर मुंडा, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

जेल से निकलने पर योगेंद्र साव का युवा कांग्रेस ने किया स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। रांची युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जेल गेट पर उपस्थित होकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहां से योगेंद्र साव जेल से पदयात्रा कर खेलगांव स्टेडियम पहुंचे। इस दरमियान योगेंद्र साव का स्वागत बैंड-बाजे और ढोल-नागाड़ों के साथ किया गया। जम कर आतिशबाजी हुई। तदोपरांत खेलगांव स्टेडियम में स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। समर्थकों से गले मिलते वक्त योगेंद्र साहू भावुक भी नजर आये। इस अवसर पर रोहित सिन्हा ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से वंचित है और सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं, इस मामले में चरितार्थ हुआ है। योगेंद्र साव को बेवजह मामलों में फंसाने का काम किया गया। योगेंद्र साव आंदोलनकारी हैं और आगे भी आंदोलन की रूप-रेखा तय की जायेगी। यहां पर योगेंद्र साव की पुत्री और विधायक अंबा प्रसाद ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बारह पड़हा जतरा का आयोजन 28 अक्टूबर को: कृष्णा उरांव

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने की और संचालन श्री समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने किया। मौजा के पाहन राजा बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 28 अक्टूबर 2022 को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जायेगा। जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परंपरागत रीति रिवाज, विधि विधान, 12 मुर्गो की बलि प्रथा एंव धार्मिक कर्मकांड से पूजा अर्चना सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक देवनारायण उरांव, जगन्नाथ उरांव, एतवा मुंडा, मंगा उरांव , सुरेश टोप्पो, अजय उरांव, चिलगु लकड़ा, जग्गनाथ उरांव, अनिल उरांव, राजेश उरांव, कोटवार लक्ष्मन नायक, संजय लकड़ा, सोनू तिर्की, बिनोद राम, अविनाश कुमार, सोनू खलखो, प्रकाश उरांव, आकाश तिर्की, सूरज पहान, नितिन लिंडा, बबला राम, संजय उरांव, संजय उरांव, बिमल उरांव , बल्लू लोहरा, आलोक बांडो, राहुल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

आयोजनः झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने मनाया नेशनल कैटरर्स दिवस

कैटरर्स परिवार के मैट्रिक और इंटर के सफल छात्रों को दिया प्रतिभा सम्मान पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नेशनल कैटरर्स दिवस का आयोजन 25 सितंबर, 2022 (रविवार) को मोरहाबादी स्थित सुविधा बैंक्वेट हॉल में किया गया। समारोह का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में श्री अग्रवाल ने कहा कि झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन समाज के हर वर्ग के लोगों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के प्रति समर्पित है। एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने और एसोसिएशन के सदस्यों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में भी निरंतर प्रयास जारी है। समारोह में गेस्ट स्पीकर के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची के डॉ भूपेश कुमार द्वारा कैटरिंग व्यवसाय के आधुनिकीकरण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के एसोसिएट रजिस्ट्रार पंकज चटर्जी ने कैटरिंग व्यवसाय में सर्विस संचालन विषयक व्याख्यान में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। एसोसिएशन की ओर से देवघर के श्रीराम जी कैटरर्स के संचालक भारत राम को कैटरिंग व्यवसाय में उत्कृष्ट सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। झारखंड केटरर्स एसोसिएशन परिवार से जुड़े प्रतिभावान छात्रों को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र शीतल रजक और पवन कुमारी एवं दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यस अग्रवाल और प्रिंस राज को प्रतिभा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर गेलार्ड आइसक्रीम, अग्रवाल पापड़, अमूल डेयरी, अभिषेक क्रोकरी, क्रॉम्पटन, दावत, सदुण मसाला, केंप्टी वाटर, क्रेजी डीजे लाइट, साउंड एंड विजन स्टेडियम, विश्वा राघव, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी की ओर से प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम में फूड पार्टनर अनोखा इवेंट और वेंक्वेट पार्टनर सुविधा बैंक्विट हॉल ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

रामजी कैटरर्स के संचालक भारत राम को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

इनका रहा योगदान

नेशनल कैटरर्स डे के सफल आयोजन में झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट निर्मल कुमार मोदी, संयुक्त सचिव दीपेश शर्मा, कोषाध्यक्ष वकील साव, रोशन सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, संजय नागुदार, राजेश गुप्ता, यशवंत पांडे, राजेश निषाद, संजय कुमार और मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण

बलात्कार और यौन शोषण की बुराई समाज के हर क्षेत्र में फैलती जा रही है तथा खेल संस्थानों में भी पदाधिकारियों व कोचों द्वारा बलात्कार, यौन शोषण व उत्पीड़न की शिकायतें आम हो गई हैं। हाल ही में भरतपुर में 'मलखंभ' की महिला खिलाडियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न की घटना सामने आयी है। यहां एकेडमी संभाल रहे 'मलखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष रमेश इंदोलिया के विरुद्ध 7 नाबालिग लड़कियों और एक युवक ने शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत 'दिल्ली मलखंभ फेडरेशन' में की है। रमेश इंदोलिया के विरुद्ध इस वर्ष मई-जून में शिकायतों का दौर शुरू हुआ था तथा 18 सितंबर को दिल्ली में 'मलखंभ फेडरेशन' की एक बैठक में यह मुद्दा उठने के बाद रमेश इंदोलिया ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इस शर्मनाक एवं सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद 'मलखंभ फेडरेशन' ने सभी शिकायतों को लेकर एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है, जबकि भारतीय खेल प्राधिकरण ने इस संबंध में कठोर रवैया अपनाते हुए फेडरेशन के सभी वित्तीय अनुदान रोक दिये हैं। साथ ही पूरे मामले की जांच होने तक 'मलखंभ फैडरेशन' आफ इंडिया की मान्यता भी वापस ले ली है। इस घटनाक्रम पर रमेश इंदोलिया का कहना है कि सभी आरोप झूठे हैं। बताया जा रहा है कि शिकायत करने वाली सभी लड़कियां राजस्थान के अलग-अलग जिलों की हैं। हालांकि इस पूरे मामले में अभी तक पुलिस में एफआइआर दर्ज होने की भी कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले भी महिला खिलाड़ियों के साथ आपत्तिजनक व्यवहार की शिकायतें आती रही हैं। कुछ ही महीने पहले तमिलनाडु में महिला खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध खेल कोच पी नागराजन के विरुद्ध यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे। खिलाड़ियों के अनुसार उनका इस तरह का शोषण कई वर्षों से होता आ रहा है और खेलों में 'गुरु' कहलाने वाले कोचों के ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जहां एक महिला खिलाड़ी का गुरु ही उस पर बुरी नजर डालता पाया गया, परंतु कई बार सबूतों के अभाव में केस दबा दिये गये। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के ओलिंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे पर सशस्त्र सीमा बल की पूर्व राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी ने बलात्कार के प्रयास का आरोप लगाया है और इस संबंध में राजस्थान के भिवाड़ी थाने में उनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज भी की गयी है। एफआइआर के अनुसार आनंदेश्वर ने दावा किया था कि उन्होंने बहुत सी लड़कियों को इंटरनेशनल प्लेयर बना दिया है। खिलाड़ी ने आरोप लगाया कि आनंदेश्वर पांडे ने उसे भी राष्ट्रीय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाने के लिए 2 साल तक शारीरिक संबंध बनाने की शर्त रखी थी और लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लगे स्पेशल ट्रेनिंग कैंप के दौरान उसका बलात्कार करने की कोशिश की थी।

खिलाड़ियों के अनुसार उनका इस तरह का शोषण कई वर्षों से होता आ रहा है और खेलों में 'गुरु' कहलाने वाले कोचों के ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जहां एक महिला खिलाड़ी का गुरु ही उस पर बुरी नजर डालता पाया गया।

अभिमत आजाद सिपाही

आज देश के हर नागरिक का अटूट विश्वास मोदी जी के साथ है। भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में उनके द्वारा गरीब कल्याण, सुशासन, विकास, राष्ट्र सुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के लिए किये गए कार्यों की अमिट छाप जन-जन के हृदय में समाई है। उनके करिश्माई नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरू के रूप में उभर रहा है, यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय जन-नेता हैं, जिनका पूरी दुनिया सम्मान करती है।

'सेवा परमो धर्मः' के विचार को यथार्थ करते नरेंद्र मोदी

अर्जुन मुंडा



'सेवा परमो धर्मः' समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस विचार को आगे बढ़ा कर यथार्थ कर दिखाने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सबके हृदय में अपने लिए एक विशेष स्थान बनाया है। उत्तर प्रदेश के कुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सफाई कर्मियों के पांव धोकर कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि देश का कोई प्रधानमंत्री जमीन पर बैठकर समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को कुर्सी में बैठा कर उनका पांव धो रहा हो। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हर व्यक्ति के जीवन में अनेक ऐसे पल आते हैं, जो अविस्मरणीय होते हैं। आज ऐसा ही एक पल मेरे जीवन में आया है, जिन स्वच्छाग्रहियों के पैर मैंने धोये हैं, वह पल जीवनभर मेरे साथ रहेगा।' प्रधानमंत्री के इस रूप को देख पूरा देश हतप्रद और भावुक हो गया। जब इस तरह के सेवाभाव वाला व्यक्ति आपका नेतृत्व कर रहा हो तो सभी में यह भाव जागृत होना स्वाभाविक ही है। आज देश के हर नागरिक का अटूट विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है। भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में उनके द्वारा गरीब कल्याण, सुशासन, विकास, राष्ट्र सुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के लिए किये गए कार्यों की अमिट छाप जन-जन के हृदय में समाई है। उनके करिश्माई नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरू के रूप में उभर रहा है, यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय जन-नेता हैं, जिनका पूरी दुनिया सम्मान करती है। आजादी के बाद पहली बार करोड़ों गरीबों, वंचितों को उनका अधिकार सम्मानपूर्वक देकर मोदी जी ने उनमें आशा और विश्वास का भाव जगाया है। अगर बात करें जनजातीय समाज की तो आजादी के 70 वर्ष बाद भी उनको वो सम्मान और पहचान नहीं मिल पाई थी जिसके वो हकदार थे। यहां तक कि देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले आदिवासी नायकों के योगदान को भी भुला दिया गया था। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार किसी सरकार ने गुमनाम आदिवासी नायकों की भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सम्मान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाये और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा शुरुआत की है। पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प जनजातीय समाज को अन्य विकसित वर्गों के बराबर लाना है, इसलिए उनके मार्गदर्शन में केंद्र सरकार आदिवासी कल्याण और विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और इसके अत्यंत उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले हैं। केंद्र सरकार अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और विकास के लिए कई योजनाएं लागू कर रही हैं। पीएम मोदी ने जनजातीय समुदाय के हितों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा। आजादी के लंबे दशक के बाद एक जनजातीय आदिवासी महिला का पहली बार राष्ट्रपति के रूप में पदस्थापित होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प जनजातीय समाज को अन्य विकसित वर्गों के बराबर लाना है।

राष्ट्र-निर्माण एवं लोक कल्याण को समर्पित कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों स्थानों पर जनसेवा एवं लोक कल्याण के 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की प्रेरणा का स्रोत स्वयं प्रधानमंत्री का जीवन है, जो कि मानवता की सेवा और गरीब, दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े, युवा एवं महिलाओं के कल्याण के प्रति समर्पित रहा है ।

'सेवा पखवाड़ा' के तहत भाजपा का हर एक कार्यकर्ता देश के सभी जिलों में 'विविधता में एकता' का उत्सव मनाते हुए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दे रहा है। पूरे देश में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जहाँ रक्तदाता स्वेच्छा से रक्तदान के लिए पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश भर में रक्तदान शिविर के आयोजन पर 87,137 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर विश्व रिकार्ड स्वरूप उन्हें भेंट उपहार की। इससे पहले एक दिन में 86000 लोगों के रक्तदान का विश्व रिकॉर्ड था।

पखवाड़े के तहत पार्टी द्वारा दिव्यांगजनों के बीच कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण किया जा रहा है, प्रधानमंत्री सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हैं उन्होंने 'दिव्यांग' नाम देकर दिव्यांगजनों का सम्मान बढ़ाया है। मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की है जिनमें दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना सहित कई ऐसी सरकारी योजना है जिसमे दिव्यांगों को कारोबार करने के लिए बिजनेस आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन कर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें।

स्वच्छता जीवन के लिए संजीवनी के समान है। सेवा पखवाड़े के तहत देशभर में कार्यकर्ता शहर से लेकर गांव तक स्वच्छता के संदेश के साथ सफाई अभियान चला रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदारी का एहसास कराना अभियान का लक्ष्य है। वर्ष 2014 में गांधी जयंती के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने 'न गंदगी करूंगा, न करने दूंगा' के नारे से शुरू किए स्वच्छता अभियान के बाद से लोगों ने साफ-सफाई की तरफ नयी दृष्टि से देखना शुरू किया यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत से टीबी के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए जनसेवा की भावना के लिए सदैव तत्पर देश भर के कार्यकर्ताओं ने 'सेवा पखवाड़ा' में एक टीबी मरीज को गोद लेने के प्रण के साथ व्यक्तिगत रूप से उन मरीजों का ध्यान रखने, घर पर जाकर दवा देने और नियमित रूप से देखभाल करना सुनिश्चित कर रहे हैं जब तक कि वे टीबी मुक्त नहीं हो जाते।

पखवाड़े में कार्यकर्ताओं ने देश के सभी जिलों/ ब्लॉकों तक में लक्ष्य को निर्धारण करते हुए वृक्षारोपण किया जा रहा है और लोगों में वृक्षारोपण और पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता की जा रही है, जिसमें सभी को अपने आसपास के पौधों का पोषण करने तथा परिवेश को सुंदर बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका कार्य पूरे देश में हो रहा है। अतः सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा अमृत सरोवर पर श्रमदान किया जा रहा है।

अंत में मैं सिर्फ यही कहूंगा 'सेवा पखवाड़ा' सिर्फ एक अभियान नहीं है, यह एक उत्सव है, उत्सव है सेवा का, यह उत्सव है समर्पण का, कर्तव्य का, जिसे भाजपा का हर एक कार्यकर्ता प्रतिबद्धता के साथ मनाते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है।

(लेखक : केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने केक काट कर मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा जुगसलाई राय फार्मा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। रविवार को सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संयोजक विकास राय के द्वारा केक काटकर सभी फार्मेसिस्टों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा आज के दिन पूरे विश्व में सभी फार्मासिस्टों के एकजुटता के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। फार्मासिस्ट के बगैर स्वास्थ्य सेवाएं अधूरा रहता है।फार्मासिस्ट केवल दवा देने के लिए ही नहीं होता बल्कि दवा के बारे में संपूर्ण जानकारी उनको रहता है। उन्होंने

बताया फार्मासिस्टों के द्वारा वितरण प्रणाली एवं रखरखाव किया जाता है। मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए फार्मासिस्ट का अहम योगदान रहता है। कार्यक्रम के दौरान विकास राय,अंजन सरकार,दीपक शर्मा,मनी मोहंती, राजेश कुमार,जितेंद्र कुमार,पंकज कुमार ,कृष्ण कुमार ज्ञानेंद्र सिंह ,उपेंद्र सिंह ,प्रदीप कुमार राउत, संतोष राय, जियाउद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की ओर से रविवार की शाम अग्रसेन भवन साकची में अंताक्षरी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कुल 14 टीमों ने भाग लिया. संध्या 3 बजे से सेलेक्शन राउंड शुरू हुआ और इन 14 टीमों में से 4 टीमों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया. इनमें टीम घूमर, मोरिया, गोरबंद, नखरालो शामिल है. अंताक्षरी का संचालन प्रेम अग्रवाल एवं चंचल काशवी की टीम ने किया. फाइनल के लिए चयनित चारों टीमों में अंताक्षरी प्रतियोगिता करायी गई, जिसमें विजेताओं को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार बिष्टुपुर एन रोड स्थित खालसा क्लब में 26 सितंबर को संध्या 5 बजे से आयोजित पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल के मुख्य कार्यक्रम में प्रदान किया जायेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी और श्री उत्कल दुर्गा पूजा कमेटी के संयुक्त शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रह

नेत्र शिविर में 16 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। श्री उत्कल दुर्गा पूजा कमेटी कदमा द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। इस अवसर पर 54 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ज्ञातव्य हो कि पिछले कई वर्षों से श्री उत्कल दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रारम्भ में मानवता की सेवा के आयोजन के साथ मां दुर्गा के चरणों की सेवा में जुटते हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम ऐसे सभी प्रयासों की सराहना करता है, जो मानवता सेवा की ओर जुड़ते हैं। रक्तदान शिविर में दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्यों के साथ रेड

क्रॉस के कार्यकताओं ने अपनी भूमिका निभायी। नेत्र शिविर में 16 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण

नेत्र शिविर के माध्यम से जरुरतमंदों के आंखों का ऑपरेशन कर उनकी आंखों की रौशनी वापस देना, उन्हें दुनिया देने के बराबर है और यह काम यहां बहुत ही बेहतरीन तरीके से हो रहा है, उक्त विचार जेसीएपीसीपीएल के पदाधिकारी धनंजय कुमार शर्मा ने यहां नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन ऑपरेशन थियेटर का फीता काटकर करने के पश्चात व्यक्त किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान के अध्यक्ष बालमुकुंद गोयल, समाजसेवी चंद्रमोहन सिंह, कमल किशोर लड्ढा, राकेश मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित थे। नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 16 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया। सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी, जिसके पश्चात आवश्यक दवा एवं चश्मा प्रदान कर नेत्र रोगियों को विदा किया जायेगा।

चेनाब रोड दुर्गा एवं काली बाड़ी में इस बार शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होंगे कई आयोजन

'डाक एर साज' की होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के साकची चेनाब रोड दुर्गा व काली बड़ी इस बार अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है. इसके तहत मंदिर कमेटी के द्वारा भव्य आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि इस पूजा का आयोजन सर्वप्रथम 1923 साल में कालीमाटी (वर्तमान में बंगाल क्लब मैदान के सामने) के मैदान में शुरू हुआ था, जिसके कुछ वर्ष बाद टाटा स्टील द्वारा कमेटी को चेनाब रोड में दुर्गा पूजा के लिए जमीन दी गई। उसके बाद से चेनाब रोड में ही दुर्गा पूजा होती आ रही है। मंदिर कमेटी के महासचिव शांतनु बोस ने बताया कि इस वर्ष शताब्दी वर्ष

के उपलक्ष्य में देवी दुर्गा की मूर्ति 'डाक एर साज' की होगी। चेनाब रोड दुर्गा बड़ी में हर साल की भांति इस बार भी विशुद्ध सिद्धांत के तहत पूजा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिन कमेटी के द्वारा भोग वितरण किया जाएगा। महासप्तमी, महाअष्टमी एवं महानवमी की संध्या में कोलकाता व जमशेदपुर के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी। शताब्दी वर्ष पूजा का उद्घाटन षष्ठी के दिन रामकृष्ण मिशन एवं भारत सेवाश्रम संघ के महाराज एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के द्वारा किया जायेगा। इस वर्ष मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया जायेगा।

ये रहे उपस्थित

संवाददाता सम्मेलन में अशोक कुमार भट्टाचार्य, शांतनु बोस, तपन कुमार सरकार, असीम कुमार कर, ईश्वर चंद्र प्रमाणिक, राजा चौधरी, सुनील चटर्जी, विश्वजीत बनर्जी, सुभाष दे, सुरेंद्र राय चौधरी, कालाचंद कुईला, सम्राट हजरा, शांतनु हजरा, प्रसनजीत साहा, जयंतो मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

एके श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित, कहा

युवा और महिला शक्ति को मजबूत बनाना होगा

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नये प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अवधेश कुमार (एके) श्रीवास्तव का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वे आगामी तीन वर्षों तक इस पद में रहेंगे। उनके नामांकन के बाद किसी ने भी उनके विरुद्ध नामांकन नही किया। श्री श्रीवास्तव के निर्वाचित होने की घोषणा प्रदेश चुनाव समिति के संयोजक अभय कुमार सिन्हा ने की. इस अवसर पर सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में महासभा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला के कई पदाधिकारियों ने अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम का संचालन अजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों में महासभा के मनोज कुमार अतुल, सुबोध श्रीवास्तव,

प्रणय कुमार, ज्ञान सिन्हा व अन्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व के उनके कार्यकाल में सभी पदाधिकारियों का साथ मिला तथा केंद्रीय कमिटी द्वारा तय कार्यक्रम करने में सहयोग मिला. उन्होंने कहा कि चित्रगुप्त भवन में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा स्थापित की गई है, जल्द ही जय प्रकाश नारायण (जेपी) की प्रतिमा भी लगायी जायेगी। भविष्य के भावी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने के साथ साथ राजनीति में भी सक्रियता बढ़ानी होगी एवं युवा और महिला शक्ति को मजबूत बनाना होगा। अन्य अतिथियों ने भी सामाजिक एकजुटता पर बल दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ मनोज सिन्हा, बसंत श्रीवास्तव, कल्याणी शरण, प्रीति सिन्हा, मंजू सिन्हा, शोभा श्रीवास्तव, अतुल चंद्रा, आलोक सिन्हा, शशांक शेखर, संजीव सिन्हा, अजय वर्मा, श्याम बिहारी लाल, मिथिलेश श्रीवास्तव, नागेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, संजय करण, उपेंद्र शरण आदि का सहयोग रहा. धन्यवाद ज्ञापन महासभा के जिलाध्यक्ष अनूप रंजन ने किया।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय के नेतृत्व में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय के नेतृत्व में एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक एवं प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर बोलते हुए श्री पांडेय ने पंडित दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। मौके पर उन्होंने कई भाजपा के तथा कथित वरिष्ठ नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कुछ भाजपाई पंडित दीनदयाल की विचारधारा के प्रतिकूल राजनीति कर रहे हैं। वैसे लोगों से मेरा आग्रह है कि उनके बताये हुए रास्ते पर चलकर राजनीति करें। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला भाजपा में आजकल कुछ लोग व्यक्तिवादी राजनीति करते हैं। वैसे लोग पंडित दीनदयाल जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर राजनीति करें। यही पंडित दीनदयाल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को उन्होंने खून पसीने से सींचने का काम किया। लेकिन कुछ लोग पार्टी में शामिल होकर अपने स्वार्थ की राजनीति करते रहे। जिन्हें बाद में जनता ने सबक सिखाने का काम भी किया। उन्होंने भाजपा के सभी छोटे-बड़े नेताओं से अपील करते हुए कहा कि संगठन में शामिल लोग पंडित दीनदयाल जी के मार्ग पर चलकर अंतिम व्यक्ति की भलाई के लिए कार्य करें न कि अपने स्वार्थ में लगे रहें। मौके पर भाजपा नेता धनंजय तिवारी, चंदन जायसवाल, नंदकुमार गुप्ता, राकेश केसरी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा के अवसर पर गर्ल्स हाई स्कूल में रामायण सीरियल का शुभारंभ

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नवयुवक क्लब चेचरिया की ओर से दुर्गा पूजा के अवसर पर गर्ल्स हाईस्कूल में शनिवार की शाम में रामायण सीरियल का शुभारंभ किया गया। रामायण सीरियल का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बंशीधर नगर थाना के थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि हिरो एजेंसी के प्रो. मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने लोगों को शुभकामना देते हुये शांतिपूर्ण तरीके से रामायण सीरियल का आनंद लेने एवं दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामायण सीरियल के आयोजन से जहां लोगों में भक्ति का संचार होता है। वहीं आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। मौके पर पुलिस पदाधिकारी कुमार विक्रम सिंह, नीतीश कुमार सिंह, नवयुवक क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार, रणधीश कुमार, उमाशंकर प्रसाद, अरुण कुमार, विनय कुमार, कमलेश मेहता, कामता प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल (बब्लू), झामुमो नेत्री नेहा कुमारी, अमरेंद्र दास, मनोज कुमार, कुकू पासवान, कृष्ण प्रसाद, नवीन कुमार, वीरेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सोनदाग पंचायत में शिविर लगाकर आई सैप ने 50 लोगों को दिलाया बूस्टर डोज

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल क्षेत्र के सोनदाग पंचायत अंतर्गत हुरदाग गांव के सीकरदाहा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आई सैप के बैनर तले 50 लोगों को प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण किया गया। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग एवं आई सैप ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे रंका प्रखंड में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आई सैप के विलेज एंबेस्डर मुकेश कुमार पांडेय एवं अमरेंद्र कुमार के द्वारा शहरी एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को सपना सेकंड एवं प्रिकॉशन डोज लेने के लिए निरंतर जागरूक कर रहे हैं। लोग विलेज एंबेसडर, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा स्वास्थ्य सहिया की बातों से प्रेरित होकर लोग टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर टीका करा रहे हैं। प्रखंड के कुछ ऐसे क्षेत्र जहां पर वाहनों का जाना भी संभव नहीं है ऐसे क्षेत्रों में भी विलेज एंबेस्डर अमरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार पांडेय के द्वारा एएनएम को बाइक पर ले जाकर क्षेत्र में लगातार दूसरा और प्रिकॉशंस डोज का टीकाकरण शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण अभियान में आई सैप टीम रंका महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मौके पर सेविका बिंदु कुमारी, सहायिका कुंती देवी, सहिया सारोपती देवी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

कार्यक्रम : वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट में कैपिंग एवं लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन

कुलपति ने विद्यार्थियों को कैप पहना कर व कैंडल देकर शपथ ग्रहण कराया

मुख्य अतिथि कुलपति एवं संस्था के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड के फरठिया पंचायत स्थित वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के बहुउद्देशीय कक्ष में वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं बीएससी नर्सिंग के तृतीय बैच तथा वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग एएनएम के 21वें बैच एवं जीएनएम के चतुर्थ बैच के विद्यार्थियों का कैपिंग एवं लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति डॉ राम लखन सिंह, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा डॉ अनिल कुमार, संस्थान के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह तथा प्राचार्य डॉ मरियम जकारिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग जीएनएम एएनएम के छात्र-छात्राओं को कैप पहना कर हाथों में कैंडल देकर मुख्य अतिथि कुलपति राम लखन सिंह द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

मौके पर नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें नृत्य, क्षेत्रीय संगीत तथा नाटक का आयोजन कर छात्र छात्राओं ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर मुख्य अतिथि कुलपति ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग का उद्देश्य ही जिंदगी की रक्षा करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लग्न के साथ काम करने की सलाह दी। साथ ही साथ उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं को नर्सिंग और देखभाल को और बेहतर उच्च स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस क्रम में असैनिक शल्य चिकित्सा का मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने नर्सिंग की माता फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि सन् 1860 में उनके नाम पर ब्रिटेन में नर्सिंग स्कूल की स्थापना की गई। वह मदर ऑफ मरियम सम्मान प्राप्त करने वाली पहली नर्स व महिला थी। उन्होंने उनके कार्यों और नर्सिंग के क्षेत्र में किए गए उनके योगदान को उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उनके मार्ग पर चलने की सलाह दी। जबकि वहीं दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया तथा मन लगाकर देश की सेवा करने की सलाह दी। मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, वनांचल डेंटल के प्राचार्य टीभी गोपीनाथ, देवकी महावीर होम्योपैथिक के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शैलेंद्र कुमार सिंह, वनांचल स्पीच ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के प्राचार्य डीके तिवारी, वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य मरियम जकारिया, वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य दिव्या तिरु तथा वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस के प्राचार्य अरविंद कुमार सिंह के साथ डेंटल कॉलेज के उपाधीक्षक डॉ अजीत कुमार सिंह, ट्रस्ट के पदाधिकारी सुभाष कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, शंभू राम, राकेश कुमार तथा नर्सिंग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

झारखंड के मुखिया आरक्षण पर पुनर्विचार कर निर्णय लें : गिरिनाथ

गिरिनाथ सिंह ने एससी के आरक्षण घटाये जाने पर नाराजगी जताते हुए आंदोलन की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरिनाथ सिंह ने प्रेस वार्ता कर झारखंड सरकार के द्वारा लागू आरक्षण पर पुनर्विचार कर एससी के आरक्षण घटाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस पर दोबारा विचार नहीं करने पर आंदोलन करने की बात कही है।

मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि 2001 में कैबिनेट ने जो आरक्षण पारित किया था, उसे फिर से यह सरकार उलट रही है और एसटी का आरक्षण 14% से घटाकर 12% कर दी है। मेरे द्वारा उस समय भी 14% आरक्षण देने के बाद पुरजोर तरीके से विरोध किया गया था। मैंने कहा था कि आबादी के अनुसार सभी को आरक्षण मिलना चाहिए। एससी जाति के लोग उपेक्षित वर्ग के हैं। जब पूरे देश में मंडल कमीशन लागू है तो आप क्यों इसकी कटौती कर रहे हैं। इसलिए जो लागू है उसे लागू रहने दें। घटाएं नहीं, बड़ी आबादी के अनुसार 14% से 16% होनी चाहिए और आप 12% घटा दिये।

दूसरी बात स्थानीय नीति को परिभाषित किया गया। उसमें कई जाति भुइयां, उरांव अन्य के पास खतियान नहीं है, और आप कहते हैं मैंने जो वादा किया है उसे पूरा कर रहे हैं। इससे तो जिनको नौकरी चाहिए उनको नौकरी नहीं मिल पाएगी।

वहीं भाजपा कार्यसमिति सदस्य शिवधारी राम ने कहा कि झारखंड का यह दुर्भाग्य है कि एससी और एसटी में भेदभाव किया गया। एसटी का आरक्षण बढ़ा दिया गया और एससी का घटा दिया गया। झारखंड सरकार सही निर्णय ले और नहीं तो जिला सहित पूरे राज्य में आंदोलन करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भंडरिया में मनायी गयी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

जिले के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व मे उनके गृह प्रखंड भंडरिया स्थित बूथ संख्या 401 व 402 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनायी गयी। मौके पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल जन्म से इतने कुशाग्र बुद्धि थे। वे आठवीं से लेकर एमए तक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास करते रहे। स्नातक करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए तथा दो वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरी तरह संघ कार्य के लिए उन्होंने प्रचारक बनना आजीवन स्वीकार कर लिया। देश की तत्कालीन परिस्थितियों के कारण संघ की योजना से दीनदयाल जी ने राजनीतिक जीवन में प्रवेश किया तथा एक अधिवेशन में उन्होंने एकात्म मानव दर्शन पर अपना व्याख्यान दिया। यही व्याख्यान आज पार्टी की विचारधारा का मूल आधार है। इसी में अंतोदय अर्थात अंतिम व्यक्ति तक कल्याण की सोच है। भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दीनदयाल जी के विचारों को और उनके सपनों को गरीब कल्याण की योजनाओं के साथ इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज उनके जन्मदिन के मौके पर जिले के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री जी का मन की बात सुनी गई है।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा महामंत्री विनय जयसवाल, राजेश कुमार वर्मा, अनिल कुमार केसरी, रविंद्र कुमार यादव, सुमित गोस्वामी, रुपेश बैठा, सुधीर मींज आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांडी मंडल भाजपा ने पं. दीनदयाल की जयंती मनायी एवं मन की बात कार्यक्रम को सुना

कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी भाजपा मंडल कार्यालय में पंडित दीनदयाल की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के सभी बूथों पर सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, शशांक शेखर के द्वारा, मझिगावां के सखुईयाखाला, कवालदाग सहित सभी बूथों पर उसके साथ कांडी में सतबहिनी, पतीला, सुंडीपुर, मध्य विद्यालय कांडी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे व कार्यकर्ताओं के द्वारा जयंती मनायी गयी। उसके साथ-साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया। मझिगावां पंचायत के सखुईयाखाला बूथ पर समाजसेवी शंभूनाथ साह, सुरेंद्र पासवान, नागेंद्र सिंह, नरेश पासवान, संतोष चौबे, सुनर रजवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

युवती भगाने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के नामजद फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। मेराल थाना में प्राथमिकी अभियुक्त दस्तगीर अंसारी 27 वर्ष पिता बेलाल अंसारी जो गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव का निवासी है। उस पर मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव से 8 अगस्त को एक युवती को भगा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए परिजन द्वारा केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद कर लिया जबकि दस्तगीर फरार हो गया था। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस ने गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पूजा स्थगित होने पर ग्रामीणों ने प्रशासन को दोषी ठहराया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बीते पांच दशक से भी अधिक समय से प्रखंड क्षेत्र के चपरी दुर्गा बाड़ी में धूमधाम से मनायी जानी वाली दुर्गा पूजा इस वर्ष स्थगित होने पर ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के ढुलमुल रवैये को जिम्मेवार ठहराया। इसका कारण ग्रामीणों ने मंदिर की तथाकथित अतिक्रमित भूमि को निष्पक्ष तरीके से जांच नहीं करना बताया। पूजा कमिटी के पूर्व अध्यक्ष शशि शेखर सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि पदाधिकारियों द्वारा निष्पक्षता से मामले की जांच नहीं किये जाने से आक्रोशित लोगों ने इस बार पूजा नही करने का निर्णय लिया।

आरकेपीएस, गढ़वा का कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक टर्म-1 परीक्षाफल घोषित, विवेक बना स्कूल टॉपर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आज आरकेभीएस के सभागार में आरकेपीएस, गढ़वा, कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक का टर्म-1परीक्षाफल घोषित किया गया।स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इसके पश्चात ओम व ग्रुप के द्वारा गणेश वंदना एवं मुस्कान व ग्रुप के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए निदेशक ने स्कूल से संबंधित गतिविधियों की चर्चा की।उन्होंने सभी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।आगे उन्होंने हमेशा की तरह उपस्थित सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर ध्यान देने व बच्चों को समय देने की बात कही।जब अभिभावक अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे तभी उन्हें अपने बच्चों के बारे में सही जानकारी होगी।आगे अभिभावकों से बच्चों की डायरी नियमित चेक करने, बाईक व स्मार्ट फोन से दूर रखने एवं स्वाध्याय पर जोर देने का आग्रह किया।इस अवसर पर संबंधित कक्षा के सभी शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।अभिभावकों को रिजल्ट के साथ-साथ बच्चों की उत्तरपुस्तिका भी दिखाया गया।कार्यक्रम का संचालन स्कूल के उपप्राचार्य संतोष पांडेय ने किया। परीक्षाफल का परिणाम : कक्षा -6 में भव्य प्रकाश 93%, कक्षा- 7 में कुणाल राज 93%, कक्षा-8 में विवेक कुमार सिन्हा 95.8%, कक्षा- 9 में वकाश खान 85.5%, कक्षा-10 में अंशुल पटनायक 91%, कक्षा- 11 में मनीषा कुमारी 84.8%, कक्षा-12 में शानू प्रिया 90.4% शामिल हैं।

सगमा प्रखंड के सभी 28 बूथों पर मनायी गयी पं. दीनदयाल की जयंती

सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा प्रखंड के सभी 28 बूथों पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसे लेकर सगमा मण्डल के द्वारा प्रत्येक बूथ पर प्रभारी नियुक्त किया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि धर्मजीत यादव, राजेश बैठा, बबलू ठाकुर, सखिचन्द प्रजापति, पारस नाथ यादव, मनिशंकर विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, राजीव रंजन यादव, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, राजेन्द्र राम, मुखिया तेज लाल भुइयां, मुखिया कलावती देवी उपस्थित थे।

विरोध : युवा टाइगर पूजा कमेटी एवं ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ किया रोषपूर्ण प्रदर्शन, कहा

फर्जी मुकदमा एवं भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटा तो नहीं करेंगे दुर्गा पूजा

दान में मिली भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने को लेकर पूजा कमेटी एवं ग्रामीणों ने किया था जांच में पहुंची टीम का घेराव

कृष्णा कुमार यादव

धुरकी। धुरकी अंचल क्षेत्र के टाटीदीरी गांव के युवा टाइगर क्लब के पुजा कमेटी के लोगों ने इसबार दशहरा पूजा नहीं करने का निर्णय लिया है। जिसकी लिखित शिकायत आवेदन के माध्यम से गढ़वा उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधरनगर से भी सूचना देने की बात कही गई है। उल्लेखनीय यह है कि टाटीदीरी में मुख्य चौराहा के निकट मंदिर के सामने तीन डिसमील भूमि बहुत पहले अनुदान में गांव के ही पूजा कमेटी को मिली थी। उक्त भूमि को गांव के ही शंभु प्रसाद गुप्ता के द्वारा कब्जा कर भवन का निर्माण कर दिया गया है। वहीं इसकी शिकायत पूजा कमेटी के अलावा ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय धुरकी में दी थी। इसीके आलोक में अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह एवं अमीन इकबाल अंसारी उक्त भूमि की मापी करने गए थे। वहीं जिस भूमि में मकान का निर्माण किया गया है उसी के अंदर सार्वजनिक कूप भी है और मकान के अंदर है। वहीं मापी करने गए अंचल निरीक्षक एवं अमीन से ग्रामीणों ने यह कहा कि दरवाजे का ताला व कुंडी तोड़कर उक्त भूमि में कुआं को मुक्त किया जाए ताकि आसपास के लोगों को पानी लेने और भरने में सुविधा हो सके। इसी बात को लेकर अमीन और अंचल निरीक्षक पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। वहीं सड़क को अवरुद्ध कर दिया। अमीन और अंचल निरीक्षक का रास्ता पांच घंटे तक रोककर रखा। सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी अरूण कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने उनके भी वाहन के सामने खड़ा होकर उनका भी रास्ता रोक दिया था। इधर अंचल निरीक्षक ने उक्त घटना को लेकर धुरकी थाना में नौ नामजद लोगों के अलावा अन्य अज्ञात ग्रामीणों पर मामला दर्ज कराया था।

इधर इसी से आक्रोशित युवा टाइगर पूजा कमेटी एवं ग्रामीणों ने रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए रविवार को पूजा पंडाल के पास पत्रकारों से कहा कि हमलोग तबतक पूजा नहीं करेंगे जबतक प्रशासन हमलोगों पर किया गया फर्जी मुकदमा एवं पूजा कमेटी को दान में मिली हुई भूमि पर अवैध कब्जा से मुक्त नहीं कराता है तबतक हमलोग दुर्गा पूजा नहीं मनायेंगे। उक्त लोगों ने यह भी कहा कि इस बात की सूचना हमलोग लिखित रूप से उपायुक्त कार्यालय एवं अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधरनगर को लिखित रूप से दिया हूं। इस दौरान पूजा कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पासवान, हिरासत साव, लियाकत अंसारी, सलीम अंसारी, ब्रजेश साव, संजय साव, उदय साव, हरिहर बैगा, महेंद्र यादव, लल्लु भुइयां, प्रदीप ठाकुर, दशरथ विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

दोनों पक्षों को कार्यालय में बुलाया गया है : अंचल अधिकारी

इधर इस संबंध में अंचल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को 28 सितंबर को अंचल कार्यालय में बुलाया गया है। इसके बाद जो लीगल होगा उसके अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

राजद के युवा प्रवक्ता ने झामुमो का दामन थामा

क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य को देख लिया झामुमो में शामिल होने का निर्णय : सतवंत यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रंका विधानसभा के विधायक सह झारखंड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर युवा राजद गढ़वा जिला प्रवक्ता सतवंत कुमार यादव ने अपने दो साथी युवा महासचिव मिंटू यादव एवं हरेंद्र यादव के साथ जेएमएम का दामन थाम लिया।

मौके पर सतवंत कुमार यादव ने बताया कि प्रारंभ से अब तक राष्ट्रीय जनता दल में रहकर अपने कर्तव्य को बखूबी से निभाया, किंतु वर्तमान में क्षेत्रीय विधायक एवं पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्यकाल से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया कि जिस तरह उनके द्वारा हर जनता के लिए सुख दुख में कार्य किया जा रहा है मैं भी उनसे जुड़ कर जनता के लिए एक सहारा बन सकूं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अल्प समय में गढ़वा जिले के साथ राज्य में इतना काम जनता के हित में कर दिये कि मिथिलेश कुमार ठाकुर के साथ उनके पार्टी के लिए हरसंभव सहयोग करना अपना सौभाग्य समझता हूं। इन्हीं सभी बातों से प्रभावित होकर मैंने यह निर्णय लिया कि क्यों ना झारखंड मुक्ति मोर्चा को ज्वाइन कर मैं अपने क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं मंत्री के दिए निर्देश एवं कार्य को जन जन तक पहुंचाऊं और उनका नाम और पार्टी का नाम ऊंचाई तक लेकर जाऊं। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि आपके हित में आपके सुख दुख में आपके लिए मात्र एक ही पार्टी सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा ही है।

तमाड़ की खबरें

राधिका देवी बनीं प्रखंड महिला मोर्चा की अध्यक्ष

बुंडू (आजाद सिपाही)। ताऊ के कुशवाहा भवन में रविवार को आजसू महिला मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से राधिका देवी को प्रखंड महिला मोर्चा का अध्यक्ष और चूड़ामणि देवी को सचिव मनोनीत किया गया। सम्मेलन में सर्वसमिति से कार्यकारी अध्यक्ष सवरणी देवी, प्रधान सचिव रेखा देवी, संगठन सचिव अचरज देवी, कोषाध्यक्ष रोपनी, सह कोषाध्यक्ष कल्याणी देवी, मीडिया प्रभारी अंजना देवी, प्रवक्ता स्नेहा दास, सहसचिव चंचला देवी, उपाध्यक्ष महेश्वरी देवी और सोमवारी देवी को मनोनीत किया गया। इस मौके पर आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा, जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, तमाड़ जिप सदस्य विजय सिंह, मानकी केंद्रीय सचिव संजय महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष राज किशोर, कुशवाहा प्रवक्ता श्याम महतो, ताराचंद मुंडा, जगदीश गुप्ता, प्रदीप महतो, हरिहर महतो, जोगेश्वर महतो व शाहिद समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

सोनाहातू में ग्राम प्रधान संघ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड बजार टांड़ में ग्राम प्रधान संघ की बैठक उपाध्यक्ष जगतपाल बड़ाईक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 1932 खतियान, ग्राम सभा सशक्तिकरण, ग्रामसभा के नियमों का अधिकारीयों की ओर से हनन किया जाना, सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी करना आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें झारखंड के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने, आगला बैठक अनुमण्डल स्तरीय करने, ग्रामसभा को सशक्त करने आदि निर्णय लिया गया। इस मौके पर सचिव गोपाल सिंह मानकी, कानूनी सलाहकार ठाकुर मनमोहन सिंह मुण्डा, कोषाध्यक्ष युगोलकिशोर सिंह मुण्डा, अध्यक्ष प्रतिनिधि ड्ढोलेश्वर सिहं मुण्डा, उपसचिव भुतनाथ सिंह मुण्डा, धीरज सिंह मुण्डा, जीवधन सिंह मुण्डा, रामकिशोर सिंह मुण्डा, हृदय नाथ मुण्डा, दीनबंधु सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

ताऊ मुंडा टोली में करम मिलन समारोह आयोजित

बुंडू (आजाद सिपाही)। ताऊ मुंडा टोली में रविवार को अनुमंडल स्तरीय करम मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंगल सिंह मुंडा ने किया। उन्होंने करम पूजा भी की। इस अवसर पर आदिवासी पारंपरिक पोशाक एवं स्थानीय रीति रिवाज से पूजा-पाठ नाच गान किये। इस मौके पर आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा जिप परमेश्वरी शांडिल प्रमुख फेकला गोंझु ताराचंद मुंडा आदि थे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। महात्मा गांधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता शहीद रमेश रमेश सिंह मुंडा उच्च विद्यालय में नवयुवक संघ नवाडीह टोली बुंडू की ओर से करवाया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्रों का सामान्य ज्ञान का परीक्षा लिया गया है। जिसक रिजल्ट दो अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन प्रकाशित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को साइकिल दिया जाएगा। महात्मा गांधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अध्यक्ष कृतिबास भोक्ता ने कहा कि इस तरह की परीक्षा प्रत्येक वर्ष ली जाती है। वहीं, शिक्षक कार्तिक प्रमाणिक यशपाल कुमार द्वारा परीक्षा में सहयोग किया गया।

जोजोडीह गांव में 25 केवी के ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पेडाईडीह पंचायत के जोजोडीह गांव में 25 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुखिया अनीता देवी ने दिया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य रेखा देवी, समाजसेवी परमेश्वर महतो, परमेश्वर यादव, प्रदीप सिंह मुंडा, हरिनारायण सिंह मुंडा, राजकुमार यादव, अजम्बर स्वासी, नरेश स्वांसी, नीलकांत अहिर, जोगेंद्र मुंडा, अड्डिराम अहिर, गौर मोहन अहिर, रमेश स्वासी आदि उपस्थित थे। बतातें चलें कि आकाशीय बिजली गिरने से महीनों पहले उक्त ट्रांसफॉर्मर जल गया था। जिसके बाद से ही ग्रामीण परेशान थे।

सोनाहातू में मनायी गयी पं. दीनदयाल की जयंती

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के भाजपा बारेंदा मंडल में रविवार को सेवा पखडा के अवसर पर सभी बूथों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रदांजली देकर पंडित जी को याद दिया। साथ ही मंडल के सभी बूथों में पीएम के मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर भाजपा बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने सतिघाट सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जिन्तुडीह में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई एवं मन की बात को सुना। मनोज महतो ने एकात्मवाद और अंत्योदय पर विशेष फोकस किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य चैतन महतो, हीरालाल महतो, मीरा देवी आदि मौजूद थे।

तमाड़ में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनी

तमाड़/अड़की (आजाद सिपाही)। तमाड़ और अंड़की में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने पंडित जी की जयंती पर माल्यार्पण कर याद किया। इस मौके पर तमाड़ के सांसद प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने खखसीडीह में कार्यकर्ताओं के साथ पंडित जी की मनाई। वहीं, सांसद प्रतिनिधि अंड़की अनुप साहु ने अंड़की में जयंती मनाया। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने कहा कि पंडित दी प्रखर राष्ट्रवादी व कुशल संगठन कर्ता के साथ ही एकात्म मानव वाद और अंत्योदय के प्रणेता थे।

छह विकेट से जीत दर्ज कर सोनेट महिला क्लब बनी विजेता

बुंडू (आजाद सिपाही)। टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में सोनेट महिला क्लब बुंडू के साथ साईं महिला क्लब मोराबादी रांची के बीच टी-20 मैच खेला गया। जिसका उद्घाटन डीएसपी अजय कुमार ने किया। इस मैच में सोनेट महिला क्लब विजय रहा। साईं महिला क्लब मोराबादी रांची ने 190 रन का लक्ष्य दिया गया था जिसे सोनेट महिला क्लब द्वारा छह विकेट रहते जीत हासिल कर लिया।

जयंती पर याद किये गये एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय

पंडित दीनदयाल ने रखी थी भारत को विश्व गुरु बनाने की नींव : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता व प्रखर विचारक पंडित दीन दाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरता में पंडितजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। जयंती समारोह में संगठन महामंत्री कर्मपाल सिंह, विधायक कोचे मुंडा, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, खूंटी जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता सहित अन्य कार्यकताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के चित्र पर श्रद्धा सुमन

पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा पंडित जी के अत्योदय का सपना : कर्मपाल सिंह

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उपस्थित विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

अर्पित किये और प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस मौके पर कर्मपाल सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय विचार दर्शन के प्रणेता थे। उन्होने सबको एकसूत्र में जोडने का काम किया। पंडितजी ने समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति के कल्याण के लिए जो सपना देखा था, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वह साकार हो रहा है। वहीं, विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि पंडित जी ने एकात्म मानववाद व अंत्योदय के सिद्धांत के जरिये भारत को विश्वगुरु बनाने की नींव रखी थी। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं, चन्द्रशेखर गुप्ता ने कहा कि एकात्म मानववाद पंडित उपाध्याय का महत्वपूर्ण चिंतन है। मौके पर विस्तारक राहुल नाथ शाहदेव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, भगीरथ राय, दीपक तिग्गा, नीरज जायसवाल, कलीम खान, राजीव महतो, घासीराय मुंडा, अविनाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

मुरहू में भाजपा नेताओं ने चलाया सफाई अभियान

दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस रविवार को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कुंजला गांव में कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर चंदन महतो, बिशुन तांती, कृष्णा महतो, सुरजू महतो, पीतांबर मांझी, मंगरा मुंडा, संजय महतो, धनु महतो, लुरका महतो, दुलार महतो आदि शामिल थे।

पिपरवार में मनायी गयी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

पिपरवार (आजाद सिपाही)। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी,महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पिपरवार मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बुथों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व एवं शुभारंभ मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गई। मंडल अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनकी सोच थी कि हर अंतिम व्यक्ति तक विकास की धाराएं पहुंचाई जाए। समाज के हर व्यक्ति को न्याय मिले। आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय के हर सपने को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं।

खलारी में भाजपाइयों ने बूथ स्तर पर मनायी पंडित दीनदयाल की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

डकरा। खलारी प्रखंड के विभिन्न बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। खलारी में जीप सदस्य सरस्वती देवी, राय में राजू गुप्ता, खलारी बाजार टाड में महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजिनी देवी, तुमांग में शिव कुमार चौधरी के नेतृत्व में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। वहीं बुकबुका के केडी हिन्दुगढ़ी चौक में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल संयोजक रामसूरत यादव ने की। कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चण किया। वहीं अन्य बूथों पर भी जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने प्रतिपादित

राष्ट्रीयता से ओतप्रोत एकात्म मानववाद दर्शन को समझा व उसपर आपस में चर्चाएं की। बताया गया कि पं. दीनदयाल का मत था कि भारत महज जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। यहां की संस्कृति एवं सभ्यता के बिना यह राष्ट्र अधूरा है। पंडित जी के जीवन दर्शन को समझाते हुए उनके द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की परिकल्पना को कार्यकर्ताओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कहा कि देश सदैव पंडित जी द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों के लिए उनका ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में मंडल संयोजक रामसूरत यादव के अलावा मंडल अनुसूचित जाति अध्यक्ष दिलीप पासवान, नरेन्द्र सिंह राजू, प्रदीप प्रमाणिक, रवीन्द्र पासवान, कामेश्वरकुमार निशाद, ड्ढोला राम, डीएन शर्मा आदि मौजूद थे।

मोहननगर में इस बार रक्तबीज व महिषासुर का वध करते दिखेंगी मां दुर्गा

आजाद सिपाही संवाददाता

डकरा। सीसीएल एनके एरिया के आवासीय कॉलोनी मोहन नगर दुर्गा मंडप में 1976 से दुर्गा पूजा हो रही है। उस समय कोयला खदान में काम करने वाले कोयला श्रमिकों के आपसी मेल मिलाप एवं सीसीएल के अधिकारियों के सहयोग पर पूजा की शुरूआत की थी। कुछ वर्षों बाद जिस स्थल में पूजा शुभारंभ किया गया। वहां मंदिर निर्माण कर स्थाई रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, भोग आदि अनुष्ठान किया जाने लगा। वहीं, शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा भी सादगी से लोग मिलजुलकर कर करते आ रहे थे। लेकिन जब क्षेत्र में कई जगहों में भव्य तरीके से पूजा होने लगी तो पूजा समिति के बुद्धिजीवी लोगों ने भी 2001 में भव्य पंडाल बनाकर पूजा करने की परंपरा शुरू की। देखते ही देखते मोहन नगर का दुर्गा पूजा क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ पूजा स्थलों में जाना जाने लगा। पूजा समिति के संरक्षक कृष्णा चौहान बताते हैं कि मोहन नगर आवासीय कॉलोनी के श्रद्धालुओं के सहयोग से यहां भव्य नवरात्रि पूजा में कार्यक्रम का आयोजन होता है। कहा कि इस वर्ष भी पूजा पंडाल में स्वचालित मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाएगी। जिसमें दो चरणों मे राक्षसों से मां दुर्गा का युद्ध दिखाया जाएगा। पहला रक्तबीज का वध करने के बाद महिसासुर का वध की झांकी दिखाई जाएगी।

परेशानी : पांच महीने से बकाया वेतन भुगतान नहीं करने का आरोप

वेतन वृद्धि और बकाया भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों ने बंद कराया आरसीएम साइडिंग का काम

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के आरसीएम साइडिंग में कार्यरत लेबलिंग मजदूरों ने बकाया वेतन और बढ़ोतरी की मांग को लेकर रविवार की शाम से साइडिंग का कामकाज बंद करा दिया है। पिछले पांच महीनों का बकाया वेतन एवं पुराना वेतन लागू करने की मांग को लेकर आरसीएम साइडिंग में कार्यरत असंगठित लेबलिंग मजदूरों ने जमकर नारेबाजी करते हुए साइडिंग में कोयला ढुलाई एवं लोडिंग का काम बंद करा दिया है। साइडिंग का काम बंद करा कर बैठे मजदूरों ने बताया कि हमलोग इस साइडिंग में पिछले पच्चीस वर्ष से लेबलिंग का

साइडिंग का काम बंद कराने के बाद नारेबाजी करते मजदूर।

काम करते आ रहे है। इस कार्य के बदले पूर्व में हम लोगों को प्रतिमाह 12 हजार रुपए वेतन के रूप में मिलता था, लेकिन लोडिंग एवं लेबलिंग का नया टेंडर जबसे देव ट्रेडिंग को मिला है तब से कम रेट का बहाना बनाकर तीन हजार कर दिया गया है। उसका भुगतान भी पिछले पांच महीनों से नहीं किया जा रहा है। मजदूरों ने ठेकेदार और साइडिंग प्रबंधन की मिलीभगत से मजदूरों का आर्थिक और शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि इस साइडिंग में पिछले 25 वर्ष से करीब 25 की संख्या में असंगठित लेबलिंग मजदूरों द्वारा रैक लोड होने के बाद उसकी लेबलिंग का काम किया जाता रहा है। समय समय पर ठेकेदारों के बीच टेंडर के समय काम लेने की प्रतिद्वंदिता के कारण काफी कम दर पर टेंडर डालकर काम ले लिया जाता है। जिसकी भरपाई ठेकेदार मजदूरों के मजदुरी में कटौती कर करते है। मजदूरों की समस्या यह है कि इतने दिनों तक यहां काम करने एवं काफी उम्र हो जाने के कारण वह कही और काम भी नहीं कर सकते। उधर, समाचार लिखे जाने तक साइडिंग में कोयला ढुलाई एवं लोडिंग सहित सभी काम ठप है।

महत्वपूर्ण न्यूज

ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

कर्रा (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र के छोटा उड़िकेल मोड़ समीप रेलवे ट्रेक से रविवार को पुलिस ने 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे रेलवें सुरक्षा बल की ओर से कर्रा थाने को सूचना दी गई कि कर्रा- लोधमा रेलवें स्टेशन के बीच छोटा उड़िकेल के नजदीक पोल संख्या 457/11 के समीप अज्ञात व्यक्ति का ट्रेन से कटने के कारण मौत हो गयी है। मृतक व्यक्ति का चेहरा और पैर बुरी तरह क्षतविक्षत हो गया है। जिस कारण शव कि पहचान नहीं हो पायी है। मृतक व्यक्ति काला चेक का नीकर व लाल रंग की जांघिया पहना हुआ है। कर्रा पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद खूंटी शीटगृह में रखी है।

वज्रपात से मजदूर समेत दर्जनभर मवेशियों की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चलागी गांव निवासी माधव लोहरा नामक 30 वर्षीय मजदूर की रविवार को बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर में मजदूरी करने वाला माधव लोहरा दोपहर बाद काम खत्मकर बगल के गांव से अपने हाथ में स्टील का लंच बॉक्स पकड़कर पैदल ही मैदान के रास्ते अपने घर लौट रहा था। तभी मैदान में आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे अपने साथ थाना ले आयी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया जाएगा। दूसरी ओर मुरहू प्रखंड की बिचना पंचायत के जलटंडा गांव में बारिश के दौरान हुए वज्रपात से दो गाय सहित दर्जनभर बकरियों की मौत हो गई। बताया गया कि चरने के दौरान सभी मवेशी एक पेड़ के समीप खड़े थे। उसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सभी उसकी चपेट में आ गए। वज्रपात से हताहत होने वाले सभी मवेशी गांव के जदू राम, परिबल राम, रघु राम आदि ग्रामीण के बताये जा रहे हैं।

कलश स्थापना के साथ आज से दुर्गा पूजा शुरू

खूंटी (आजाद सिपाही)। कलश स्थापना के साथ ही सोमवार से दुर्गोत्सव शुरू हो जायेगा। मंदिरों, पंडालों के अलावा लोग घरों में भी नवरात्रि अनुष्ठान की तैयारियों में जुट गये हैं। दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाये जा रहे हैं। पंडितों के अनुसार इस बार कलश स्थापना का दिनभर शुभ मुहूर्त है। कलश स्थापना के बाद भक्त मातारानी के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही नव दिनों तक चलने वाला चंडीपाठ की शुरूआत हो जायेगी। नवरात्र का समापन चार अक्टूबर को होगा, जबकि विजय दशमी पांच अक्टूबर को मनायी जायेगी। बाबा आम्रेश्वर धाम स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित सच्चिदानंद शर्मा के अनुसार इस बार मातारानी का आगमन गज अर्थात हाथी में हो रहा है, जो सब दृष्टिकोण से शुभ फलदायी है। दूसरी ओर, नवरात्रि को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। कोरोना संकट के कारण माता दुर्गा के भक्त दो वर्षों तक पूजा-अर्चना नहीं कर पाये थे। इस बार कोरोना का असर कम होने के कारण नवरात्रि को लेकर बाजार में गुलजार है। फलों और पूजा सामग्री की दुकानों के अलावा कपड़ों की दुकानों में भी ग्राहको की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। उधर, खूंटी जिले में मौसम के बदलते मिजाज ने पूजा समितियों की चिंता बढ़ा दी है। लगभग हर दिन यहां कम या अधिक वर्षा हो रही है। इसके कारण पंडाल निर्माण में कारीगरों को परेशानी हो रही है।

मैकलुस्कीगंज में पुल निर्माण के लिए रखी चार टन लोहे की छड़ चोरी, जांच शुरू

मैकलुस्कीगंज 9आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में एक पुल निर्माण स्थल से चार टन लोहे की छड़ की चोरी कर ली गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ठीकेदार द्वारा कराए जा रहे पुल निर्माण में चोरी हुई है। शनिवार की रात पुल निर्माण के लिए रखे छड़ को अंधेरे और बारिश का लाभ ले कर उठा ले गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मैकलुस्कीगंज चट्टी नदी में टोरी से पतरातु तक रेलवे लाइन का कार्य केईसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। पुल निर्माण में ठेकेदार के एक व्यक्ति संजय कुमार ने बताया कि पुल नम्बर 133 का निर्माण कार्य चटी नदी पर चल रहा है। जहां पूल ढालने के लिय छड़ काट कर रखा हुआ था। शनिवार की रात्र में अज्ञात चोर अंधेरे और बारिश का लाभ उठाकर लगभग चार टन छड़ उठा ले भाग्ग गए हैं। घटना की सूचना मैकलुस्कीगंज पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

झारखंड मूलनिवासी संघ गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड स्थित हुटाप पंचायत भवन में झारखण्ड मुलनिवासी संघ के गठन को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता फारूक रजा व संचालन तौहिद अंसारी ने किया। बैठक में झारखण्ड मुलनिवासी संघ के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। मुलनिवासी संघ के लिये कोष की व्यवस्था करने को लेकर भी चर्चा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व क्षेत्र में बेरोजगारी के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही अगली बैठक में संगठन के विस्तार करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक राम, सहदेव मुण्डा, मो इसलाम, भुनेश्वर उरांव, संतोषी देवी, अमिता देवी, किरण कुमारी, सीमा देवी, केशो देवी, फुलमती देवी, रीतु देवी, शांति देवी, सुमित्रा देवी, विक्की,रामकुमार गंझु, संजय भुईयां, कार्तिक भुईयां, कलमतिया देवी, सहेला खातुन, सबीता देवी, संजय कुमार, शीला पेंटोनी, सायरा बानो, आसमा खातुन आदि उपस्थित थे।

36वें राष्ट्रीय खेल के लिए पिपरवार से तीन वुशू खिलाड़ियों का हुआ चयन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। गुजरात में होने वाले 36वां राष्ट्रीय खेल के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से तीन वुशू खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चियनित खिलाड़ियों में पिपरवार के बेंती पंचायत के पाहनटोंगरी निवासी अविनाश गंझु, बचरा बस्ती निवासी अंकित कुमार और टंडवा निवासी रोशन रजक का नाम शामिल है। खिलाड़ियों के कोच रजी अहमद ने बताया कि उक्त तीनों खिलाड़ी पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर वुशू प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर चतरा जिला सहित झारखंड का नाम रोशन कर चुके हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर उनका चयन किया गया है। उक्त तीनों खिलाड़ी झारखंड राज्य की टीम की ओर से भाग लेंगे।

अरसंडे खेल मैदान में आइएमए अध्यक्ष डॉ शंभू और समाजसेवी पंकज सिंह ने किया पौधरोपण

कांके (आजाद सिपाही)। कांके प्रखंड के ग्राम पंचायत अरसंडे में मनरेगा द्वारा खेल का मैदान बनाने की योजना की स्वीकृति मिलने के बाद से खेल मैदान को विकसित करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। इसी के तहत रविवार को समाजसेवी पंकज सिंह व आईएमए रांची अध्यक्ष कांके जेनरल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ शंभू प्रसाद सिंह द्वारा 25 अशोक व 25 यरीपा पम्प कुल 50 पौधों का इस खेल मैदान के चारों तरफ रोपण किया गया। समाजसेवी पंकज सिंह, डॉ शंभू प्रसाद सिंह व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कभी भी भविष्य में इस भूमि पर खेल मैदान के अलावा किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किया जाएगा। न ही करने दिया जाएगा। यह सिर्फ खेल मैदान ही रहेगा और इसमें जो भी आमजन अपना सहयोग देना चाहें वह सहयोग कर सकते हैं, ताकि यहां के बच्चों को खेल मैदान में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो और सारी सुविधा इस मैदान में खिलाड़ियों को मिले। इसकी भी तैयारी हम सभी आम जनों एवं जनप्रतिनिधियों को करनी चाहिए। कार्यक्रम में पंकज सिंह, डॉ शंभू प्रसाद सिंह, मुखिया नीलू पाहन, स्वयंसेवक चंद्रदीप कुमार, डॉ नरेश प्रसाद, ग्राम प्रधान सुकरा पाहन, पूर्व मुखिया अर्जुन टोप्पो, सरोज देवी, मुकेश साहू, ओलिवा टोप्पो, नीरज यादव, छोटे पंडित, राजीव रंजन, रोहित सिंह के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

बेड़ो में पहली बार मनाया गया बिटिया दिवस

बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मंदिर परिसर स्थित सत्संग भवन में रविवार को बेड़ो संच के तत्वावधान में बिटिया दिवस मनाया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ संच के डा. रमेश गुप्ता, मुकेश कुमार राय, शिवेन्द्र सौरभ ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। वहीं बेटियों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सम्मानित किया गया। जहां वक्ताओं ने कहा कि बेड़ो में पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा घोषित बिटिया दिवस पर बेटियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। लोग आज भी भ्रूण हत्या कर रहे हैं जो एक अपराध है। बेटियों को भी अच्छी शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। ताकि उन्हें भी अच्छा जीवन मिल सके। आज बेटे-बेटियों में कोई फर्क नहीं है। बस जरूरत है बेटियों को संजोने की। मौके पर उपस्थित बालिकाओं ने कहा कि बिटिया दिवस की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। इस तरह यह जानकार बहुत खुशी हुई कि उनके लिए पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा पर बिटिया दिवस मनाया जा रहा है। जो हमारे लिए अद्भुत क्षण है। मौके पर बालिकाओं के साथ कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

रातू में स्वतंत्रता सेनानी ठेबले उरांव के स्मारक स्थल का किया गया भूमि पूजन

रातू (आजाद सिपाही)। महान स्वतंत्रता सेनानी ठेवले उरांव का स्मारक स्थल प्रशासन द्वारा रेखांकित जगह गुडु में कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराम महतो ने विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर भूमि पूजन किया। इसके उपरांत स्मारक बोर्ड भी लगाया गया। डॉ महतो ने कहा कि ठेवले उरांव के सपनों को साकार करने के लिए हम सबों को मेहनत करने की आवश्यकता है। रातू के गुडू में 25 नवंबर, 1863 को जन्मे ठेबले उरांव रांची के प्रथम सासंद थे। उन्होंने शोषित, पीड़ित, किसान आदिवासियों के जीवन स्तर को उठाने का जो संकल्प लिया, उसे जीवनभर निभाते रहे। इसके लिए उन्होंने 1915 में उन्नति समाज की स्थापना की। 1930 में छोटानागपुर किसान सभा की स्थापना की। इनके माध्यम से आदिवासी समाज को जागरूक करने का भी काम किया। बहुत कम साक्षर होने के बावजूद झारखंड के ठेबले उरांव ने शिक्षा की अलख जगायी। झारखंड में गोरक्षा आंदोलन चलाया। महात्मा गांधी के संपर्क में आये, आदिवासी किसान संगठन बनाकर उन्हें जागरूक करने का काम किया था। कार्यक्रम में ठेबले उरांव के वंशज शिवशंकर नीलकंठ, विजय उरांव, हुना उरांव, सोहराइ उरांव, सुखदेव उरांव, चन्द्र उरांव, जीतराम उरांव, बसन्ती तिर्की, रतिलाल उरांव, रुपु उरांव, मुन्ना उरांव के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

इटकी में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी में रविवार को चेहल्लुम के मौके पर जुलूस निकाला गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ मेला भी लगा। केंद्रीय मुहर्रम कमेटी व मुहर्रम एक्शन कमेटी इटकी के तत्वावधान में बाजार परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार चान्हो के बिजुपाड़ा अखाड़ा को दिया गया। द्वितीय सिसई के करकरी व तृतीय पुरस्कार सकरपदा मांडर ने हासिल किया। पुरस्कारों का वितरण व प्रतियोगिता का उद्घाटन आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी टोप्पो, झामुमो के आजम खां व थाना प्रभारी रजनी रंजन ने किया। इससे पूर्व गुलामटोली, रानीखटंगा, गुलजार रोड, मोरो, कुंदी व झिंझरी सहित कई अन्य गांवों के अखाड़ा धारियों द्वारा गाड़ी पर डीजे बैंड बाजा के साथ जुलूस निकाले गये। मौके पर प्रखंड के उप प्रमुख परवेज राजा, अफसर इमाम, कलीम अंसारी, मेराज आलम, बबलू हाशमी, इकबाल अंसारी, मुजीबुल्लाह, वसीम अंसारी, लाला खान, विक्की, सलीम, मोइन, आरिफ सहित अन्य शामिल थे।

नगड़ी में महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ सह दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकलेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते समिति के अध्यक्ष आदित्य केशरी, महामंत्री राहुल चौधरी और कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात महतो ने बताया कि 26 सितंबर सोमवार को भव्य कलशयात्रा सात बजे से निकलेगी, जो परंपरागत मार्गों से होते हुए रानी चुंआ तक जायेगी। इसके बाद कलश में जल लेकर वापस दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। जहां कलश स्थापना की जाएगी। पूजन के बाद 51 पाठकर्ताओं को आचार्य शत्रुघन चतुर्वेदी के द्वारा रामचरितमानस का पाठ कराया जाएगा। शाम 7 बजे से बृंदावन से पधारी मानस किंकिरी साध्वी कृष्णा देवी का प्रवचन होगा।

बेड़ो में गायत्री परिवार ने किया पौधरोपण

बेड़ो (आजाद सिपाही)। मनुष्य जीवन काल में इंसानों को कम से कम एक एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए। उक्त बातें रविवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित परिसर में आंवला व नीम के पौधों का पौधरोपण करते हुए जनजागृति अभियान गायत्री परिवार बेड़ो के राजेश्वर सिंह ने कही। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार शक्तिपीठ धुर्वा सेक्टर 2 के सहयोग से किया गया। जहां महादानी मंदिर परिसर में आंवला व नीम पेड़ का पौधा का रोपण किया गया। मौके पर अभिषेक कुमार, राजन, फौजदार रामकुमार सिंह, तुलसी साहू, करुणानिधि, यशोदा देवी, कमला देवी, माधुरी गुप्ता, अनीता देवी, शीला देवी, अंजु देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम : अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल का 11वां द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

रामकुमार दीपक जीडीएस संघ के प्रमंडलीय सचिव निर्वाचित

अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगेश्वर साहू को 91 वोटों के अंतर से पराजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल का 11वां द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को साईं मंदिर प्रांगण लापुंग बेड़ो में संपन्न हुआ। अधिवेशन में विगत अधिवेशन की कार्यवाही की संपुष्टि, वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तुतीकरण, आय-व्यय का व्योरा सहित अन्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात अगले सत्र के लिए संघीय पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया।

प्रमण्डलीय सचिव पद के लिए वर्तमान सचिव जगेश्वर साहू एवं रामकुमार दीपक ने अपना नामांकन किया। सर्वसम्मति से चुनाव नहीं हो पाने की स्थिति में मतदान कराया गया। चुनाव पर्यवेक्षक अजय कुमार एवं अमर कु वर्मा की देखरेख में हुए चुनाव में रामकुमार दीपक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगेश्वर साहू को 91 वोट के अंतर से पराजित कर प्रमंडलीय सचिव पद पर कब्जा जमाया।

रामकुमार दीपक को 190 वोट मिले जबकि जगेश्वर साहू को 99 वोट प्राप्त हुए।

वहीं अध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र प्रमाणिक, उपाध्यक्ष कृष्णाकांत ठाकुर, जयराम महतो, बुधनाथ साहू, संगठन सचिव नसीम अहमद, सलील कु प्रजापति, तुलसी प्रमाणिक, बैजनाथ गोप, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, सह कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, जगन्नाथ महतो एवं आशीष कु महतो का चुनाव किया गया।

इस अधिवेशन में टाटीसिलवे, सिल्ली, तमाड़, राहे, बुंडू, सोनाहातू, बेड़ो, कर्रा, मांडर, चान्हो, ओरमांझी, अनगड़ा, सिकिदीरी, इटकी, नगड़ी, कांके सहित अन्य प्रखण्ड के सैकड़ों ग्रामीण डाककर्मी शामिल हुए।

हडसेर जतरा स्थल पर जतरा खूंटा शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन

आदिवासी सेना के नेतृत्व में सभी जतरा स्थलों पर जतरा खूंटा का निर्माण कराया जायेगा : अजय कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। प्रखंड के कुदलौंग पंचायत स्थित हडसेर जतरा स्थल में रविवार को आदिवासी सेना व आदिवासी सरना समिति हडसेर, डहुटोली, पीएचडी के संयुक्त तत्वावधान में कुदलौंग पंचायत के हडसेर जतरा स्थल पर जतरा खूंटा शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर स्थानीय ग्राम पाहान, पईनभोरा व समिति के अध्यक्ष अजय कच्छप ने विधिवत पारंपारिक संस्कृतिक, विधि-विधान से पूजा कर जतरा खूंटा का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आदिवासी सेना केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप ने बताया कि आदिवासी सेना के नेतृत्व में झारखंड राज्य के समस्त क्षेत्र के स्थानीय व क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों से मिलकर सांस्कृतिक अखाड़ा, धार्मिक स्थल, जतरा स्थल, सरना, मसना व अन्य स्थलों को सुरक्षित व संरक्षित कर रखने के लिए सबसे पहले जतरा स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया गया है जो कि नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के चेटे पंचायत में निर्मित ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा सांगा पड़हा जतरा स्थल चेटे के तर्ज पर सभी जतरा स्थलों पर जतरा खूंटा का निर्माण कराया जायेगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद-39 वेद प्रकाश सिंह, आदिवासी सेना कार्यकारी अध्यक्ष सह एचईसी विस्थापित नेता राहुल उरांव, चिलगु कच्छप, प्रकाश तिर्की, सुमन लोहरा, पहान, गुडु पहान, गोपी पहान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

समाज के उत्थान के लिए युवा आगे आयें : प्रभुदयाल बड़ाईक

ओरमांझी में झारखंड चीक बड़ाईक युवा संगठन की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

ओरमांझी। ओरमांझी में रविवार को झारखंड चीक बड़ाईक युवा संगठन की बैठक संगठन के केंद्रीय महासचिव सतीश बड़ाईक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में ओरमांझी, अनगड़ा, नगड़ी, नामकुम के अलावे बरियातू एवं गुमला जिला से चीक बड़ाईक समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा समाज के युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए भी चिंतन करने की आवश्यकता है। इसके लिए सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना होगा।

सतीश बड़ाईक ने कहा कि आज हमारा समाज बहुत ही पिछड़ा समाज है। इसका मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। यह समय है समाज के बच्चों को शिक्षित करने का, तभी हमारा समाज विकास कर पायेगा। समाज के युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करने की आवश्यकता है। ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक ने कहा महिलाओं को भी समाज के विकास के लिए आगे आने की जरूरत है। बैठक का संचालन केंद्रीय उपाध्यक्ष अशोक बड़ाईक ने किया।

बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने ओरमांझी पंचायत से लगातार तीन बार प्रचंड बहुमत से मुखिया निर्वाचित होने पर मुखिया दीपक बड़ाईक को चीक बड़ाईक समाज की तरफ से सम्मानित किया एवं चीक बड़ाईक समाज का रांची जिला महासचिव मनोनित किया। दुर्गा बड़ाईक को रांची जिला का सचिव मनोनित किया एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में शंकर बड़ाईक, बीरबल बड़ाईक, जीतू बड़ाईक, मोहन बड़ाईक, रंजीत बड़ाईक, लालधारी बड़ाईक, विक्की बड़ाईक, दीपक कुमार, अकलू बड़ाईक, शंकर बड़ाईक, दुर्गा बड़ाईक, करिश्मा बड़ाईक, जगमति बड़ाईक, अनिता देवी बड़ाईक नवीन बड़ाईक के आदि उपस्थित थे।

मुखिया की पहल पर चतरा पंचायत में लगा ट्रांसफॉर्मर

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे क्षेत्र के चतरा पंचायत के साढूजारा टोली में नया ट्रांसफॉर्मर मुखिया डोली मुंडा एवं पूर्व मुखिया सोहन मुंडा के प्रयास से लगाया गया। जिसका उद्घाटन बुढ़ीबेड़ा के पाहन द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर व मुखिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुखिया डोली मुंडा ने कहा कि पिछले कई दिनों से गांव में ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा था। ग्रामीणों की मांग को अति आवश्यक समझकर मैंने बिजली विभाग से सम्पर्क कर नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर साढूजारा टोली में बिजली को सुचारु रूप से चालू करवाया। मौके पर ग्राम प्रधान मोहन उरांव, जगर महतो, जगलाल महतो, नवीन लिण्डा, देवेश महतो, सोहरईया महतो आदि उपस्थित थे।

जयगुरुदेव के शिष्यों ने शाकाहार रैली निकाली

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। जय गुरुदेव नाम योग साधना स्थल मेला टिकरा नगड़ी के दर्जनों शिष्यों के द्वारा नगड़ी, देवरी, बसिला, साहेर सहित कई गांवों में शाकाहार रैली निकाली गयी। मौके पर जय गुरुदेव के शिष्यों ने लोगों से मांस मछली त्यागकर शाकाहार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा मांसाहार रहने से मानव कई तरह की बिमारियों से ग्रसित हो जाते हैं, इसलिए आप मांसाहार को त्यागकर सादा शाकाहार जीवन शैली में रहने का हरसंभव प्रयास कीजिए, जिससे आपका जीवन सफल हो सके। मौके पर जागरूकता रैली में जय गुरुदेव नगड़ी प्रखंड के दर्जनों शिष्य शामिल थे।

कार्यक्रम : बारीडीह जतरा मैदान में करमा मिलन समारोह का आयोजन

सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है : नीलमणि भगत

बारीडीह मैदान में 12 पड़हा व 21 पड़हा ने किया समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के बारीडीह मैदान में 12 पड़हा व 21 पड़हा के तत्वावधान में रविवार को करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पड़हा संचालन समिति की मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत, अध्यक्ष जुगेश उरांव, उपाध्यक्ष राकेश भगत, कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव,कोषाध्यक्ष पीटर तिर्की, भौआ उरांव, वाणी कुमार रॉय व देवनीश तिग्गा आदि मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए नीलमणि भगत ने कहा कि करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बचाये रखना हम सभी का दायित्व है। इसके लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है।

वहीं जुगेश उरांव ने कहा कि झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है। उन्होंने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। इधर करमा मिलन समारोह में 8,10,12,21 व 24 पड़हा तथा 17 मौजा के पहान, मुंडा व सांगा अपने खोड़हा मंडली, ढोल, ढाक, मांदर व परंपरागत वेशभूषा के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे।

इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ पहान सोमरा भगत व महतो सुका उरांव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार रॉय ने किया। वहीं समारोह को सफल बनाने में बंधना उरांव, घिनु उरांव, महादेव मुंडा, प्रो सोमरा उरांव व रवि बेक समेत दर्जनों लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल की जयंती मनायी एवं सुनी पीएम के 'मन की बात'

नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती मनायी। मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर मनोज सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कार्यकर्ताओं को उनके पदचिन्हों पर चलने का आग्रह किया। वहीं, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। साथ ही पंचायतों के सभी बूथों पर मन की बात सुनी गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रज्ञा भारती, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, गोरखनाथ सिंह, हरीश कुमार गंझू, तुलसी गोप, राजू नायक, दिलीप सिंगयाल, सोहराई पाहन, पूनम देवी, सरस्वती देवी, सुलो देवी, किरण कुमारी, आशा देवी, पुष्पा चैधरी, अरविंद कुमार, शिल्पी शालिनी, सुरेश, बबलू, रमेश, विक्रम, सुनील, चंचल आदि उपस्थित थे।

बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को एकात्म मानववाद व अंत्योदय के दर्शन से शांति व विकास का मार्ग दिखाने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बेड़ो व नरकोपी मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनायी। कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, राजेश साहू, सुखदेव कच्छप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

नगड़ी भाजपा मंडल ने विभिन्न गांवों में मनायी पं. दीनदयाल की जयंती

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी भाजपा मंडल के द्वारा रविवार को चेकपोस्ट, लोधमा रोड स्थित लोहिया पब्लिक स्कूल, साहेर सेमर टोली के विभिन्न गांवों के बूथ केन्द्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सह मन की बात समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर नगड़ी भाजपा मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिविर में 70 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

नामकुम (आजाद सिपाही)। द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर टाटीसिलवे की ओर से रविवार को खूंटी जिला के दियाकेल पंचायत भवन तोरपा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 70 मरीजों की जांच कर दवा दी गयी। मौके पर हॉस्पिटल के संचालक डॉ एसके निराला ने कहा कि सेवा के लिये सप्ताह में दो बार हॉस्पिटल द्वारा कैंप लगाया जाता है। जिससे जरुरतमंद लोगों को इसका लाभ दिया जा सके। शिविर को सफल बनाने में हॉस्पिटल के संपर्क अधिकारी दिवा पासवान, सूरज कुमार, सिस्टर प्रमिला कुमारी, सोनाली खलखो, सुषमा महतो, शीतल महतो, विकास कुमार आदि शामिल थे।

पिठोरिया में सर्पदंश से युवती की मौत

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। पिठोरिया थाना क्षेत्र के सुतियांबे गांव निवासी मंजु कुमारी (21) पिता किशन नायक की मौत विषैले सांप के डंसने से हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार रात 10 बजे के करीब पैर में कुछ काटने का आभास हुआ। उसने तुरंत अपनी मां को इस बारे में बताया। मां ने पैर में यहां-वहां देखा पर कुछ भी दिखाई नहीं दिया। उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया। रविवार की सुबह मंजू कुमारी की स्थिति नाजुक होने पर उसके पिता ने आनन-फानन में उपचार के लिए रिम्स में एडमिट करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चान्हो में पीएलएफआइ का सदस्य गिरफ्तार

चान्हो (आजाद सिपाही)। चान्हो पुलिस ने टीम गठित कर पीएलएफआई के सदस्य सुरेश महतो को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि काफी दिनों से पुलिस को सुरेश की तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार के साथ टीम गठित कर सुरेश महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

उत्कर्षिणी फाउंडेशन ने किया साड़ी का वितरण

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। कुच्चू पंचायत अंतर्गत बदरी गांव के सामुदायिक भवन परांगण में उत्कर्षिणी फाउंडेशन राची के द्वारा गरीब, असहाय, व जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साड़ी का वितरण ताजा खबर के चीफ ब्यूरो संजय वर्मा एवं फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष मीनू दास गुप्ता व पूर्व पंसस पंचमी देवी ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत के बदरी, अंबाटुंगरी, भुकभुकिया, खभावन, बुटगोडा. एवं हुण्डरू आदि गावों के एक सौ महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता पार्वती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत दत्ता, स्वाति सिन्हा रवि कुमार, अमिताभ श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया,आकला कुमार रोशन कुमार बेदिया, कल्पना देवी, उजाला देवी आदि मौजूद थे।

किला परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

रातू (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर ऐतिहासिक राजकिला परिसर में रविवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा व मेले की विधि व्यवस्था व सुरक्षा से लेकर भव्य दुर्गा पूजा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। रातू राजमहल में आयोजित एतिहासिक पूजा कार्यक्रम एवं इस अवसर पर लगने वाले मेले को शांतिपूर्ण तरीके से लगाने पर विचार विमर्श किया गया। मूर्ति विसर्जन दशमी को किया जाएगा। बैठक में सीओ प्रदीप कुमार, एएसआई चमरा मिंज, परशुराम सिंह, फूलकुमारी देवी, सुषमा तिर्की, राजेन्द्र खलखो, संजय बैठा, प्रिंस राज, महेश्वरी देवी आदि लोग मौजूद थे।

श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

जय माता दी के जयकारे से गूंज उठा पूरा शहर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा में जय मातादी के जयकारे से पूरा शहर गूंज उठा। नवरात्र के पूर्व संध्या पर महालया दिवस को शहर में निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों शहरवासी शामिल थे। श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दूर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा का रेड़मा ठाकुरबाड़ी के द्वारा भव्यता के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ में श्री दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के सभी पदाधिकारियों को गेरुआ अंगवस्त्र(गमछा) देकर सम्मानित किया गया। ठाकुरबाड़ी पूजा समिति के मनीष तिवारी, उत्तम सिंह, संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, पारस विश्वकर्मा, पंकज सिंह एवं संदीप सहित कई सदस्यों ने शोभायात्रा के स्वागत समारोह में शामिल थे। इसके पश्चात गाजे बाजे एवं माता रानी के जयकारे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा की भव्यता देखते बन रही थी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कोयल तट स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के संरक्षक अनील सिंह, अविनाश देव, बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष ललन सिन्हा, नवीन तिवारी, वीएम पांडेय, हरिशंकर सिंह, रमेश शुक्ला, सतीश तिवारी, कमल गुप्ता, अनील दुबे, चंदन तिवारी, धीरज मिश्रा, संजय राज, जितेंद्र सोनी, प्रेम कुमार गुप्ता, रुपा सिंह, मंजूलता दुबे, किरण अग्रवाल, रुबी सिंह, विवेकानंद त्रिपाठी, लीलावती देवी, रजनीश सिंह, रवि शर्मा, मोनू सिंह, मनीष भिवानिया, छोटू त्रिपाठी एवं पप्पू ट्रांसपोर्ट सहित सैकड़ों शहरवासी शामिल थे।

कलाकार और साहित्यकारों के लिए बंगाली समिति और मासूम ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

वोटर और आधार कार्ड लिंक करने का लाभ मिला

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रविबार को बंगाली समिति और मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा स्थानीय दुर्गा बाड़ी में कलाकारों के लिये भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशाषन के सहयोग से कलाकारों के लिए आधार एवं वोटर कार्ड लिंक और आधार अपडेट कैम्प भी लगाया गया। शिविर के आयोजन में ऑल इंडिया थियेटर काउंसिल, वंगीय दुर्गाबाड़ी, साझा मंच, गुलशन, अंशु आर्ट, कशिश, संस्कार भारती सहित कई संस्थाओं का सहयोग रहा। इसका उद्घाटन सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, एनडीसी शैलेश सिंह, मेडिका के डॉ केसी लाल, डॉ अमित कुमार, डॉ सुरेश, वरीय कलाकार राजाराम मिश्रा, सचिदानंद तिवारी, आशुतोष पांडेय, श्यामलाल मिश्रा, शर्मिष्ठा सिन्हा,प्रेम प्रकाश,प्रेम भसीन, पूर्व सैनिक सह समाजसेवी ब्रजेश शुक्ला, बंगाली समिती के प्रभाष रंजन दाशगुप्ता, कवि नवीन सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीओ श्री साह ने कहा कि कलाकार और साहित्यकार समाज के लिए सोचते है ऐसे में कोई संस्था उनके लिए कैम्प का आयोजन करें यह अभूतपूर्व है। इस तरह के आयोजन साल में अनेकों बार किया जाना चाहिए। एनडीसी श्री सिंह ने कि बंगाली समिति और मासूम आर्ट ग्रुप सभी कलाकारों के लिए बेहतर काम किया है। कार्यक्रम का संचालन अशफाक अहमद ने किया। अतिथियों का स्वागत सुमित भत्त्याचार्य, शौभिक दत्ता, राम किशोर पांडेय, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर भांजा, उज्ज्वल सिन्हा, कामरूप सिन्हा, नुदरत नवाज, आशा शर्मा, मनीषा सिंह, अमन चक्र, श्याम किशोर पांडेय ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में शक्ति सिंह, कुमार गौरव, राहुल रंजन,सुदेश्वर राम,सौम्या सिंह, अहमद रजा, गुलशन मिश्रा, रविशंकर, पवन शर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, एलिजाबेथ गुड़िया,शालिनी श्रीवास्तव, मनीष कुमार,सिकंदर कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर रमेश पाठक, डॉ विजय शुक्ला, सुमन मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा, अनिता शुक्ला, प्रकाश कुमार, संतन कुमार, उमेश कुमार पाठक, इंदु तिवारी, राकेश कुमार आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने किया।

शिविर में 150 कलाकरों ने लिया लाभ

स्वास्थ्य जांच, आधार से वोटर कार्ड लिंक एवं आधार अपडेट शिविर का लाभ 150 से अधिक कलाकार एवं साहित्यकारों ने लिया। मेडिका का वरीय चिकित्सक डॉ केसी लाल ने कहा कि शिविर में जिस तरह से कलाकारों ने सहभागिता निभाई उससे उत्साहित होकर भविष्य में भी इसतरह के शिविर लगाये जा सकते है।

नवाह्न परायण यज्ञ को लेकर महावीर जी भवन से निकली कलश यात्रा

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 42 वां रामचरितमानस परायण महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। नवाह्न परायण महायज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कलश यात्रा की शुरूआत महावीर जी भवन यज्ञस्थल से की गयी। जो नगर भ्रमण करते हुये देवरी सोन नदी पहुंची। जहां मानस नगरी रजवरिया से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय एवं मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। पुनः कलशयात्रा में शामिल लोग यज्ञस्थल पहुंचे। इसके बाद आचार्य द्वारा कलश स्थापित की गयी। संपूर्ण महायज्ञ अनुष्ठान आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में संपन्न होगा। 26 सितंबर से मानस पाठ की शुरूआत होगी मौके पर श्रद्धालुओं ने कहा कि एकम से लेकर नवमी तक लोग अपने-अपने घरों में अनुष्ठान कर मां भगवती का आह्वान करते है। जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का माहौल बना रहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की उन्नति के लिए शक्ति का उपासना आवश्यक है। मौके पर मुख्य रूप से नपं अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, प्रकाश लाल अग्रवाल, लोकनाथ केशरी,नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, रामेश्वर राम, वार्ड पार्षद सह महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद गुप्ता, पप्पू कुमार, श्रवण अग्रवाल, कामख्या नारायण सिंह, उदयनाथ विश्वकर्मा, सूरज प्रसाद गुप्ता, राकेश तिवारी, कल्लू, पप्पू, संतोष गुप्ता, उदय सोनी, राजकुमार कश्यप समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

एएनएम जीएनएम परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड रांची द्वारा नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2022 संपन्न हुई। मेदिनीनगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर को केंद्र बनाया गया। इस केंद्र पर कुल 720 परीक्षार्थी थे, जिसमें 680 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस केंद्र पर परीक्षार्थियों को समयानुसार निरीक्षण के पश्चात प्रवेश देकर परीक्षा शुरू करायी गई। इलेक्ट्रॉनिक गजट एवं अन्य किसी भी सामग्री की मनाही के साथ परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश किये। महिला परीक्षार्थियों को शिक्षिकाओं ने जांच की। इस केंद्र पर मजिस्ट्रेट के रूप में श्री प्रकाश कुमार खलखो, जिला कृषि अभियंता पलामू एवं हवलदार कांस्टेबल अंबिका राम सुरक्षा दल के साथ उपस्थित थे। केंद्र अधीक्षक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने इन सभी महानुभावों के साथ कक्षा कक्षों का निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा का वातावरण बनाया। उप केंद्र अधीक्षक के रूप में नितिन कुमार एवं अंजनी कुमार भारद्वाज उपस्थित थे। सभी कक्षाओं में दो वीक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने इस परीक्षा के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर पलामू जिला प्रशासन, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों को धन्यवाद कहा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे सेवापखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एकात्म मानववाद के प्रणेता महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर मेदिनीनगर ग्रामीण मंडल के बूथ संख्या 221 के पास सिंगरा शिव मंदिर परिसर में उनकी जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सौरभ पांडे, युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल के महामंत्री सह बूथ अध्यक्ष शिवम सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह मनाया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद भाजपा की ओर से रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा के आवास परिसर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह,संतोष सिंह आदि ने उनके तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। भाजपा नेताओं के द्वारा उनके जीवन मूल्यों पर प्रकश डालते हुए पद चिन्हों पर चलने व गुणों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। मौके पर रामेश्वर राम, भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंह, राजेश कर्ण आदि मौजूद थे। वही भाजपा उरद्वार मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अखंड भारत की कल्पना की थी। केंद्र की भाजपा सरकार बीमा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अंत्योदय योजना, किसान बीमा योजना व आवास योजना को चालू कर पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, रामलाल विश्वकर्मा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष उदय सिंह, वयोवृद्ध नेता बीरबल यादव, पिछड़ा लल्लन यादव, बैरांव पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंद्र विश्वकर्मा, डोमन राम, फिरंगी राम, लल्लू विश्वकर्मा, हरेंद्र साव, मोहन राम, प्रवेश विश्वकर्मा, जुगा राम, विजय राम, सिकंदर पासवान, जक्शन विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा, नारायण साहू के साथ सभी बूथ अध्यक्ष गण, सदस्य गण तथा काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं जयंती मनायी

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। एकात्म मानववाद के संस्थापक कुशल विचारक पत्रकार चिंतक जनसंघ के बहुत बड़े नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पोची बूथ संख्य 328,329 पर मनायी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे साथ ही साथ मन की बात को भी सुना गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा में हुआ था। वह जनसघ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ स्थापना की और भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी ।मन की बात सुनने में वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म तिथि के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा,पंचायत समिति सदस्य अशोक राम, रंजीत कुमार राम, कुलदीप शर्मा, सत्या सोनी, राजदेव भूईया,उदय सोनी, अजीत कुमार सोनी, सुधीर कुमार ठाकुर, प्रीतम कुमार सोनी, अनुज कुमार ठाकुर,दीपू ठाकुर, शैलेश उपाध्याय सहित कई लोग मौजूद थे।

विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू के कुलपति का किया घेराव

14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में सामान्य छात्रों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विद्यार्थी परिषद के द्वारा पलामू जिला संयोजक अभय वर्मा के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं समस्त अधिकारियों का घेराव किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में 69 लाख रुपये की राशि खर्च की जानी है। मदवार इसका लेखा जोखा सार्वजनिक किया जाये ताकि कार्यक्रम पारदर्शिता बना रहे। आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के आयोजन मे सामान्य छात्रों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाये। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में चल रहे शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की आपसी मनमुटाव की वजह से सामान्य छात्रों की परेशानी और भी बढ़ती जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन अबिलंब संज्ञान लें एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसे अविलंब ठीक करें। स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों का रिजल्ट शीघ्र अति शीघ्र प्रकाशित किया जाएये ताकि अंतिम वर्ष के छात्र आसानी से एवं ससमय प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकें। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कार्यप्रणाली में आवश्यक रूप से सुधार करें एवं दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए छात्रों के पैसे का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित करें। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता साथ ही दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता छात्रों के पैसे का दोहन है। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन संज्ञान में लेकर अनावश्यक पैसे का दोहन करना बंद करें।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे, जिला संयोजक अभय वर्मा, जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक,प्रकाश पांडे, उत्कर्ष तिवारी, रंजन सिंह,दीपक, मिथिलेश दीक्षित, राजन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व महान था : डॉ एसबीपी मेहता

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर बूथ संख्या 219 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सगालिम, पांकी में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उनके महान व्यक्तित्व और जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने भाजपा कार्यकताओं और क्षेत्र की जनता के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मन की बात कार्यक्रमश को सुना। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का महान व्यक्तित्व, जीवन और शिक्षाएं हम सभी के लिए अनुकरणीय है। केंद्र सरकार की वित्तीय समावेशन की योजना आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है तो वह पंडित जी के अंत्योदय का ही उदाहरण है। डां मेहता ने कहा कि पं.दीनदयाल जी के विचारों का ही प्रभाव है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ह्यदीनदयाल अंत्योदय योजनाह्न की शुरूआत की जो आज ग्रामीण भारत की एक नई क्रांति बन चुकी है। पंडित जी का उद्देश्य ऐसे राजनीतिक कार्यकताओं की एक नई श्रेणी तैयार करना था जिसका एक स्वतंत्र चिंतन हो, राष्ट्रभक्ति से प्रेरित हो और राष्ट्र-समाज को समर्पित हो। उन्होंने अपनी पूरी शक्ति संगठन को वैचारिक अधिष्ठान देने, कार्यकर्ता के निर्माण और संगठन के विस्तार में लगा दी। आज संघ और भाजपा जिस मुकाम पर है उस विचार की नींव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने ही डाली थी। मौके पर विजय सिंह,पप्पू सिंह,प्रो. बच्चन ठाकुर, प्रसिद्ध सिंह,पप्पू जी,प्रमोद सिंह,पिंटू गुप्ता,गुड्डू, विजय सिंह,सुनैन राम,अजीत कुमार, सरोज चटर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन आज

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में 5 सूत्री मांगों को लेकर न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन का आयोजन 25 सितंबर को हरिहरगंज में होगा। इसकी जानकारी शनिवार को कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने देते हुए कहा कि एनएच 98 हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के विस्थापितों पर जुल्म करना बंद करें, हरिहरगंज के प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय सिंह को शीघ्र निलंबन करने, कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर हमले में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, बिहार बिहारनी मठ हरिहरगंज के जमीन को लेकर निर्दोष व्यवसायियों एवं जनता के ऊपर दायर फर्जी मुकदमे शीघ्र वापस लेने, सुजीत मेहता के हत्यारों को औरंगाबाद पुलिस शीघ्र गिरफ्तार करने को लेकर हरिहरगंज में न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने झारखंड बिहार के शोषित पीड़ित लोगों से आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन सह न्याय मार्च में शामिल होने की अपील की है।

स्पोर्ट्स

शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

ओसेजिक (क्रोएशिया) (आजाद सिपाही)। शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में इटली को 6-4 से मात दी। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के लिए अमरीका को शूटऑफ में 2-0 से हराया था जबकि इटली की टीम क्वालीफिकेशन राउंड में 206 पॉइंट के साथ पहले स्थान

पर रही थी। स्वर्ण पदक मुकाबले में भी इमैनुअल एजी, गियरमाकर बारलेता और एडोआडर एंतोनिओली की टीम ने 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने अगले तीन मुकाबले 13-12, 15-14 और 14-12 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि पांच शॉट के एक राउंड में बेहतर स्कोर वाली टीम को दो अंक दिए गए। भारतीय टीम के नायक आर्य वंश रहे जिन्होंने मैच के दौरान 25 में 24 शॉट सही लगाए। इसके अलावा शार्दुल ने 22 और शपथ ने 21 बार सही निशाना लगाया। इसी बीच, सबीरा हारिस, प्रीति रजक और आद्या त्रिपाठी की भारतीय टीम ने 172 अंकों के साथ प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया।

झूलन गोस्वामी के संन्यास पर बोले गांगुली: एक युग का अंत हो गया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने झूलन गोस्वामी के दो दशक तक चले लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को ह्यादगार' करार देते हुए रविवार को कहा कि महिला क्रिकेट की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के संन्यास के साथ ही एक युग का अंत हो गया। झूलन (39 वर्ष) ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला समाप्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला में क्लीनस्वीप करके इस दिग्गज तेज गेंदबाज को शानदार विदाई दी। झूलन ने 2002 में भारत की तरफ से पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर में 12 टेस्ट, 204 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले। इन सभी में मिलकर उन्होंने 355 विकेट लिए। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यझूलन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के साथ ही एक युग का अंत हो गया। उन्होंने बहुत गर्व के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया और हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरी उत्कृष्टता के साथ भारतीय क्रिकेट की सेवा की।' उन्होंने कहा, वह भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुआ थी और उनकी उपलब्धियां वर्तमान और भावी क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी। खेल में उनका योगदान यादगार रहा। मैदान पर जहां उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति की कमी खलेगी वहीं उनकी उपलब्धियां भावी क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी। झूलन ने अपने करियर में पांच वनडे विश्वकप (2005, 2009, 2013, 2017 और 2022) में भाग लिया तथा वह महिला विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। वह महिला क्रिकेट में 250 से अधिक वनडे विकेट लेने वाली एकमात्र तेज गेंदबाज हैं। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने कहा, झूलन गोस्वामी इस खेल को खेलने वाली सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने बेजोड़ गेंदबाजी कौशल से कई वर्षों तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की तथा उनकी उपलब्धियां देश की तरफ से शीर्ष स्तर पर खेलने की इच्छा रखने वाली क्रिकेटरों के लिए मानदंड बनी रहेंगी। मैं उन्हें जिंदगी की नई पारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने भी अपने विदाई मैच में 30 रन देकर दो विकेट लेने वाली झूलन के क्रिकेट में योगदान को याद किया।

कार्यक्रम : सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना ही शिविर का उद्देश्य

जिला व प्रखंड स्तर के 3.61 लाख लाभुकों को मिला 82 करोड़ रु. से अधिक का लाभ

समाज जितना उन्नत होगा देश उतना ही प्रगति करेगा : पीडीजी

आजाद सिपाही संवाददाता

जिले के विभिन्न प्रखंडों में मेगा शिविर लगाकर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने के साथ ही लाभुकों को जागरूक भी किया गया।

बोकारो। नालसा एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची झालसा के निर्देश पर बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि समय- समय पर इस तरह के शिविर के आयोजन का एक मात्र उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार व सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की जानकारी हो और उसका लाभ उठाकर वह अपने जीवन स्तर को बेहतर कर सके। कहा कि समाज जितना उन्नत होता है, देश उतना ही प्रगति करता है। हम भारत की उन्नति की कल्पना तभी कर सकते हैं जब समाज का अंतिम व्यक्ति हमारे साथ खड़ा हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रखंड स्तर पर इस तरह के शिविर आयोजित कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से योजनाओं का खुद भी लाभ लेने और दूसरों को भी लाभ लेने की जानकारी देने की अपील की। दूसरी ओर, जिला स्तरीय मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) अंतर्गत सखी मंडलों को पलाश मार्ट के लाभुकों, पशुपालन विभाग अंतर्गत आने वाले लाभक और मनरेगा अन्तर्गत दीदी बाड़ी योजना के लाभुकों व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना आदि लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान जिला एवं प्रखंड स्तरीय शिविरों में कुल तीन लाख 60 हजार 830 लाभुकों के बीच 82 करोड़ आठ लाख, 31 हजार 462 रुपए का लाभ दिया गया।

विभिन्न स्टालों का किया निरीक्षण

इस मौके पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाएं गए स्टालों का प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए के अध्यक्ष कुमारी रंजना (स्वास्थ्य), डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी सह डीएलएसए सदस्य चंदन झा, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह आदि ने निरीक्षण किया। सभी स्टालों पर संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली और आहर्ता पूर्ण करने वाले ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। इस मौके पर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी/कर्मी, न्यायिक पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन डीएलएसए सचिव निभा रंजना लकड़ा और चास बीडीओ मिथिलेश कुमार ने किया।

सभी प्रखंडों में हुआ शिविर का आयोजन

जिले के सभी प्रखंडों चंदनकियारी, बेरमो, जरीडीह, पेटरवार, कसमार, नावाडीह, चंद्रपुरा, गोमिया प्रखंड मुख्यालयों में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जहां लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक एवं योजनाओं से जोड़ा गया। संबंधित प्रखंडों के बीडीओ/सीओ द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

टाटा 6/7 पिट्स कोलियरी के राकोमयू शाखा सचिव ने चुनाव पर्यवेक्षक पर लगाये गंभीर आरोप

जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील झरिया डिवीजन अंतर्गत जामाडोबा 6/7 पिट्स कोलियरी के राकोमयू शाखा सचिव एस जिया अहमद ने रविवार को मजदूरों के साथ बैठक कर चुनाव पर्यवेक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि जामाडोबा साख सहयोग समिति के सुपरसीड के बाद बिना चुनाव कराए ही चुनाव पर्यवेक्षक कार्तिक उरांव व मनोज सिन्हा द्वारा तटस्थ समिति का सचिव धर्मवीर यादव को बना दिया गया, जो नियम के विरुद्ध है। जिसके बाद धर्मवीर ने अपने अनुसार नई कमेटी भी बना ली जिसकी जानकारी तटस्थ कमेटी के अध्यक्ष राजकिशोर, कोषाध्यक्ष गनोरी पासवान को भी नहीं है। वहीं, मो अहमद ने बताया कि समिति में 250 सदस्य है। तीन वर्षों के दौरान न ही समिति की कभी बैठक हुई और न ही उनके समक्ष लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। जिससे लाखों की हेराफेरी का अंदेशा है। इस मौके पर फौजदार साव, सुजीत तिवारी भी मौजूद थे। वहीं मामले को लेकर नव निर्वाचित सचिव धर्मवीर यादव ने कहा कि नामांकन के दिन जिसने फॉर्म भरा था उन्हीं का चयन हुआ है जिसकी वीडियोग्राफी मौजूद है। सोमवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा से टीम मिलकर स्थिति स्पष्ट करेगी।

केंद्र की भाजपा सरकार पंडित जी के सपनों को कर रही साकार : द्वारिका

बोकारो (आजाद सिपाही)। स्वर्गीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर रविवार को भाजपा माराफारी मंडल की ओर से जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल के निर्वतमान अध्यक्ष द्वारिका नाथ सिंह मुन्ना ने की। पार्टी की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंडल के बूथों पर नेताओं ने सभी शक्ति केंद्रों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। बोकारो भाजपा जिले के पूर्व उपाध्यक्ष वीर भद्र प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर पंडित जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि पंडित जी का जीवन संगठन को सशक्त बनाने और उनके सिद्धांत एकात्म मानववाद आज पूरे जगत के लिए अनुकरणीय बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पंडित जी के सपनों को साकार कर रही है। इस मौके पर महामंत्री धनजय चौबे, जंग बहादुर चौरसिया, उपाध्यक्ष रामाधार सिंह यादव, कामेश्वर सिंह, संजय शर्मा, कृष्ण कुमार हरिजन, लालन सिंह, संतोष झा, कंचन गोस्वामी, संजू देवी, शिल्पी देवी, कामेश्वर चौधरी, हरे राम तिवारी, हरि नारायण सिंह, नवल सोनी और सांसद प्रतिनिधि विद्या सागर सिंह आदि उपस्थित थे।

महुदा में रेलवे लाइन से मिला एक युवक का क्षतविक्षत शव

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। महुदा-चंद्रपुरा रेलवे लाइन के मुचिरायडीह रेलवे फाटक के पोल संख्या 338 के समीप एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान दीपबंधु प्रामाणिक (36) के रूप में हुई है। वह मेघालय के 64, मेलीकोना साऊथ बाघमारा गारो हिल्स का रहने वाला था। खबर पाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के अलावा रेल पुलिस भी पहुंच गई। रेल पुलिस ने घटनास्थल के समीप झाड़ियों से मृतक का बैग बरामद किया। जिसमें रखें दस्तावेजों से शव की पहचान हुई। रेल पुलिस व स्थानीय प्रशासन की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज चल रहा था। इलाज के लिए ही मृतक कोलकाता आया था। इसी बीच यह घटना घटी हैं।

उक्त जानकारी मृतक के परिजनों से मिली। उधर, मृतक के बैग में रखें दस्तावेजों में मिले फोन नंबर से पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर परिजनों ने शव की पहचान की। परिजन शव को लेने मेघालय से धनबाद के लिये रवाना हो चुके हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत मानव श्रृंखला बनाकर सांसद और विधायक ने लोगों को किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रविवार को धनबाद नगर निगम की ओर से तालाब साफ सफाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जन सहभागिता के रूप में विशेष तौर पर युवा वर्ग को सम्मिलित कर साफ सफाई के प्रति जागरूकता एवं इसे अपने जीवन शैली में लाने के लिए अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद के सांसद पीएन सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह झरिया राजा तालाब पहुंचे। सांसद व विधायक ने इस दौरान पौधारोपण किया। इसके बाद नगर निगम के सफाई कर्मी एवं अधिकारियों के साथ पैदल नगर भ्रमण कर राजा तालाब पहुंचे। इसके बाद तालाब में उतरकर विधायक ने कचरे की साफ-सफाई कर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया। स्किल डेवलपमेंट की लड़कियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य गीत की प्रस्तुति दी।

लोग जागरूक बनें, साफ सफाई से स्वच्छ रहेगा राजा तालाब : पूर्णिमा सिंह

विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि सभी झरिया वासियों को सफाई के प्रति जागरूक होना होगा। राजा तालाब की देखरेख हर एक झरियावासी को करनी होगी। इस दौरान लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। कहा कि जल्द ही राजा तालाब में बोटिंग व मछली पालन शुरू किया जाएगा जिससे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। यह मिशन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज कुमार सिंह, राम कृष्णा पाठक, बबलू सिंह, राजेश सिंह, नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, सांसद के साथ राजकुमार अग्रवाल, शैलेश सिंह, अरुण साहू, श्रवण राम, सुमन अग्रवाल, अरविंदम बनर्जी, शिबू अग्रवाल, राज माली थे। नगर निगम के सहायक अमित कुमार नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, कंचन भदोरिया, कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद अनीस, नगर प्रबंधक कुणाल कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश,रजनीश लाल, नगर मिशन प्रबंधक चंद्रशेखर कुमार, नगर निगम के स्वच्छता पर्यवेक्षक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्किल डेवलपमेंट की लड़कियां एवं सफाई कर्मी उपस्थित थे।

पीएन के अभियान में बने सहभागी : सांसद

धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में सफाई के लिए जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। समुद्र से लेकर जल थल सभी जगह सफाई अभियान चल रहा है। पूरे भारत को विशेषकर प्लास्टिक मुक्त वातावरण करना है।

बम-गोली चलवाकर रंगदारी वसूलना चाहते हैं विधायक ढुल्लू महतो : कन्हाई

कतरास (आजाद सिपाही)। कोयला उठाव को लेकर बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी में उत्पन्न विवाद के बाद सिंडीकेट समर्थक व सिंडीकेट विरोधी गुट के बीच आरोप प्रत्यारोपण का दौर शुरू हो गया है। रविवार को सिंडीकेट विरोधी गुट के डीओ होल्डर कन्हाई चौहान व उन्के समर्थक मजदूर वर्ग व अन्य लोगों ने शताब्दी कोलडंप मे आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक जिस व्यक्ती का फोटो और वीडियो जारी किये हैं वो व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि बाघमारा विधायक का खासम खास कपिल यादव है। कहा कि घटनाक्रम के समय के कुछ देर पहले और बाद के समय तक का सीसीटीवी फुटेज जांच कर लिया जाए। मैं और उमेश चौहान कहां थे। नागेंद्र प्रजापति की शिकायत पर पुलिस ने जो मामला दर्ज किया है उसमें से अधिक लड़के कॉलेज अस्पताल व झारखंड राज्य से बाहर थे। जिनका मेडिकल जांच रिपोर्ट, रेल्वे का टिकट व अन्य जरूरी कागजात बाघमारा डीएसपी व बरोरा पुलिस को उपलब्ध करायी गई है। सब कुछ जांच पड़ताल से साफ पता चल जाएगा की नागेंद्र प्रजापति ने झूठा केस दर्ज करवाया है। कहा कि कन्हाई चौहान किसी कीमत पर विधायक ढुल्लू महतो को एक हजार रुपए प्रति टन रंगदारी नहीं देगा। आरोप लगाया कि डीओ धारक विधायक के सिंडीकेट के लिए काम करते है और विधायक चाहते है कि मुराईडीह मे केवल लिंकेज का कोयला उठाव कार्य हो ताकि रंगदारी प्राप्त होता रहे।

जेलगोडा अतिथिगृह में जन जागृति सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जोड़ापोखर। भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के बैनर तले रविवार को जेलगोड़ा अतिथि गृह सभागार में जन जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शंभु पासवान व संचालन उपेंद्र पासवान ने किया। शिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति पूरी तरह फेल है। सरकार जिस आंगनबाड़ी के भरोसे नई शिक्षा नीति को लाना चाह रही है वह आंगनबाड़ी अभी तक दुरुस्त नहीं है। कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश संयोजक पिंटू तुरी ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण नीति को समाप्त करने के लिए निजीकरण कर रही है। समेलन में निर्णय लिया गया कि आरएसएस के मुख्यालय नागपुर का बामसेफ की ओर से छह अक्टूबर को घेराव किया जाएगा। इस मौके पर दुलारी देवी, शिव बालक पासवान, संतोष दास, गोपाल रजक, सुजीत पासवान और रणधीर पासवान आदि शामिल थे।

झारखंड ई रिक्शा टोटो संघ की झरिया मंडल कमेटी का गठन

झरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड ई रिक्सा टोटो संघ झरिया मंडल का रविवार को गठन किया गया। प्रदेश कमेटी की उपस्थिति में कमेटी गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव व वशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता सह संरक्षण संतोष कुशवाहा, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजेश राम,प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि साव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निरज कुमार उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से झरिया मंडल का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें झरिया मंडल अध्यक्ष की कमान अजीत कुमार और सचिव धर्मराज शर्मा को बनाया गया। कमेटी में कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं संरक्षण अवध किशोर को बनाया गया। वहीं एक माह के अन्दर पुरे कमिटि का विस्तार कर प्रदेश कमिटी को सौपने का निर्देश जारी किया गया।

जमीन अधिग्रहण को लेकर पूर्व विधायक ने रैयतों के साथ की बैठक

रैयतों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो नहीं होने देंगे जमीन का अधिग्रहण: योगेंद्र प्रसाद

उचित मुआवजे की मांग को लेकर बैठक करते रैयत व पूर्व विधायक।

आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार/बेरमो। पेटरवार प्रखंड के ग्राम लोपो उपरटोला में भारतमाला परियोजना फोर लाइन के तहत जमीन अधिग्रहण में उचित मुआवजा को लेकर ग्रामीणों की ओर से बैठक की गई। जिसमें पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जमीन अधिग्रहण में मानक के अनुरूप उचित मुआवजा जबतक नहीं मिलता तबतक इसका विरोध किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मुखिया कजरु राम महतो, मनोहर मुर्मू, सहदेव महतो, लालदेव महतो, जादू नंदन महतो, मधुसूदन महतो, संतोष महतो, गणेश कुमार, जीतू मांझी, शंकर मांझी, प्रकाश महतो, सुरेंद्र महतो, सुरेश महतो, कपिल महतो, रविंद्र महतो, प्रकाश महतो, मंजू देवी, तारा देवी, पबीता देवी, रेणुका देवी, भुनेश्वरी देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। मेघा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन बेरमो प्रखंड कार्यालय प्रांगण में हुआ। डिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि सब जज बेरमो तेनुघाट राजेश रंजन कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री स्मृति टोपनो, पैनेस लायर प्रमोद कुमार सिंह, सुशिल कुमार सिंह, सीओ मनोज कुमार, बेरमो बीडीओ मधु कुमारी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति महतो, विधायक प्रनिनिधि उत्तम सिंह से संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र दिया दिया गया।न्यायाधीश राजेश रंजन ने कहा कि इस शिविर से लोगों में अपने हक और अधिकार को जानने और जन भावना जागृत होता है। कहा कि सभी शिक्षित बने और अपने बच्चो को भी शिक्षा दे, ताकि अपने हक के लिए लड़ सके। कहा कि समाज के अंतिम व जरुरतमंद लोगों के लिए सरकार कल्याणकारी योजनाएं बनाती है, जिसके योग्य लाभुकों को मिलनी चाहिए। न्यायिक दण्डाधिकारी स्मृति टॉपनो ने कहा कि लोग खुद जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें।

आंचलिक पत्रकारों की आवाज बनेगा जेजेए : शौकत

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद के बैंक मोड़ स्थित लाल कोठी साई अंबे अपार्टमेंट में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन धनबाद जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें धनबाद जिला कमेटी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शौकत खान और संचालन महासचिव पंकज सिन्हा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही जिला कमेटी प्रखंड स्तर का दौरा कर आंचलित पत्रकारों की समस्याओं के लिए प्रखंड स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी। इस दौरान निरसा, झरिया, धनबाद, सिंदरी सहित अन्य क्षेत्रों से कई पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में सर्वसम्मति से पत्रकार राहत कोष बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए सभी सदस्यों द्वारा 50 रुपये प्रति माह सहायता स्वरूप जिला कमेटी में जमा किया जाएगा। बैठक में संतोष साव, मुकेश कुमार सिंह, संजय सिन्हा, मोलोय गोप, सुमन्त कुमार सिन्हा, मधु गोराई, नीलरतन कंजिलाल, अजय कुमार, अभिषेक अग्रवाल, कार्तिक गोस्वामी, मनीष कुमार झा, अमित कुमार, अनिल साव, कृष्ण सिन्हा, संजय सेन, अजिताव विश्वकर्मा, तफाजूल आजाद,सुमित वर्मन,दिलीप मिश्रा आदि मौजूद थे। नई कमेटी में अध्यक्ष शौकत खान, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह,उपाध्यक्ष संजय सिन्हा,महासचिव पंकज कुमार सिन्हा,सचिव राकेश वर्मा आदि हैं।

राष्ट्रपति ने सोआ के प्रतीक दास को दिया 'राष्ट्रीय एनएसएस पुरस्कार'

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक प्रतीक दास ने शनिवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय एनएसएस पुरस्कार प्राप्त किया। श्री दास जिन्हें पहले राज्य में सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक चुना गया था, उनको करोना महामारी के खिलाफ लड़ाई के हिस्से के रूप में कोविड -19 वैक्सीन के बारे में जागरूकता पैदा करने में उनकी असाधारण सेवा के लिए सम्मान के लिए चुना गया था। उनके काम के सम्मान में



श्री दास को एक पदक के साथ एक लाख रुपए प्रदान किया गया ।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद श्री दाश ने कहा कि मुझे यह सम्मान दिए जाने पर मैं बेहद खुश हूं और यह मुझे समाज की और अधिक सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के राज्य मंत्री निसिथ पटनायक, युवा मामलों के सचिव संजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रो (डॉ) अमित बनर्जी सोआ के प्रो-चांसलर और प्रतीक के पिता चित्तरंजन दास भी समारोह में शामिल थे।

धनवार में पं दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती धनवार विधानसभा क्षेत्र के भुधरनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बूथ नंबर 238 तथा धनवार के भाजपा कार्यलय बरजो में धूमधाम से मनायी गयी। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दुहराया। इस क्रम में श्री सिह ने बूथ संख्या 238 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की तसवीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जनसंघ की नींव वर्ष 1951 में रखी तथा 1967 तक जनसंघ के अध्यक्ष का प्रभार भी संभाला।

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था और एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय पर विशेष जोर दिया था। एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय के विचारों के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने आप में एक विचारधारा थे। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही उनका सपना था। मौके पर मंडल महामंत्री श्रीकांत राय, उदय सिंह, नंदलाल साव, इंदु पाठक, संतोष पासवान, श्याम कुमार सिंह, रामचंद्र वर्मा, पप्पू सिंह, भीखन साव, राजू पांडेय, सुधीर तिवारी, दामोदर राय, संजय कुमार यादव, मनोज कुमार राय आदि कई मौजूद थे।

सास में सोआ के संकाय सदस्य सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। डॉ उमेश चंद्र परिड मुख्य अस्पताल प्रशासन विभाग शिक्षा और अनुसंधान संकाय (सोआ) प्रबंधन विज्ञान संकाय और डॉ ऑरोलिपी एसोसिएट प्रोफेसर तथा इंस्टिट्यूट ऑफ चिकित्सा विज्ञान और सम हस्पताल के क्वालिटि विभाग के मुख्य को शनिवार को यहां आयोजित अस्पताल प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया।

एम्स भुवनेश्वर अस्पताल प्रशासन विभाग और रिजोनल चैप्टर ऑफ अस्पताल प्रशासन अकादमी भुवनेश्वर और अकादमी ऑफ अस्पताल प्रशासन नोएडा के क्षेत्रीय अध्यायों के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सेफ सस्टेनेबल हॉस्पिटल्स (सास)-2022 शनिवार से शुरू हो गयी है।

इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और अस्पतालों के 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री नवकिशोर दास उपस्थित थे। डॉ परिडा सास-2022 के संरक्षक थे, जबकि डॉ ऑरोलिपी सम्मेलन की आयोजन समिति के सदस्य थे।

असित त्रिपाठी फिर चुने गये भुवनेश्वर क्लब के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मुख्य सचिव असित त्रिपाठी भुवनेश्वर क्लब के अध्यक्ष चुने गये। पूर्व मुख्य प्रशासनिक सचिव असित त्रिपाठी लगातार दूसरी बार भुवनेश्वर क्लब के अध्यक्ष चुने गये हैं। उन्हें 81.5 फीसदी वोट मिले उनके साथ उनके पैनल ने भी जीत हासिल की है।

इसी तरह वरिष्ठ प्रशासक दिलिप राउतराय को संपादक और अशोक मिश्र को संयुक्त संपादक चुना गया है। अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद असित त्रिपाठी ने कहा कि हमारी टीम को पिछले

साल क्लब के विकास कार्यों के लिए वोट दिया गया है। संपादक चुने गये आइएएस अधिकारी फिलिप राउतराय ने कहा कि यह हमारे अध्यक्ष की जीत है। भुवनेश्वर क्लब के संपादक ने कहा कि पिछले एक साल में क्लब का आंतरिक विकास, क्लब का परिवर्तन हुआ है।

एनटीपीसी कोयला खनन में हिंदी पखवाड़ा-भाषण प्रतियोगिता हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हिंदी पखवाड़ा के तहत इसके कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों (महिलाओं और बच्चों) के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयंसिद्ध महिला क्लब के सदस्यों के लिए भारत में महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। सुनील सिंह बादल, वयोवृद्ध पत्रकार सह लेखक और के श्रीनिवास मूर्ति,

महाप्रबंधक एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची प्रतियोगिता के निर्णायक थे। इस अवसर पर सुनील सिंह बादल ने महात्मा गांधी के अनुसार कहा कि राष्ट्रीय भाषा वह हो सकती है, जो सभी के लिए आसान और सुलभ हो, जो धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में मध्यम भाषा बनने की शक्ति रखती हो, जो बहुसंख्यक समाज द्वारा बोली जाती है, जो पूरे देश की भाषा है। के श्रीनिवास मूर्ति ने सभा को संबोधित करते हुए हिंदी पखवाड़ा के महत्व और संचार की एक आम भाषा के रूप में हिंदी के उपयोग को साझा किया। हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 29 सितंबर को होगा।

पीएम मोदी ने मन की बात में किया ऐलान

शहीद-ए-आजम के नाम पर होगा चंडीगढ़ एयरपोर्ट

भगत सिंह के जन्मदिवस पर 28 सितंबर को होगी घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह के नाम पर ही रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर ही रखा जायेगा। 28 सितंबर को भगत सिंह के जन्मदिन पर इसकी आधिकारिक घोषणा की जायेगी।

चंडीगढ़ एयरपोर्ट के नाम को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच लंबे समय से खींचतान चलती रही है। पंजाब सरकार तर्क देती रही है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए मोहाली की जमीन ली गयी है, इसलिए इसका नाम उसकी मर्जी से रखा जाना चाहिए। दूसरी ओर हरियाणा सरकार दावा करती रही है कि यह एयरपोर्ट

पंचकूला से भी लगता है, इसलिए उसका भी इस पर दावा बनता है। दोनों राज्यों के इन तर्कों के बीच अभी तक एयरपोर्ट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट के नाम से ही पुकारा जाता रहा है।

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT IMPLANT FIXED TEETH
COMPLETE DENTURE ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL
7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat
Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Furnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
ONLY 2 DAYS LEFT
SALE
SUNDAY OPEN
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

प्रभात कंम्प्यूटर®
एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

LOOKING FOR ONE STEP SOLUTIONS FOR EQUIPMENTS AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING
SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"
CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower
Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M
डी.फार्मेसी D.Pharmacy
बी.एड. B.Ed.
बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing
डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP◆BUS & HOSTEL FACILITY ◆CAMPUS PLACEMENT◆WELL EQUIPPED LAB◆ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**